17 दिसंबर, 2024
पौष, कृष्ण पक्ष, द्वितीया
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
मंगलवार, वर्ष 10, अंक 59

* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही



BAR & RESTAURANT
HOTEL & BANQUET
ARGORA CHOWK, OPP. BAJAJ SHOWROOM, RANCHI



FLORENCE
GROUP OF INSTITUTIONS
ADMISSION OPEN
COLLEGE OF NURSING
M.Sc. Nursing
Post Basic B. Sc. Nursing
B.Sc. Nursing
GNM
ANM
BMLT
DMLT
OT ASSISTANT
ECG
OPHTHALMIC ASST.
CRITICAL CARE (ICU)
RADIO-IMAGING
ANESTHESIA TECH.
DRESSERS
COLLEGE OF PHARMACY
D-PHARM
B-PHARM


## आजाद सिपाही का सम्मान समारोह सह एडु-कॉर्प मीट : जोश-जज्बा और संकल्प के संगम में दिखा टीम का उत्साह

# 24 जिलों और अन्य राज्यों के 180 मीडियाकर्मी हुए शामिल

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** स्थान रांची प्रेस क्लब का सभागार। मौका था, महज नौ साल में ही झारखंड की पत्रकारिता में अलग मुकाम हासिल कर चुके आजाद सिपाही के सम्मान समारोह सह एडु-कॉर्प मीट का। इस आयोजन में अखबार के 24 जिलों के ब्यूरो प्रभारी के अलावा शहरों, कस्बों, प्रखंड मुख्यालयों और गांवों में पत्रकारिता का झंडा बुलंद करनेवाले आजाद सिपाही के 180 से अधिक मीडियाकर्मी शामिल हुए। प्रधान संपादक हरिनारायण सिंह के नेतृत्व में आजाद सिपाही की इस टीम की हौसला अफजाई करने के लिए विशिष्ट अतिथि के रूप में सामाजिक कार्यकर्ता सह शिक्षा, कृषि और बागवानी के क्षेत्र में विशिष्ट पहचान रखनेवाले सुरेश साहू, अडाणी इंटरप्राइजेज के एसोसिएट वाइस प्रेसीडेंट संजीव शेखर, वाइबीएन यूनिवर्सिटी के संस्थापक अध्यक्ष रामजी यादव, साईनाथ यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर डॉ एसपी अग्रवाल और झारखंड के अग्रणी कोचिंग संस्थान चैंप्स स्क्वायर के निदेशक मनीष सिन्हा उपस्थित थे। इस आयोजन को उषा मार्टिन यूनिवर्सिटी, झारखंड राय यूनिवर्सिटी, मेधा डेयरी और हिंडाल्को का साथ मिला।




कार्यक्रम के दौरान एक तरफ जहां शिक्षा के क्षेत्र में विशिष्ट पहचान स्थापित कर चुके संस्थानों के प्रमुखों ने आजाद सिपाही की विकास यात्रा को कल्पनातीत बताया, वहीं इस अखबार के साथ मिल कर शिक्षा के क्षेत्र में काम करने की बात कही। कॉरपोरेट जगत से आये संजीव शेखर ने मीडिया, शिक्षा और कॉरपोरेट जगत के समन्वय से एक बेहतर समाज निर्माण की दिशा में कदम बढ़ाने की जरूरत को रेखांकित किया।

समारोह में झारखंड के कोने-कोने से आये आजाद सिपाही से संबद्ध मीडियाकर्मियों को विशिष्ट अतिथियों ने सम्मानित किया और उनके योगदान की सराहना की। प्रधान संपादक हरिनारायण सिंह ने विशिष्ट अतिथियों को सम्मानित किया। मौके पर आजाद सिपाही की प्रकाशक कंपनी लैंडस्केप मीडिया के प्रबंध निदेशक राहुल सिंह, निदेशक राकेश सिंह, महाप्रबंधक पशुपति सिंह, स्थानीय संपादक विनोद कुमार, मार्केटिंग, प्रशासन, लेखा और संपादकीय विभाग के कर्मी और अन्य उपस्थित थे।

(देखे पेज 6 और 7)

## जेएसएससी-सीजीएल परीक्षा रद्द करने की मांग को लेकर रांची में प्रदर्शन

# पुलिस ने किया लाठीचार्ज, कई घायल

- हिरासत में लिये गये छात्र नेता देवेंद्र नाथ महतो

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** जेएसएससी सीजीएल परीक्षा रद्द करने की मांग को लेकर सोमवार को झारखंड कर्मचारी चयन आयोग कार्यालय का घेराव करने जा रहे अभ्यर्थियों को रोकने के लिए पुलिस को बल का प्रयोग करना पड़ा। पुलिस ने लाठी चार्ज किया, जिसमें कई अभ्यर्थी घायल हुए हैं। कुछ देर के लिए रणभूमि में तब्दील नामकुम बाजार में आंदोलनरत अभ्यर्थियों और पुलिस के बीच टकराव हुआ। इस दौरान छात्र नेता देवेंद्र नाथ महतो एवं कुछ अन्य पर पुलिस ने बीच सड़क पर जमकर लाठी भांजी और घसीटते हुए गाड़ी में लादकर थाना ले गयी। राज्य के विभिन्न जिलों से झारखंड कर्मचारी चयन आयोग कार्यालय घेराव करने पहुंचे अभ्यर्थियों को पुलिस ने जबरन यहां से हटाया।



एडीएम लॉ एंड ऑर्डर ने इस कार्रवाई की कमान खुद संभाल रखी थी। साथ ही ग्रामीण एसपी के नेतृत्व में बड़ी संख्या में पुलिस के जवानों की तैनाती की गयी थी। पूर्व घोषित कार्यक्रम के अनुसार अभ्यर्थी दिन के करीब 12 बजे नामकुम बाजार स्थित मैदान पहुंचे, जिसकी भनक प्रशासन को मिली और उसके बाद कार्रवाई का दौर शुरू हुआ।

**क्या है मामला :** झारखंड कर्मचारी चयन आयोग के द्वारा 21 और 22 सितंबर को राज्य भर में सीजीएल परीक्षा 2023 आयोजित की गयी थी, जिसमें प्रश्न पत्र लीक होने के साथ-साथ कई तरह की गड़बड़ियां होने का आरोप लगाते हुए इस परीक्षा को रद्द करने की मांग अभ्यर्थी कर रहे हैं। उनकी मांग को देखते हुए सरकार ने सीआइडी जांच के आदेश दिये हैं, इसके बावजूद अभ्यर्थी मान नहीं रहे हैं। वे इस परीक्षा को रद्द करने के साथ-साथ सीबीआइ जांच की मांग कर रहे हैं।

**डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन शुरू होने से अभ्यर्थी नाराज :** इन सब के बीच झारखंड कर्मचारी चयन आयोग ने सोमवार से इस परीक्षा में चयनित अभ्यर्थियों के डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन का काम शुरू किया है, जिससे आंदोलनरत अभ्यर्थियों की नाराजगी बढ़ गयी है। पुलिस द्वारा की गयी कार्रवाई पर नाराजगी जताते हुए अभ्यर्थियों ने आंदोलन तेज करने की धमकी दी है। उनका कहना था कि जिस जगह पर वे एकत्रित हुए थे, वहां निषेधाज्ञा नहीं लागू थी। प्रशासन के द्वारा जबरन अभ्यर्थियों को हटाया गया। कुछ अभ्यर्थियों को घसीटते हुए पुलिस की गाड़ी में बिठाया गया। पुलिस लाठी चार्ज के कारण से कई अभ्यर्थी गंभीर रूप से घायल हुए हैं। छात्र नेता देवेंद्र महतो को जिस तरह से पुलिस के द्वारा पीटा गया, उससे साफ लगता है कि प्रशासन किस तरह से ज्यादती कर रहा है। इससे आंदोलन कम होने की बजाय और तेज होगा।

### लाठाचार्ज अमानवीय और निंदनीय : मरांडी



रांची (आजाद सिपाही)। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने रांची में झारखंड पुलिस द्वारा किये गये लाठीचार्ज की भर्त्सना की है। मरांडी ने कहा कि जेएसएससी-सीजीएल परीक्षा में गड़बड़ी का विरोध करने वाले अभ्यर्थियों पर लाठीचार्ज की घटना अमानवीय और निंदनीय है। राज्य सरकार लाठी-डंडे से लोकतांत्रिक अधिकारों को कुचलने का प्रयास कर रही है। अभ्यर्थियों के शांतिपूर्ण विरोध का समाधान निकालने की बजाय लाठी और हिंसा के सहारे दमन करने की यह कोशिश मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की बेरोजगारों के प्रति संवेदनहीनता को उजागर करता है। लाठी केवल अभ्यर्थियों पर नहीं चली है, बल्कि यह सरकार से न्याय की उम्मीद पर भी प्रहार है। उन्होंने कहा कि हेमंत जी, अपनी हठधर्मिता और अहंकार त्याग कर आंदोलन करने वाले गरीब, मेहनती अभ्यर्थियों की मांग पर संवेदनापूर्वक विचार करें। वे सीजीएल परीक्षा को अपनी नाक, अपनी प्रतिष्ठा का मुद्दा नहीं बनायें और सीबीआइ जांच की सिफारिश कर गतिरोध समाप्त करें।

# सरकारी तालाब पंचायत के लोगों को ही मिलेगा : शिल्पी नेहा तिर्की

**रांची में औचक निरीक्षण को निकली मंत्री, मछली पार्क की अव्यवस्था देख हुई नाराज**


**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा है कि झारखंड में अब सरकारी तालाब की बंदोबस्ती का दायरा पंचायत स्तर तक ही सीमित रहेगा। पंचायत के अधीन पड़ने वाले सरकारी तालाब में अब उसी पंचायत के लोगों को बोली लगाने और उसके बाद मछली पालन का मौका मिलेगा। अब दूसरे जिले के लोग किसी पंचायत में सरकारी तालाब की बंदोबस्ती में भाग नहीं ले पायेंगे। बहुत जल्द इसको लेकर नियमावली बनायी जायेगी। कृषि मंत्री रांची में औचक निरीक्षण के दौरान बोल रही थीं।



**10 दिन में व्यवस्था सुधारने का आदेश :** मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की सोमवार की शाम को अचानक रांची में औचक निरीक्षण के लिए निकली। इस दौरान उन्होंने डोरंडा स्थित मत्स्य निदेशालय केंद्र मछली पार्क और धुर्वा स्थित मत्स्य अनुसंधान केंद्र पहुंची। वहां की कुव्यवस्था को देख कर वह नाराज हुईं। मछली पार्क में फैली गंदगी, पॉलीथिन के इस्तमाल, आगंतुकों को होने वाली परेशानी को देखते हुए मंत्री ने 10 दिनों के अंदर इसमें सुधार लाने का निर्देश दिया। इस दौरान मंत्री ने उपस्थिति पंजी की भी जांच की। काम के समय में अनुपस्थित रहने वाले कर्मियों को अपने कार्य संस्कृति में सुधार लाने का निर्देश भी दिया।

**तालाबों की ली जानकारी :** कृषि मंत्री ने राज्य भर में सरकारी तालाब का जिलावार आंकड़ा विभागीय अधिकारियों से मांगा है। राज्य में 12 हजार 580 के करीब सरकारी तालाब हैं। जिसमें करीब 1 हजार सरकारी तालाब रांची में हैं। तिर्की ने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया है कि अब ऐसा नियम बनायें जिसमें पंचायत के अधीन पड़ने वाले सरकारी तालाब को उसी पंचायत के कॉपरेटिव सोसाइटी को दिया जा सके। ऐसा करने से स्थानीय स्तर पर लोगों को मछली पालन के साथ जोड़ कर उन्हें रोजगार मुहैया कराया जा सकता है। कॉपरेटिव सोसाइटी के लिए जरूरी 300 लोगों की अनिवार्यता में भी संशोधन करने का निर्देश दिया।


YASH ENTERPRISES
Deals In :
All Types of CP Bath Fitting,
Pumps, Sanitaryware, Pipes & Fitting

J.J Road, Beside, Deepak Trading
Upper Bazar, Ranchi - 01
Mob.: 9835901322, 9709082614


# शहरी सड़कों को सुधारें, पेयजल मुहैया करायें : सुदिव्य कुमार

- नगर विकास मंत्री ने अपने विभाग की समीक्षा की
- रांची में इ-बस और स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था सुदृढ़ की जाये



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** नगर विकास एवं आवास मंत्री सुदिव्य कुमार ने कहा है कि हर हाल में राज्य के सभी शहरों में सड़क की स्थिति सुधारी जाये। सभी शहरियों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जाये। साथ शहर और नदियों को स्वच्छ रखने के लिए सिवरेज सिस्टम और वेस्ट वाटर ट्रीटमेंट प्लांट लगाये जायें। विभाग के समक्ष यह सबसे बड़ा और चुनौती पूर्ण कार्य है। मंत्री ने सोमवार विभागीय योजनाओं की समीक्षा कर रहे थे। समीक्षा बैठक में नगर विकास एवं आवास विभाग के प्रधान सचिव सुनील कुमार ने नगर विकास, रांची स्मार्ट सिटी कॉरपोरेशन, राज्य नगरीय निदेशालय, जुडको, आवास बोर्ड, ग्रेटर रांची डेवलपमेंट प्राधिकार तथा अन्य संबद्ध संस्थानों की योजनाओं के बारे में पीपीटी के माध्यम से बिंदुवार प्रस्तुतिकरण किया।

**राजधानी में सुधार पर ध्यान दें:** सुदिव्य कुमार ने कहा कि सबसे पहले राजधानी को सुधारना है। इसके लिए रांची को एडवांस बनाने की योजनायें बनायी जायें। प्रस्तुतिकरण की समीक्षा के क्रम में मंत्री कुमार ने प्रधान सचिव सहित विभाग के अधिकारियों को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिया। मंत्री ने कहा कि सर्वप्रथम राजधानी रांची को संवारे सुधारें फिर राज्य के अन्य शहरों के विकास पर ध्यान दिया जाये। रांची में इ-बस का प्रावधान हर हाल में किया जाये। रांची में स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था को सुधारा जाय। स्ट्रीट लाइट से संबंधित एक डैश बोर्ड बनाया जाये। इससे स्ट्रीट लाइट के जलने और नहीं जलने की सूचना मिलती रहेगी।

**शिकायतों के निवारण के लिए टोल फ्री नंबर जारी करें:** मंत्री ने आम शहरियों के राहत के लिए सबसे बड़ी बात कही कि हर नगर निकाय में जनशिकायत कोषांग का गठन करते हुए टोल फ्री नंबर जारी किया जाये। शिकायतकर्ता को टोकन उपलब्ध कराया जाये और राइट टू सर्विस (सेवा के अधिकार ) नियम के तहत शिकायतों की आवश्यकता को देखते हुए सभी कार्यों के लिए समय सीमा निर्धाति की जाये।

### सिवरेज सिस्टम का डीपीआर बनवायें

सुदिव्य ने कहा कि सभी 49 नगर निकायों में सिवरेज सिस्टम बनाने के लिए अलग अलग निकायों का नक्शा तैयार कर डीपीआर बनवाया जाये। जैसे जैसे राशि उपलब्ध होगी प्राथमिकता के आधार पर सिवरेज सिस्टम का निर्माण कराया जाये। मंत्री ने प्रधान सचिव सुनील कुमार से कहा कि वर्तमान में अधिकांश शहरों में नालों को गंदा पानी प्रवाहित हो रहा है। स्वच्छ भारत मिशन, अमृत एवं अन्य योजनाओं के सहारे छोटे पैमाने पर प्रस्ताव तैयार कर काम किया जाये।

### सभी मंत्री बंगलों में प्रवेश करेंगे

मंत्री ने कहा कि जल्द ही सभी मंत्री रांची स्मार्ट सिटी में बने मंत्री बंगलों में प्रवेश करेंगे। इसलिए मंत्रियों एवं उनके बंगलों की सुरक्षा के सभी आवश्यक उपाय जल्द किये जायें। मंत्री ने शहरों में आवास उपलब्ध कराने के लिए झारखंड हाउसिंग बोर्ड को तत्परता से योजना बनाने का निर्देश दिया। प्रधान सचिव ने बताया कि रांची, धनबाद, हजारीबाग, देवघर, बोकारो एवं मेदिनीनगर में हाउसिंग कालोनी बनायी जानी है, इसके लिए जिलों के उपायुक्तों को पत्र लिख दिया गया है।

### तोपचांची झील का सौदर्यीकरण हो

मंत्री ने कहा कि तोपचांची झील राज्य का प्रमुख पर्यटन केंद्र है। वहां मध्यम वर्ग के अधिक पर्यटक आते हैं। ऐसे पर्यटकों को ध्यान में रखते हुए सौंदर्यीकरण की योजना तैयार की जाये। योजना से संबंधित डीपीआर उन्हें उपलब्ध कराया जाये। वे पर्यटन विभाग से राशि उपलब्ध करा देंगे। गेस्ट हाउस, रेस्टोरेंट और पर्यटन से संबंधित आधारभूत संरचना तोपचांची झील के लिए बनायी जाये। मंत्री ने सभी नगर निकायों में मानव संसाधन के बारे में भी जानकारी ली। कहा कि मानव संसाधन के कारण किसी भी नगर निकाय का काम प्रभावित नहीं होना चाहिए। रिक्तियों की सूचना विभाग को उपलब्ध करायी जाये ताकि नियुक्तियां की जा सकें।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
194000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

सर्राफा
सोना (बिक्री) 71,800 रु./10 ग्राम
चांदी 92,000 रु./प्रति किलो



## 'भाजपा के बहकावे में नहीं आयें जेएसएससी कैंडिडेट'

# परीक्षा में गडबड़ी की जांच करने में सीआइडी सक्षम : कांग्रेस

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** प्रदेश कांग्रेस विधायक दल उप नेता राजेश कच्छप ने सोमवार को कहा कि हमारी सरकार ने भाजपा के कुशासन में हुए कार्यों को पाटने का कार्य किया है। चाहे जेपीएससी का मामला हो, रोजगार का हो, भाजपा की सरकार ने कभी रोजगार उपलब्ध कराने की दिशा में काम नहीं किया। प्रदेश कार्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन्होंने भाजपा को निशाने पर लेते कहा कि उसके शासन में जितनी भी नियुक्तियां हुईं, सभी न्यायालय में लंबित नजर आती हैं। सभी विवाद में पड़ी हैं। सीजीएल मामले में मुख्यमंत्री ने कहा है कि अगर कदाचार हुआ है तो प्रमाण भी देना चाहिए, सिर्फ अभियान नहीं चलाना चाहिए। सीआइडी जांच करने का फैसला सरकार के स्तर से लिया गया है। अभी हम विभिन्न क्षेत्रों के खाली पदों को भरने जा रहे हैं। छात्रों से अनुरोध है कि वे बहकावे में नहीं आयें। छात्रों, युवाओं का भविष्य इस सरकार में सुरक्षित है, भाजपा के बहकावे में नहीं आयें। सीबीआइ जांच के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि हमें अपनी जांच एजेंसियों पर पूरा भरोसा है। एनएच जाम होने से रोकने के लिए छात्रों को हटाया गया। आंदोलन शांतिपूर्ण नहीं था, बल्कि छात्र बहकावे में उग्र हो रहे थे। मौके पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप




बालमुचू, पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष शहजादा अनवर, मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा के अलावा सतीश पॉल मुजनी, सोनाल शांति सहित अन्य भी उपस्थित थे।

### मणिपुर मुद्दे पर केंद्र चुप : केशव

मौके पर केशव महतो कमलेश ने कहा कि मणिपुर निरंतर हिंसा गोलीबारी कर्फ्यू और अराजकता के अभूतपुर्व संकट का सामना कर रहा है। यहां के नागरिक अनिश्चित भविष्य का सामना कर रहे हैं। मणिपुर मुद्दे पर केंद्र और राज्य सरकार की चुप्पी, एक चिंताजनक संकेत है। प्रधानमंत्री द्वारा अभी तक मणिपुर का दौरा नहीं करना भी हैरानी की बात है। इन मुद्दों पर देशव्यापी आंदोलन का आह्वान आंद्रे कांग्रेस द्वारा किया गया है।

इसी क्रम में शहीद स्थल रांची से राजभवन तक राजभवन मार्च का आयोजन किया जायेगा। कांग्रेस के आगामी कार्यक्रमों की भी घोषणा करते कहा कि चुनावी समीक्षा तथा कार्यकर्ताओं का आभार जताने हेतु 21 दिसंबर को आभार समागम का आयोजन किया गया है। महात्मा गांधी के कांग्रेस अध्यक्ष निर्वाचित होने के 100 वर्ष पूर्ण होने पर 26 दिसंबर को प्रखंड से लेकर प्रदेश स्तर तक गांधीजी के विचारों को प्रचारित प्रसारित करने हेतु कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। प्रदेश कार्यालय में गांधीजी से जुड़े तथ्यों की प्रदर्शनी लगायी जायेगी। कांग्रेस स्थापना दिवस के अवसर पर 28 दिसंबर को कार्यक्रमों के आयोजन हेतु जिला अध्यक्षों को निर्देश दिया गया है। राज भवन मार्च हेतु तैयारी लगभग पूर्ण हो गयी है। गांधीजी के अध्यक्ष के कार्यकाल के शताब्दी समारोह के अवसर पर 27 दिसंबर को बेलगाम में रैली का आयोजन किया गया है, जिसमें सभी सांसद, कार्य समिति सदस्य, प्रदेश अध्यक्ष, विधायक दल नेता एआइसीसी डेलीगेट शामिल होंगे।

### सरकार रोजगार देने के लिए कटिबद्ध

सीजीएल मुद्दे पर उन्होंने कहा कि हमारी सरकार छात्रों, युवाओं के लिए चिंतित रहती है। मुख्यमंत्री ने सीआइडी जांच के आदेश दे दिये हैं, छात्रों को ज्यादा उग्र होने की आवश्यकता नहीं है। सरकार उनको रोजगार देना चाहती है, ऐसी परिस्थितियों में वार्ता के माध्यम से सारी बातों को सुलझाया जा सकता है। सरकार रोजगार देने के लिए कटिबद्ध है। इस मामले में हम सब बहुत संवेदनशील हैं। मौके पर प्रदीप बालमुचू ने कहा कि इस परीक्षा के मामले में सरकार शुरू से संवेदनशील है। छात्रों को भविष्य की चिंता करनी चाहिए। सरकार पूरी संजीदगी से छात्रों, युवाओं के लिए फिक्रमंद है।

# झामुमो के केंद्रीय महासचिव विजय सिंह का निधन

## स्पीकर, सीएम हेमंत, कल्पना सोरेन ने जताया शोक

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय महासचिव, पार्टी के वरिष्ठ नेता और झारखंड आंदोलनकारी रहे विजय सिंह का निधन हो गया है। इस पर स्पीकर रवींद्रनाथ महतो, सीएम हेमंत सोरेन, विधायक कल्पना सोरेन, पूर्व विधायक कुणाल षाडंगी, झामुमो के शीर्ष लीडर सहित सामाजिक संगठनों से जुड़े लोगों ने भी शोक जताया है। हेमंत ने अपने शोक संदेश में कहा है कि बाबा के आंदोलन के साथी, वरिष्ठ अधिवक्ता, झामुमो परिवार के स्तंभ और अभिभावक स्वरूप विजय सिंह के निधन की खबर से अत्यंत मर्माहत हूं। सौम्य और सरल स्वाभव के धनी विजय सिंह ने झामुमो परिवार और दुमका की जनता की सेवा के लिए अपना पूरा जीवन लगा दिया था। उनका चले जाना मेरे लिए व्यक्तिगत क्षति है।


विजय सिंह। फाइल फोटो





मरांग बुरु दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान कर शोकाकुल परिवार को दुःख की यह घड़ी सहन करने की शक्ति दें। इस दुःख की घड़ी में पूरा झामुमो परिवार शोकाकुल परिवार के साथ खड़ा है। झारखंड विधानसभा स्पीकर रवींद्रनाथ महतो ने भी विजय सिंह के निधन पर गहरा दुःख जाहिर किया है। शोकाकुल परिवारजनों को दुःख की इस विषम घड़ी को सहन करने की शक्ति और साहस देने की कामना भगवान से की है। विधायक कल्पना ने भी उन्हें अभिभावक समान बताते हुए कहा है कि विजय सिंह के निधन की खबर हम सभी के लिए गहरी पीड़ा और अपूरणीय क्षति लेकर आयी है। ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें और शोक संतप्त परिवार को दुःख सहने की शक्ति दें। झारखंड मुक्ति मोर्चा उनके योगदान और आदर्शों को सदैव स्मरण करता रहेगा।

कुणाल षाडंगी ने अपने शोक संदेश में कहा है कि झारखंड आंदोलन के अग्रणी योद्धा विजय सिंह का निधन पार्टी और हम सबों के लिए एक बड़ी क्षति है। दुमका में झामुमो के स्थापना दिवस कार्यक्रमों के दौरान कई बार उनसे मिलने और आंदोलन के इतिहास को समझने का मौका मिला। ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति दें और परिजनों को दुःख सहने की शक्ति दें।

# सीएम हेमंत सोरेन को हाइकोर्ट से राहत बरकरार

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** प्रवर्तन निदेशालय (इडी) के समन की अवहेलना मामले में सीएम हेमंत सोरेन को झारखंड हाइकोर्ट से मिली राहत अगली सुनवाई तक बरकरार रहेगी। जस्टिस अनिल कुमार चौधरी की अदालत ने मामले में इडी को शपथ पत्र के माध्यम से जवाब दायर करने को कहा है। मामले की अगली सुनवाई 16 जनवरी को निर्धारित की गयी है।

### इडी के समन की अवहेलना का है मामला

सुनवाई के दौरान मुख्यमंत्री के अधिवक्ता ने अदालत से पूर्व में दिये गये अंतरिम राहत को अगले आदेश तक बढ़ाने की मांग की। उनके आग्रह को स्वीकार करते हुए अदालत ने पूर्व में दिये गये अंतरिम राहत को अगले आदेश तक के लिए बढ़ा दिया है। मुख्यमंत्री को हाइकोर्ट से 16 जनवरी तक राहत मिली है। अदालत ने मामले में इडी से जवाब तलब किया है। सीएम हेमंत सोरेन को 16 जनवरी तक के लिए एमपी-एमएलए की अदालत में व्यक्तिगत उपस्थिति से छूट दी गयी है। सीएम की ओर से अधिवक्ता पीयूष चित्रेश और दीपांकर राय ने न्यायाधीश अनिल कुमार चौधरी की अदालत में पक्ष रखा।

बता दें कि इडी की ओर से 19 फरवरी को हेमंत सोरेन के खिलाफ सीजेएम कोर्ट में शिकायत वाद दर्ज कराया गया था। ईडी की दलील थी कि जमीन घोटाला मामले में पूछताछ के लिए हेमंत सोरेन को 10 बार समन जारी किये गये थे, लेकिन वे सिर्फ 8वें समन पर 20 जनवरी को और 10वें समन पर 31 जनवरी को एजेंसी के सामने पूछताछ के लिए आये थे। शेष आठ समन की अवहेलना की गयी थी।

## कोर्ट के स्वतः संज्ञान की सुनवाई झारखंड हाइकोर्ट में हुई

# डायन बिसाही के आरोप से प्रताड़ित महिलाएं 181 नंबर पर डायल कर ले सकती हैं मदद

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** राज्य में डायन बिसाही को लेकर हत्या एवं मारपीट की बढ़ती घटनाओं को लेकर कोर्ट के स्वतः संज्ञान की सुनवाई सोमवार को झारखंड हाइकोर्ट में हुई। मामले में कोर्ट के आदेश के आलोक में राज्य सरकार की ओर से शपथ पत्र दाखिल किया गया। हाइकोर्ट की खंडपीठ को बताया गया कि पहले महिला हेल्पलाइन नंबर 181 सिर्फ एक मोबाइल नेटवर्क से लगता था, अन्य मोबाइल नेटवर्क से लगाने से दूसरे राज्य में नंबर लग जाता था। इसे अब ठीक कर लिया गया है, महिला हेल्पलाइन नंबर 181 अब सभी मोबाइल नेटवर्क से काम कर रहा है। पीड़ित महिलाएं अपनी परेशानी या शिकायत हेल्पलाइन नंबर 181 पर सभी मोबाइल नेटवर्क का इस्तेमाल कर सकती हैं। खंडपीठ को यह भी बताया गया कि गुमला में वर्ष 2021 में




डायन बिसाही मामले में एक ही परिवार के 5 सदस्यों की हत्या कर दी गयी थी। उस परिवार की एक बच्ची बच गयी थी, उसके पुनर्वास के मद में अक्टूबर 2024 तक राशि का भुगतान सरकार की ओर से कर दिया गया है। पहले पीड़ित बच्ची को मुआवजा के रूप में प्रति माह 2000 रुपये दिये जा रहे थे अब यह राशि बढ़ाकर 4000 रुपये कर दी गयी है। पीड़ित बच्ची अपने एक रिश्तेदार के साथ रह रही है। खंडपीठ ने राज्य सरकार का पक्ष जानने के बाद मामले की अगली सुनवाई फरवरी 2025 में निर्धारित की। मामले में एमिकस क्यूरी सुचित्रा पांडे ने पैरवी की। वहीं राज्य सरकार की ओर से अधिवक्ता अशोक यादव ने पैरवी की।

### गुमला में डायन बिसाही को लेकर मारपीट एवं हत्या की घटनाएं सर्वाधिक होती हैं

बता दें कि पूर्व की सुनवाई में मेंबर सेक्रेट्री, झारखंड स्टेट लीगल सर्विसेज अथॉरिटी (झालसा) की ओर से शपथ पत्र दाखिल किया गया था। जिसमें कोर्ट को जानकारी दी गयी थी कि गुमला जिले में डायन बिसाही को लेकर मारपीट एवं हत्या की घटनाएं सर्वाधिक होती हैं। ऐसे में झालसा के द्वारा जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को डायन बिसाही की रोकथाम को लेकर प्रोत्साहित किया जा रहा है। झालसा की ओर से कोर्ट को बताया गया था कि झालसा वैसे जगह पर पहुंची है जहां डायन बिसाही जैसी घटनाएं घटित होती हैं। इन क्षेत्रों में लोगों को जागरूक किया जा रहा है, ताकि डायन को लेकर होने वाली हत्या पर रोकथाम हो सके। कोर्ट ने इस बात पर जोर दिया था कि डायन बिसाही जैसी घटनाओं पर अंकुश के लिए अवेयरनेस प्रोग्राम को प्रमोट करना चाहिए। बता दें कि राज्य में डायन बिसाही को लेकर होने वाली हत्या की घटनाओं को लेकर कोर्ट ने मामले में स्वत संज्ञान लिया है।

**हाइकोर्ट ने प्रार्थी से ही पूछा-**

### डैम निर्माण का आदेश सरकार को देने का पावर कोर्ट को है या नहीं, बतायें

**रांची।** डैम निर्माण के लिए राज्य सरकार को कोर्ट आदेश दे सकता है या नहीं, इसपर हाइकोर्ट ने प्रार्थी से जवाब मांगा है। हाइकोर्ट की खंडपीठ ने गढ़वा, पलामू के लोगों को पानी उपलब्ध करने के लिए कनहर बराज के निर्माण से संबंधित पूर्व विधायक भानु प्रताप शाही की जनहित याचिका की सुनवाई के दौरान प्रार्थी से डैम निर्माण के लिए राज्य सरकार को कोर्ट आदेश दे सकता है या नहीं, के संबंध में पारित जजमेंट या मिसाल प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। अगली सुनवाई 13 जनवरी 2025 में होगी। पूर्व की सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से मामले में कोर्ट को बताया गया था कि कनहर बराज प्रोजेक्ट के लिए जमीन अधिग्रहण में 18 माह का समय लगेगा। इसके बाद कनहर बराज निर्माण पूरा होने में 5 साल का समय लगेगा। जिसपर ही हाइकोर्ट ने राज्य सरकार से जानना चाहा था कि कनहर बराज के लिए 18 माह की जमीन अधिग्रहण एवं पांच साल का निर्माण पूरा होने की अवधि कब से मानी जायेगी, इसे स्पष्ट करें। कोर्ट ने राज्य सरकार द्वारा कनहर प्रोजेक्ट के लिए जमीन अधिग्रहण के लिए 18 माह एवं निर्माण पूरा करने के लिए 5 साल के संबंध में दिये गये शपथ पत्र पर असंतुष्ट की जतायी थी।

# राष्ट्रपति के नाम फेक फेसबुक प्रोफाइल बना ठगी का प्रयास, रांची पुलिस ने लिया संज्ञान

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** साइबर क्राइम के लिए साइबर ठग हर दिन नये-नये प्रयोग कर रहे हैं। अब तक आइएस, आइपीएस या अन्य नामचीन हस्तियों के नाम फेसबुक-व्हाट्सएप प्रोफाइल बनाकर साइबर ठगी के मामले सामने आते रहे हैं। लेकिन अब साइबर ठगों ने सीधे देश की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के नाम फेसबुक आइडी बनाकर ठगी का काम चालू कर दिया है। ऐसा ही एक मामला सामने आया है। हजारीबाग के बड़कागांव निवासी फेसबुक यूजर मंटू सोनी को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के नाम कुछ दिन पहले फ्रेंड रिक्वेस्ट आया। राष्ट्रपति के नाम-फोटो लगे




फेसबुक आइडी के स्टोरी में लिखा गया कि जय हिंद कैसे हैं आप ? फेसबुक का प्रयोग बहुत कम करती हूं, अपना व्हाट्सएप नंबर दीजिए। आपका नंबर सेव कर लिया है और आपको अपना व्हाट्सएप कोड भेजा है। जल्दी से कोड बताइए 6 अंक का कोड है। इस मैसेज के बाद राष्ट्रपति भवन, झारखंड पुलिस और रांची पुलिस के साथ सीआइडी झारखंड को मामले को लेकर ट्वीट किया गया। रांची पुलिस ने त्वरित संज्ञान लेते हुए फेसबुक-पोस्ट का आइडी का लिंक का मांगा, जिसे उपलब्ध करा दिया गया है। अब आगे की कार्रवाई में रांची पुलिस जुट गयी है।

## भारत मौसम विज्ञान विभाग के 150वें वर्ष पर कई कार्यक्रम आयोजित

# झारखंड मौसम दर्पण और मॉनसून रिपोर्ट झारखंड-2024 का लोकार्पण

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** भारत मौसम विज्ञान विभाग (आइएमडी) के 150वें वर्ष के मौके पर रांची स्मार्ट सिटी ऑडिटोरियम में सोमवार को विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। कार्यक्रम का उद्घाटन राज्यपाल के साथ स्वास्थ विभाग के प्रधान सचिव अजय कुमार सिंह और आपदा प्रबंधन विभाग के सचिव राजेश कुमार शर्मा, महानिदेशक आइएमडी मृत्युंजय महापात्र, वरिष्ठ वैज्ञानिक बाबूलाल, मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। मौके पर राज्यपाल और विशिष्ट अतिथियों ने झारखंड मौसम दर्पण और मॉनसून रिपोर्ट झारखंड-2024 का लोकार्पण किया। साथ ही आइएमडी का थीम



सॉन्ग को लांच किया गया।

### स्टेकहोल्डर्स ने दिया फीडबैक

कार्यक्रम के अगले चरण में तकनीकी सत्र का आयोजन किया गया। कोलकाता मौसम केंद्र के वैज्ञानिक डॉ सोमनाथ दत्त और रांची मौसम केंद्र के प्रमुख अभिषेक आनंद ने प्रेजेंटेशन दिया। उन्होंने झारखंड में मौसम सेवाओं और भविष्यवाणी पर जानकारी साझा की। कार्यक्रम के दौरान झारखंड के लिए मौसम और जलवायु सेवाओं पर चर्चा की गयी। इस दौरान मौसम केंद्र की सेवाओं पर स्टेकहोल्डर्स ने फीडबैक दिया। कार्यक्रम में कृषि सिंचाई, विमानन और स्वास्थ्य जैसे क्षेत्रों के विशेषज्ञ ने अपनी राय रखी। इस दौरान आइएमडी के रिटायर्ड कर्मचारियों को सम्मानित किया गया।

### राज्यपाल ने आइएमडी की 150वीं वर्षगांठ पर बधाई दी

राज्यपाल ने आइएमडी की 150वीं वर्षगांठ पर सभी को बधाई दी। कहा कि देश की जलवायु परिवर्तन से अवगत कराने में आपकी बड़ी भूमिका है। पूरा देश इसका लाभ उठा रहा है। आपदा प्रबंधन, जलवायु परिवर्तन, कृषि और समुद्र में काम करने वाले सेना, वायु सेना के लिए आप प्रेरणास्रोत हैं। रांची स्थित मौसम विज्ञान केंद्र ने राज्य को सटीक मौसम जानकारी देने का काम किया है। झारखंड में प्री मानसून, पोस्ट मानसून, मानसून ओर शीत ऋतु में कई घटनाएं होती हैं। जिसकी पूर्व जानकारी मिलने से लोगों को आपदा से बजने में सहयोग मिलता है। पिछले दशक की तुलना में अभी मौसम विभाग की सटीकता बढ़ गयी है। मौसम विभाग रांची के अधिकारी और कर्मचारी 24 घंटे पूर्व मौसम की जानकारी साझा कर रहे हैं। हमें विश्वास है कि आने वाले वर्षों में मौसम विभाग की तकनीक और गुणवत्ता और बढ़ेगी।

# बिजली वितरण और स्वचालन में नवीनतम रुझानों और प्रगति पर सेमिनार आयोजित



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** इस्पात मंत्रालय के अंतर्गत एक प्रमुख सार्वजनिक क्षेत्र का उपक्रम मेकॉन लिमिटेड ने इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स इंडिया (आइइआइ), झारखंड स्टेट चैप्टर (जेएससी) के संयोजन में रांची में बिजली वितरण और स्वचालन में नवीनतम रुझानों और प्रगति पर एकदिवसीय सेमिनार का आयोजन किया। सेमिनार में इंजीनियरों, उद्योग के प्रतिनिधियों के साथ-साथ प्रमुख निर्माताओं और स्वचालन समाधान प्रदाताओं ने भाग लिया। अभियंता केके श्रीवास्तव को इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग के क्षेत्र में उद्योग में उनके दीर्घकालिक योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

### मेकॉन लिमिटेड ने आइइआइ और जेएससी के संयोजन में आयोजित हुआ सेमिनार

अभियंता अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक (मेकॉन) एसके वर्मा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे, जिन्होंने भविष्य के हरित उद्योगों के लिए हरित ऊर्जा की आवश्यकता और विद्युत अनुशासन को इस विषय पर ध्यान देने की बात की। अभियंता पीके दीक्षित निदेशक (परियोजनाएं), मेकॉन ने हमारे जीवन और उद्योग के लिए कुशल और निर्बाध बिजली वितरण के महत्व को आवश्यक बताया। अभियंता वेद प्रकाश, कार्यपालक निदेशक (डिजिटल रूपांतरण), सेल ने अपने वक्तव्य में सामान्य रूप से उद्योग और विशेष रूप से इस्पात उद्योग में इंडस्ट्री 4.0 प्रौद्योगिकियों और अनुप्रयोगों को लागू करने के महत्व पर जोर दिया। अभियंता केके श्रीवास्तव, मुख्य महाप्रबंधक (विद्युत) मेकॉन ने उद्योगों में उत्पादकता, सुरक्षा और दक्षता में सुधार लाने में आज के विद्युत इंजीनियरों की भूमिका की बात की।

आइइआइ जेएससी के तत्कालीन अध्यक्ष अभियंता मोहम्मद आइ आलम ने अपने उद्घाटन भाषण में आज के औद्योगिक परिवेश में बिजली वितरण और स्वचालन के महत्व पर प्रकाश डाला। सेमिनार में एक तकनीकी प्रदर्शनी भी आयोजित की गयी, जहां बिजली वितरण और स्वचालन क्षेत्र के कई प्रमुख निर्माताओं ने ब्रोशर और ऑडियो-वीडियो डिस्प्ले के साथ अपने स्टॉल लगाये। तीन उप-विषयों पर तकनीकी सत्र आयोजित किये गये, जिसमें उत्साहपूर्ण भागीदारी हुई।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
194000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 23.6 °c | 7.9 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.05 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 06.22 बजे |





उज्जैन में महाकाल की सीएम हेमंत सोरेन और कल्पना सोरेन ने की पूजा अर्चना। इस मौके पर लोगों ने उनका स्वागत किया।

## केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने भारत-पाक युद्ध के नायकों को श्रद्धांजलि दी



सोमवार को नेशनल वॉर मेमोरियल में केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के साथ केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने 1971 में हुए भारत-पाक युद्ध के नायकों को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। राष्ट्र की सुरक्षा में अपना सर्वोच्च बलिदान देने वाले सभी शूरवीरों के प्रति कृतज्ञता प्रकट की।

# सैलानियों के लिए तैयार है वन विभाग का इको कॉटेज, सीएम ने दी जानकारी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** दुमका में सैलानियों के लिए वन विभाग का इको कॉटेज तैयार हो गया है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने ट्वीट कर इसकी जानकारी दी है। उन्होंने ट्वीट कर कहा है कि बहुत जल्द दुमका में आप वन विभाग के इको कॉटेज में रहकर झारखंडी वादियों की खूबसूरती का यूं लुत्फ उठा सकेंगे।





### कहां पर बनाया गया है इको कॉटेज, क्या है खासियत

- दुमका जिला मुख्यालय से करीब तीस किलोमीटर की दूरी पर मसानजोर के निकट धाजापाड़ा पहाड़ी पर बनाया गया है इको कॉटेज
- 11 इको कॉटेज का किया गया है निर्माण
- खूबसूरत इंटीरियर डिजाइनिंग के साथ एसी भी लगा है।
- कॉटेज में अटैच बाथरूम की भी है व्यवस्था
- कंक्रीट के पीलर के ऊपर लोहे के स्ट्रक्चर के ऊपर वुडेन फैब्रिकेटेड स्ट्रक्चर से किया गया है काटेज का निर्माण
- सैलानियों के लिए काटेज में उपलब्ध है लक्जरी सुविधा
- काटेज तक पहुंचने के लिए पहाड़ काट कर रास्ता भी बनाया गया है
- वाहनों की पार्किंग की है व्यवस्था
- कॉटेज के नीचे से सैलानी डैम के पानी में वोटिंग भी कर सकेंगे।

# मनरेगा कर्मियों की मांगें जल्द पूरी होंगी: दीपिका पांडेय



**मनरेगा कर्मियों का प्रतिनिधिमंडल ग्रामीण विकास मंत्री से मिला**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड राज्य मनरेगा कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष महेश सोरेन के नेतृत्व में मनरेगा कर्मियों का प्रतिनिधिमंडल ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय से मुलाकात की।

संघ ने मंत्री को बताया कि पूर्व में मंत्री स्तरीय एवं विभागीय स्तरीय वार्ता 8 जुलाई 2024 को विभाग में संपन्न हुई थी। बैठक में बनी सहमति आज तक लंबित है। उस बैठक में ग्रेड पे के समतुल्य मानदेय बढ़ोतरी स्वास्थ्य बीमा अनुकंपा का लाभ मूल मानदेय में 70% के बढ़ोतरी 20 लाख का बीमा दुर्घटना इत्यादि पर सहमति बनी थी जो आज तक मांग लंबित और अधूरा है। मनरेगा कर्मचारी संघ लगातार विभागीय सचिव मनरेगा आयुक्त एवं विभागीय मंत्री से वार्ता करते आ रहे हैं। इसके बावजूद भी हमारी मांगे आज तक लंबित होना मनरेगा कर्मचारियों के लिए निराशाजनक प्रतीत हो रही हैं। झारखंड में गठबंधन की नयी सरकार बनी है। संघ के महेश सोरेन ने बताया कि ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने उनकी बात विस्तार से सुनी और यह भरोसा दिया कि उनके कार्यकाल में बहुत जल्द सबों की लंबित मांगें पूरी होंगी।

# रांची सहित पूरे झारखंड में खौफ का माहौल : बाबूलाल

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने सीएम हेमंत पर निशाना साधा है। सोशल मीडिया पोस्ट पर लिखा है कि झारखंड में जमीन कारोबारियों की हत्या का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। आये दिन हो रही हत्याओं से प्रदेशवासियों का जीना मुश्किल हो गया है। पिछले 5 सालों में जिस तरह से अपराधियों का हौसला बढ़ा है, उससे रांची सहित पूरे झारखंड में खौफ का माहौल व्याप्त है।

### पिछले पांच साल में 50 लोगों ने जान गंवायी

पिछले पांच सालों में सिर्फ राजधानी रांची भर में करीब 50 लोगों ने अपनी जान गंवायी है, रविवार को हुई मधु राय की निर्मम हत्या ने न केवल रांची, बल्कि पूरे झारखंड को दहला कर रख दिया है। सरेआम गोलियों की बौछार और पुलिस की नाकामी ने साफ कर दिया है कि अपराधियों में कानून का कोई डर नहीं बचा है।



जमीन विवाद अब केवल सामान्य झगड़ा नहीं रहा, बल्कि लोगों की जान लेने वाला खूनी खेल बन गया है।

### कब तक निर्दोष लोग मारे जाते रहेंगे?

बाबूलाल ने आगे लिखा है कि सवाल उठता है कि आखिर कब तक झारखंड के लोग इस डर में जीते रहेंगे? कब तक निर्दोष लोग मारे जाते रहेंगे? और सबसे बड़ा सवाल- शासन और प्रशासन आखिर कब ऐसी घटनाओं पर अपनी आंखें मूंदे रहेगा? झारखंड में लोगों की हत्याएं एक बड़ी मानवीय चिंता बन चुकी है। अपराधियों पर शिकंजा कसा जाये और जमीन के नाम पर चल रहे इस खूनी खेल का अंत हो-इसके लिए जरूरी है कि हेमंत सरकार नींद से जागे और गंभीर होकर सुरक्षा के ठोस कदम उठाये।

# आठवीं अनुसूची में शामिल हो कुड़माली, कुडुख, मुंडारी, हो, खड़िया, खोरठा पंचपरगनिया और नागपुरी भाषा : चंद्र प्रकाश

**गिरिडीह के सांसद ने लोकसभा में शून्य काल के दौरान उठायी मांग**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** गिरिडीह के सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने सोमवार को संसद में झारखंड में बोली जाने वाली कुड़माली, कुडुख, मुंडारी, हो, खड़िया ,खोरठा पंचपरगनिया और नागपुरी भाषा को संविधान की आठवीं अनुसूची और जनगणना कॉलम में शामिल करने की मांग की। उन्होंने यह मांग शून्य काल में की। उन्होंने सदन में कहा कि झारखंड राज्य में पांच जनजातीय व चार क्षेत्रीय भाषाएं जैसे संथाली, कुडुख, मुंडारी, हो, खड़िया, कुड़माली, खोरठा, पंचपरगनिया और नागपुरी लोगों द्वारा बोली जाती है। इसमें से सिर्फ संथाली भाषा को आठवीं अनुसूची मे शामिल किया गया है जबकि आठ अन्य जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा को शामिल नहीं किया गया है। उन्होंने पूछा कि किन कारणों से इन भाषाओं को छोड़ा गया है और भारतीय भाषा संस्थान का इस पर क्या शोध हुआ है। साथ ही राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत इन भाषाओं को कैसे बढ़ावा देने की योजना है। उन्होंने कहा कि कुड़माली भाषा झारखंड, बंगाल, असम एवं ओड़िशा राज्यों में लगभग तीन करोड़ कुड़मी व अन्य समुदाय द्वारा बोली जाती है और आगामी जनगणना के भाषा कॉलम में कुड़माली के स्थान पर कुड़माली थार को रखा गया है जबकि कुड़माली को अन्य के रूप में रखा जा रहा है। कुड़माली भाषा झारखंड राज्य की द्वितीय राजभाषा के रूप में भी दर्ज है। कुड़माली भाषा का पठन-पाठन झारखंड राज्य के पांच व पश्चिम बंगाल राज्य के दो विश्वविद्यालय सहित सात विश्वविद्यालय में पढ़ाई जाती है। बावजूद इसके कुड़माली को आठवीं अनुसूची में और जनगणना कॉलम में शामिल नहीं करना बेहद पक्षपातपूर्ण व अन्यायपूर्ण भी है।



भू-अर्जन वाद संख्या-89/2022-23
भू-अर्जन वाद संख्या-86/2022-23
भू-अर्जन वाद संख्या-85/2022-23
भू-अर्जन वाद संख्या-88/2022-23
भू-अर्जन वाद संख्या-87/2022-23
भू-अर्जन वाद संख्या-81/2022-23
भू-अर्जन वाद संख्या-82/2022-23
भू-अर्जन वाद संख्या-83/2022-23
भू-अर्जन वाद संख्या-84/2022-23

झारखण्ड सरकार
राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग
(जिला भू-अर्जन कार्यालय, राँची)

अधिघोषणा

(अधिनियम-30/2013 की धारा-19 (1) के अधीन)

पथ प्रमण्डल, राँची (ग्रामीण) अन्तर्गत अनगड़ा-हाहे-राहे पथ (एम०डी०आर०-021) (कुल लम्बाई-26.687 कि०मी०) का चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण/पुनर्निर्माण कार्य परियोजना।

चूँकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है कि ग्राम-कोकरोडीह, कोंताटोला, पुरनाडीह, राहे एवं सताकी थाना-राहे, थाना संख्या क्रमशः-101, 39, 36, 81 एवं 41 अंचल-राहे, एवं ग्राम-बोंगईबेड़ा, बानपुर, पैका एवं जरगा, थाना-अनगड़ा, थाना संख्या क्रमशः-30, 33, 34 एवं 35 अंचल-अनगड़ा जिला-राँची में भूमि सार्वजनिक प्रयोजन यथा-पथ प्रमण्डल, राँची (ग्रामीण) अन्तर्गत अनगड़ा-हाहे-राहे पथ (एम०डी०आर०-021) (कुल लम्बाई-26.687 कि० मी०) का चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण/पुनर्निर्माण कार्य परियोजना हेतु अपेक्षित है, प्रभावित परिवारों के पुर्नवासन एवं पुनर्व्यवस्थापन के प्रयोजनार्थ अपर समाहर्त्ता अथवा नियम 2(1) (ख) के तहत् नियुक्त पदाधिकारी प्रशासन के रुप में नियुक्त किए गए है। अतएव अधिसूचित किया जाता है कि ग्राम-कोकरोडीह, कोंताटोला, पुरनाडीह, राहे एवं सताकी थाना-राहे, थाना संख्या क्रमशः-101, 39, 36, 81 एवं 41, अंचल-राहे एवं ग्राम-बोंगईबेड़ा, बानपुर, पैका एवं जरगा, थाना-अनगड़ा, थाना संख्या क्रमशः-30, 33, 34 एवं 35 जिला-राँची में उपर्युक्त कथित परियोजना के लिए कमोवेश-1.0386, 2.1124, 1.0194, 0.4895, 3.1919, 1.6739, 0.3701, 1.2558 एवं 1.4041 एकड़ मानक माप का भूखंड, जिसका विस्तृत विवरणी निम्नलिखित है, अर्जनाधीन है :-

Part-2 सताकी

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 108 | 168 | 1257 | मकान 1 सहन 1 | 0.0047 | हड़िया महतो वगैरह पिता-बुदा महतो |
| 109 | 4 | 1265 | मकान 4 सहन 1 | 0.0064 | कामेश्वर महतो, प्रहलाद महतो पिता-विरमीधन महतो वो सहदवे महतो पिता-जीतु महतो |
| 110 | 124 | 1266 | टांड़ एक | 0.0028 | मनी महतो वल्द महीम महतो |
| 111 | 103 | 1268 | टांड़ एक | 0.0074 | पचा महतो, युगल महतो पिता-लोबीन महतो |
| 112 | 103 | 1270 | मकान 2 सहन 1 | 0.0057 | पचा महतो, युगल महतो पिता-लोबीन महतो |
| 113 | 103 | 1271 | मकान 2 सहन 1 | 0.0040 | पचा महतो, युगल महतो पिता-लोबीन महतो |
| 114 | 2 | 1272 | मकान 2 सहन 1 | 0.0022 | हेमन्त महतो वगैरह पिता-आनन्दा महतो वो झरीया महतो पिता-पुरन महतो |
| 115 | 2 | 1273 | मकान 1 सहन 1 | 0.0022 | हेमन्त महतो वगैरह पिता-आनन्दा महतो वो झरीया महतो पिता-पुरन महतो |
| 116 | 144 | 1274 | मकान 1 सहन 1 | 0.0040 | लधु महतो पिता-स्व० रोहिना महतो, शीतला महतो, मेघु महतो वगैरह पिता-रोहिना महतो |
| 118 | 144 | 1291 | मकान 1 सहन 1 | 0.0048 | लधु महतो पिता-स्व० रोहिना महतो, शीतला महतो, मेघु महतो वगैरह पिता-रोहिना महतो |
| 119 | 144 | 1292 | मकान 1 सहन 1 | 0.0022 | लधु महतो पिता-स्व० रोहिना महतो, शीतला महतो, मेघु महतो वगैरह पिता-रोहिना महतो |
| 120 | 114 | 1293 | टांड़ एक | 0.0106 | डहरु महतो पेश०-अकला महतो वगै० |
| 121 | 166 | 1294 | टांड़ एक | 0.0020 | सुशील महतो, सुरेश महतो पिता-सदानन्द महतो |
| 122 | 166 | 1295 | मकान 1 सहन 1 | 0.0065 | सुन्दरी महतोवाईन पिता-स्व० भोन्दुवा महतो |
| 123 | 143 | 1300 | मकान 1 सहन 1 | 0.0034 | रामधन महतो, शिवधन महतो, पेशरान रंजीत महतो |
| 124 | 143 | 1301 | मकान 1 सहन 1 | 0.0021 | रामधन महतो, शिवधन महतो, पेशरान रंजीत महतो |
| 125 | 143 | 1302 | सहन 1 | 0.0014 | रामधन महतो, शिवधन महतो, पेशरान रंजीत महतो |
| 126 | 143 | 1303 | मकान 1 सहन 1 | 0.0042 | रामधन महतो, शिवधन महतो, पेशरान रंजीत महतो |
| 127 | 143 | 1310 | टांड़ एक | 0.0166 | अकला महतो वल्द हगुवा महतो वगै० |
| 128 | 143 | 1311 | टांड़ एक | 0.0080 | रामधन महतो, शिवधन महतो, पेशरान रंजीत महतो |
| 129 | 143 | 1312 | टांड़ एक | 0.0014 | रामधन महतो, शिवधन महतो, पेशरान रंजीत महतो |
| 130 | 103 | 1313 | टांड़ दो | 0.0068 | पचा महतो, युगल महतो पिता-लोबीन महतो |
| 131 | 103 | 1316 | टोड़ दो | 0.0114 | पचा महतो, युगल महतो पिता-लोबीन महतो |
| 132 | 144 | 2393 | दोन दो | 0.0183 | लधु महतो पिता-स्व० रोहिना महतो, शीतला महतो, मेघु महतो वगैरह पिता-रोहिना महतो |
| 133 | 74 | 2395 | दोन तीन | 0.0151 | राधा महली, बिषम महली पेशरान टुलु महली, श्रीपति मुण्डा पिता-स्व० साहेबराम मुण्डा |
| 134 | 74 | 2396 | दोन तीन | 0.0038 | राधा महली, बिषम महली पेशरान टुलु महली |
| 135 | 2 | 2399 | टांड़ दो | 0.0114 | हेमन्त महतो वगैरह पिता-आनन्दा महतो वो झरीया महतो पिता-पुरन महतो |
| 136 | 2 | 2400 | दोन दो | 0.0103 | हेमन्त महतो वगैरह पिता-आनन्दा महतो वो झरीया महतो पिता-पुरन महतो |
| 137 | 2 | 2403 | दोन दो | 0.0091 | हेमन्त महतो वगैरह पिता-आनन्दा महतो वो झरीया महतो पिता-पुरन महतो |
| 138 | 44 | 2404 | दोन दो | 0.0045 | मोसमात बासो देवी पति-स्व० उगल महतो |
| 139 | 166 | 2407 | दोन दो | 0.0028 | सुन्दरी महतोवाईन पति-स्व० मन्दुवा महतो |
| 140 | 166 | 2408 | दोन दो | 0.0080 | चुडुवा महतो पेश०-सोहन महतो वगै० |
| 141 | 4 | 2409 | दोन दो | 0.0034 | कामेश्वर महतो, प्रहलाद महतो पिता-विरमीधन महतो वो सहदवे महतो पिता-जीतु महतो |
| 142 | 69 | 2411 | टांड़ दो | 0.0019 | दुबराज मुण्डा वगैरह पिता-दुबु मुण्डा |
| 143 | 144 | 2563 | टांड़ तीन | 0.0915 | लधु महतो पिता-स्व० रोहिना महतो, शीतला महतो, मेघु महतो वगैरह पिता-रोहिना महतो |
| 144 | 177 | 2586 | टांड़ तीन | 0.0113 | सैनाथ मुण्डा, मुची मुण्डा वगैरह पिता-मंगल मुण्डा |
| 145 | 182 | 2602 | परती गढ़हा | 0.0089 | दिलु महतो, सैनाथ महतो पिता-हरिया महतो |
| 146 | 177 | 2603 | परती कदीम | 0.0416 | जयनाथ मुण्डा वल्द सुखराम मुण्डा वगै० |
| 147 | 43 | 2604 | | 0.0752 | जितनाथ महतो वगैरह वल्द जगशाल महतो |
| 148 | 43 | 2605 | टांड़ दो | 0.0075 | जितनाथ महतो वगैरह वल्द जगशाल महतो |
| 149 | 117 | 2608 | टांड़ दो | 0.1611 | रामधन महतो पिता-तिलुवा महतो वो मंगल मुण्डा वगैरह पिता-मदन मुण्डा |
| 150 | 114 | 2611 | टांड़ दो | 0.1816 | लालसिंह महतो वगैरह वल्द भवानी महतो |
| 151 | 44 | 2613 | टांड़ दो | 0.0989 | जगरनाथ महतो वगै० पिता-बोलदा महतो |
| 152 | 43 | 2645 | परती गढ़हा | 0.0093 | जितनाथ महतो वगैरह वल्द जगशाल महतो |
| 153 | 2 | 2830 | टांड़ दो | 0.1971 | हेमन्त महतो वगैरह पिता-आनन्दा महतो वो झरीया महतो पिता-पुरन महतो |
| 154 | 126 | 2832 | टांड़ दो | 0.0982 | श्री बुका महतो पिता-गंधर्व महतो |
| 155 | 14 | 2847 | टांड़ दो | 0.0126 | बुका महतो |
| 156 | 14 | 2853 | टांड़ दो | 0.0056 | कालिया महतो वल्द महेन्द्र महतो वो बुका महतो वल्द गणचरण महतो |
| 157 | 14 | 2854 | टांड़ दो | 0.0421 | बुका महतो |
| 158 | 105 | 2866 | टांड़ दो | 0.3115 | बुआल मुण्डा, बीरु मुण्डा वल्द टेपा मुण्डा |
| 159 | 157 | 3074 | परती कदीम | 0.2069 | मोसमात मिनी पति-लिलु मुण्डा, राधा मुण्डा वगैरह |
| 160 | 5 | 3078 | | 0.1248 | कामेश्वर महतो, प्रहलाद महतो पेश०-बीरसीह वो सहदेव महतो वल्द जीतु सिंह |
| 161 | 142 | 3079 | टांड़ तीन | 0.0628 | राधा मुण्डा, राम मुण्डा वगैरह पिता-बुधु मुण्डा |
| 162 | 50 | 3083 | नाला | 0.0487 | श्रीमती लखीमनी देवी जौजे दिशेम्बर महतो |
| 163 | 142 | 3668 | दोन तीन | 0.0708 | राधा मुण्डा, राम मुण्डा वगैरह पिता-बुधु मुण्डा |
| 164 | 138 | 3681 | टांड़ एक | 0.0122 | मुचीराम महतो वगैरह वो विमला देवी धनीराम महतो |
| 165 | 92 | 360 | दोन तीन | 0.0011 | पंचानन स्वांसी, सुखराम स्वांसी पिता-चुमना स्वांसी वो सोहराई महतो वल्द प्रयाग महतो वो सुखनाथ महतो पिता-मथुर महतो |
| 166 | 2 | 1035 | दोन एक | 0.0069 | अन्दा महतो, हड़िया महतो, नबीना महतो पेशरान बिनुआ महतो वो चतुर महतो, हड़िया महतो पेशरान पुरन महतो वो भगीराय महतो वल्द सामु महतो |
| 167 | 4 | 2422 | टांड़ दो | 0.0049 | कामेश्वर महतो, प्रहलाद महतो पिता-विरमीधन महतो वो सहदवे महतो पिता-जीतु महतो |
| | | | **कुल** | **3.1919** | |

यह अधिसूचना भू-अर्जन, पुर्नवास और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013 (अधिनियम संख्या 30/2013), की धारा-11(1) के उपबंधों के अधीन सभी संबंधित व्यक्तियों के लिए जारी की जाती है।

भूमि की योजना का निरीक्षण जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, राँची के कार्यालय में किसी कार्य दिवस को कार्यावधि में किया जा सकेगा। झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता-सह-समुचित सरकार उक्त अधिनियम की धारा 12 में यथा-उपबंधित एवं यथा विनिर्दिष्ट कार्यो के समुचित निष्पादन हेतु अपेक्षित किसी भूमि का सर्वेक्षण एवं उसकी प्रविष्टि करने, किसी भूमि के किसी स्तर को मापने के लिए अवभूमि खोदने या भू-वेधन-छिद्र करने सहित सभी अन्य कार्यों के संचालन करने हेतु जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, राँची और उनके कर्मचारी को प्राधिकृत करती है।

अधिनियम की धारा 11(4) के अधीन कोई व्यक्ति जिला समाहर्त्ता के पूर्विक अनुमोदन के बिना इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रारंभिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का कोई अंतरण यथा क्रय/विक्रय नही करेगा या ऐसा कोई अंतरण नही करवाएगा या ऐसी भूमि पर कोई अवभार नही उत्पन्न करेगा। अधिनियम की धारा 15 के अधीन यथा उपबंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से साठ (60 दिनों) के अन्तर्गत भू-अर्जन की बाबत किसी प्रकार की अपत्तियाँ हितबद्ध व्यक्ति द्वारा जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, राँची के समक्ष दर्ज की जा सकेगी।

अमीन, जि0भू0अ0का0,राँची। | कानूनगो, जि0भू0अ0का0,राँची। | जि0 भू0 अ0 पदा0, राँची। | अपर समाहर्त्ता, राँची। | उपायुक्त, राँची।

PR 342154 Land Reforms (24-25)_D

### अंतरराज्यीय चोर गिरोह का पुलिस ने किया खुलासा

# तीन अपराधी हुए गिरफ्तार

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जयनगर।** कोडरमा पुलिस ने अंतरराज्यीय चोर गिरोह का खुलासा करते हुए दो आरोपियों के साथ-साथ चोरी का जेवर खरीदने के आरोपी को भी गिरफ्तार किया है.। आरोपियों के पास से पुलिस ने एक देसी पिस्टल, एक देसी कट्टा, छह कारतूस, एक बाइक (जेएच 12क्यू 6456), 45.5 ग्राम पिघला हुआ सोना, पिघली हुई चांदी बरामद किया। पकड़े गये आरोपियों में ककरचोली जयनगर निवासी दौलत साव उर्फ शंकर साव उर्फ तेलिया (पिता अंगद साव), लोकाई कोडरमा निवासी अनुज साव (पिता स्व महेश साव), चोरी का जेवर खरीदने वाला गोल्डेन ज्वेलर्स का मालिक कोडरमा निवासी धर्मेंद्र वर्मा (पिता कपिल देव प्रसाद वर्मा) के नाम शामिल है। एसपी अनुदीप सिंह ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से एक चोर गिरोह जिले के जयनगर, चंदवारा व डोमचांच थाना क्षेत्रों में कई चोरी की घटना को अंजाम दे रहा था। इस संबंध में तीनों थाना में मामला भी दर्ज किया गया था। मामले की जांच के क्रम में पाया गया कि यह एक अंतरराज्यीय चोर गिरोह है, जो झारखंड सहित अन्य राज्यों के कई जगहों पर चोरी की बड़ी घटनाओं को अंजाम दे चुका है। उसके बाद मामले का उद्भेदन के लिए डीएसपी मुख्यालय रतिभान सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित किया गया। टीम द्वारा तकनीकी सेल के सहयोग से उक्त दोनों आरोपियों को हथियार के साथ गिरफ्तार किया गया। पूछताछ के क्रम में दोनों आरोपियों ने अपनी संलिप्तता स्वीकार करते हुए बताया कि चोरी के जेवर को झुमरीतिलैया के गोल्डेन ज्वेलर्स के मालिक धर्मेंद्र वर्मा को बेचते हैं। इसके बाद उक्त जेवर दुकान के मालिक को भी गिरफ्तार किया गया। एसपी ने बताया कि पकड़े गये दौलत साव और अनुज साव के मुताबिक इनके गिरोह में 8-10 लोग शामिल हैं, जो अलग-अलग जगहों पर जाकर पहले चिन्हित दुकानों की रेकी करते हैं। उसके बाद चोरी की घटना का अंजाम दिया जाता था। इन आरोपियों के विरुद्ध जयनगर व कोडरमा में दो मामले, धनबाद जिले में 4, रांची के डोरंडा में एक मामला दर्ज है। एसपी ने यह भी बताया कि गिरोह का एक और सदस्य सिवान बिहार के अजय चौहान उर्फ योगेंद्र महतो उर्फ मास्टर विक्रम है जो अभी फरार है। जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जायेगा। इस अवसर पर तिलैया थाना प्रभारी विनय कुमार, जयनगर थाना प्रभारी बबलू कुमार, चंदवारा थाना प्रभारी अरविंद कुमार, एसआइ विकास कुमार, नरहरि सिंह मुंडा आदि मौजूद थे।

## फेडरेशन ऑफ हजारीबाग चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज ने किया सम्मान समारोह



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** फेडरेशन ऑफ हजारीबाग चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज ने जिले के नवनिर्वाचित विधायकों के सम्मान में एक भव्य अभिनंदन समारोह का आयोजन किया। यह आयोजन सोमवार को मालवीय मार्ग स्थित अग्रसेन भवन के सभागार में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दोपहर 3 बजे विधिवत रूप से प्रारंभ हुआ, समारोह में सदर विधानसभा के विधायक प्रदीप प्रसाद, बरही के विधायक मनोज कुमार यादव, बरकट्ठा विधायक अमित यादव ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। मंच संचालन कुमार केशव के द्वारा किया गया वहीं धन्यवाद ज्ञापन सचिव राकेश ठाकुर ने किया। विधायकों का स्वागत फेडरेशन के अध्यक्ष, सचिव सहित तमाम पदाधिकारी और सदस्यों द्वारा किया गया, फूलों के गुलदस्ते, अंगवस्त्र और मोमेंटो भेंट कर उनका भव्य अभिनंदन किया गया। मंच पर विधायकों को सम्मानित करते हुए फेडरेशन के पदाधिकारियों और सदस्यों ने उनके द्वारा समाज और क्षेत्र के विकास के लिए किये गये कार्यों की सराहना की। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष शंभू नाथ अग्रवाल, सचिव राकेश ठाकुर, उपाध्यक्ष सुबोध कुमार अग्रवाल, नीरज अग्रवाल, सहसचिव अहमद तारीक रजा, कोषाध्यक्ष कपिल जैन उर्फ बंटी, मीडिया प्रभारी रितेश खंडेलवाल सहित संस्था के तमाम सदस्य उपस्थित रहे। सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने कहा की सदर क्षेत्र की जनता ने जो विश्वास मुझ पर जताया है, उसे मैं विकास कार्यों के माध्यम से पूरा करूंगा। बरही विधायक मनोज कुमार यादव ने कहा की बरही को विकास के नए आयामों तक पहुंचाने के लिए मैं प्रतिबद्ध हूं। बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव ने कहा की बरकट्ठा क्षेत्र के युवाओं, व्यापारियों और किसानों के विकास के लिए मैं पूरी तरह समर्पित हूं। फेडरेशन के अध्यक्ष शंभू नाथ अग्रवाल ने कहा की हमारे नवनिर्वाचित विधायकों का स्वागत और सम्मान करना हमारे लिए गर्व की बात है। सचिव राकेश ठाकुर ने कहा की फेडरेशन ऑफ हजारीबाग चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज का मुख्य उद्देश्य व्यापारिक समुदाय की आवाज बनना और क्षेत्र के विकास में योगदान देना है।

## डीडीसी ने की तकनीकी विभाग की समीक्षा बैठक

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**हजारीबाग।** उप विकास आयुक्त इश्तियाक अहमद की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में तकनीकी विभाग की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गयी। बैठक में डीडीसी ने विशेष प्रमंडल, पथ प्रमंडल, ग्रामीण कार्य विभाग, पेयजल विभाग, लघु सिंचाई, विद्युत विभाग, भवन निर्माण जैसे अन्य तकनीकी विभाग के कार्यों की समीक्षा की। समीक्षा के क्रम में डीडीसी ने सभी तकनीकी विभाग के द्वारा क्रियान्वित योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली और लंबित योजनाओं को यथाशीघ्र पूरा करने का निर्देश संबंधित पदाधिकारियों को दिया। उन्होंने ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल द्वारा क्रियान्वित योजना अंतर्गत मुख्यमंत्री ग्राम सेतु योजना, नवसृजित प्रखंड सह अंचल कार्यालय निर्माण कार्य की प्रगति, डीएमएफटी, पीएम अभीम,15 वें वित्त, जिला अनाबद्ध, व पर्यटन के क्षेत्र में किये जा रहे कार्यों की समीक्षा की। डीएमएफटी मद द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के कार्य प्रगति की समीक्षा के क्रम में बताया गया कि 30 नवंबर 2024 तक विभिन्न एजेंसियों के माध्यम से 1037 योजनाओं को स्वीकृत करते हुए कार्य आबंटित किये गये है जिसमें 505 योजनाओं को पूर्ण कर लिया गया है। उप विकास आयुक्त ने इन सभी कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ख्याल रखने का निर्देश दिया और जो कार्य अपूर्ण है उनपर आवश्यक गति लाकर पूर्ण करने का निर्देश दिया। बैठक में उन्होंने कहा कि अगर किसी योजना में जमीनी विवाद आते है उनकी सूचना देने को कहा। उन्होंने सभी पदाधिकारियों को उनके अधीनस्थ क्रियान्वित योजनाओं को गुणवत्तापूर्ण पूरा करने, क्षेत्र भ्रमण करने और नई योजनाओं को जल्द शुरू करने का निर्देश दिया। बैठक में जिला योजना पदाधिकारी पंकज तिवारी, विद्युत, विशेष प्रमंडल, पथ निर्माण, भवन निर्माण, विशेष प्रमंडल सहित कई अन्य तकनीकी विभाग के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## टाटीझरिया प्रमुख ने किया अस्पताल का निरीक्षण



**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के डहरभंगा स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र टाटीझरिया में सोमवार को टाटीझरिया प्रमुख संतोष मंडल ने औचक निरीक्षण किया। इस दौरान प्रमुख ने अस्पताल के सभी कक्षों में जाकर विधि व्यवस्था का जायजा लिया। वहीं स्टोर रूप में उपलब्ध दवाइयों की जांच की। ग्रामीणों द्वारा टाटीझरिया में एंबुलेंस नही रहने की शिकायत मिलने पर अस्पताल के कर्मियों से इस बारे में जानकारी ली। प्रमुख ने बताया कि पिछले पांच महीने से यहां 108 एम्बुलेंस सेवा का लाभ नहीं मिल पा रहा। जिसके कारण ग्रामीण मरीजों और परिजनों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। हमने टाटीझरिया में एम्बुलेंस नहीं रहने की शिकायत नवनिर्वाचित विधायक तिवारी महतो को भी बताया है। इसके अलावे हजारीबाग सांसद और शासन प्रशासन को भी इस बारे में शिकायत करेंगे। जानकारी के अनुसार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र टाटीझरिया को मिले 108 एम्बुलेंस को श्रावण माह में देवघर भेज दिया गया था। इसके बाद से टाटीझरिया में 108 एम्बुलेंस सेवा ठप है। प्रमुख ने टाटीझरिया को जल्द से जल्द 108 एम्बुलेंस सेवा बहाल करने की मांग की है।

## जेएमएम प्स्कूल ने मनाया 10वां स्थापना दिवस



**पदमा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के करमटांड़ स्थित क्षेत्र के प्रसिद्ध विद्यालय ने 15 दिसंबर 2024 को अपना 10वां वार्षिकोत्सव बड़े धूम धाम से मनाया। इस अवसर में विद्यालय के बच्चों ने बड़े उत्साह के साथ कई सांस्कृतिक और रंगारंग कार्यक्रमों को प्रस्तुत किया। इस आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में बरही विधान सभा के लोकप्रिय विधायक मनोज कुमार यादव ने मंच को सुशोभित किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला परिषद सदस्य पदमा बसंत नारायण मेहता, झारखंड प्राइवेट स्कूल संगठन के अध्यक्ष विनोद भगत, उपाध्यक्ष छोटे लाल, उपाध्यक्ष आलम संगठन, मंत्री मधु सुदन मेहता, इचाक से अध्यक्ष अभिषेक मेहता, सचिव विकाश पांडेय, कोषाध्यक्ष लक्ष्मण कुमार, नारायण यादव, पूर्व विधायक प्रतिनिधि पदमा और पीरू प्रसाद मेहता रोमी ने अपनी गरिमामय उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक मनोज कुमार ने बच्चों को संबोधित करते हुए उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी साथ ही ग्रामीण क्षेत्र में आधुनिक शिक्षा देने के लिए विद्यालय प्रबंधन और शिक्षकों की प्रशंसा की। विद्यालय के सचिव राजकुमार प्रसाद मेहता और निदेशक राजन कुमार ने मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथियों का पुष्पगुच्छ और अंग वस्त्र देकर उन्हें सम्मानित किया। मंच का संचालन प्रधानाध्यापक मनीष रंजन और शिक्षिका तृप्ता सिन्हा ने किया। इस कार्यक्रम के सफल आयोजन में विद्यालय के सभी शिक्षक, शिक्षिकाओं और स्टाफ ने बढ़-चढ़कर अपना योगदान दिया।

### केंद्रीय विद्यालय रामगढ़ कैंट का स्थापना दिवस सह वार्षिकोत्सव

# सांस्कृतिक और शैक्षणिक गतिविधियां बच्चों के विकास के लिए महत्वपूर्ण हैं: ब्रिगेडियर संजय

**सांस्कृतिक उल्लास और गौरव का दिखा अनूठा संगम**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रैंप शो में छोटे बच्चों ने किया मंत्रमुग्ध**

**रैंप शो में छोटे बच्चों ने अपनी आत्मविश्वास भरी प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। गोल्डन एरा ऑफ बॉलीवुड में छात्रों ने पुराने बॉलीवुड गानों पर शानदार नृत्य किया। राजस्थानी लोक नृत्य और छोटानागपुरी लोक नृत्य में क्षेत्रीय संस्कृति की खूबसूरत झलक मिली। बंगाली लोक नृत्य और गिद्धा-पंजाबी नृत्य की प्रस्तुतियों ने दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। कव्वाली के सुरों ने कार्यक्रम में संगीत की मिठास घोल दी, जबकि हॉरर डांस ने रोमांच भर दिया।**

**रामगढ़।** पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय, रामगढ़ कैंट में केविस का स्थापना दिवस सह वार्षिक समारोह का आयोजन बड़े ही हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर विद्यालय के छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय प्रांगण में हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ब्रिगेडियर संजय चंद्र कांडपाल (कमांडेंट पीआरसी, रामगढ़ कैंट और अध्यक्ष, वीएमसी) ने अपनी उपस्थिति दर्ज करायी। उनके साथ विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ रेणु स्लारिया (अध्यक्ष, रामगढ़ कैंट) ने भी कार्यक्रम में शामिल हुए। समारोह की शुरुआत मुख्य अतिथि के स्वागत और कलर पार्टी की भव्य प्रस्तुति से हुई। विद्यालय के छात्रों ने ग्रीन वेलकम के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। सरस्वती वंदना की मधुर प्रस्तुति ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया।

**प्रधानाचार्य ने स्वागत भाषण देकर वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत किया:** प्रधानाचार्य अमर कुमार ने स्वागत भाषण के साथ समारोह की शुरूआत करते हुए विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। उन्होंने विद्यालय की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए छात्रों और शिक्षकों की मेहनत की सराहना की। सांस्कृतिक कार्यक्रमों का मुख्य आकर्षण सांस्कृतिक प्रस्तुतियां रहीं, जिनमें छात्रों ने अपनी प्रतिभा और कला का शानदार प्रदर्शन किया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में विविधता और भारतीय संस्कृति की झलक देखने को मिली।

**अतिथियों ने विजेता को किया सम्मानित :** कार्यक्रम के अगले चरण में मुख्य अतिथि ब्रिगेडियर संजय चंद्र कांडपाल और विशिष्ट अतिथि डॉ रेणु स्लारिया ने छात्रों को उनकी उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए पुरस्कार प्रदान किये। पुरस्कार प्राप्त करने वाले छात्रों के चेहरों पर खुशी और गर्व की झलक साफ दिखाई दी।

**सांस्कृतिक और शैक्षणिक गतिविधियां बच्चों के समग्र विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं:** अपने संबोधन में मुख्य अतिथि ब्रिगेडियर संजय चंद्र कांडपाल ने विद्यालय के प्रयासों की सराहना की और छात्रों को प्रोत्साहित करते हुए कहा, सांस्कृतिक और शैक्षणिक गतिविधियां बच्चों के समग्र विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। इस मंच पर प्रस्तुतियों से साबित होता है कि यह विद्यालय बच्चों के सर्वांगीण विकास में सफल है। कार्यक्रम के अंत में मधुलिका वर्मा ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। उन्होंने मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि, विद्यालय प्रबंधन, शिक्षकों, अभिभावकों और छात्रों का आभार व्यक्त किया। समारोह का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

## अत्याचार के खिलाफ निकली जनाक्रोश रैली



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**कुंदा/चतरा।** प्रखंड मुख्यालय में सोमवार को बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे बर्बरता पूर्ण अत्याचार के खिलाफ जन आक्रोश रैली निकाली गयी। जिसे लेकर भारी संख्या में लोग अपने दुकानें बंद रख कर इसका समर्थन दिया। कुंदा बाजार टाड़ में सोमवार को लगने वाला साप्ताहिक बाजार भी 3 बजे तक बंद रहा, और बाजार टाड़ परिसर में एकजुट होकर बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ जन सभा का आयोजन किया गया। इसके बाद पूरे कुंदा प्रखंड मुख्यालय का भ्रमण कर जन आक्रोश रैली निकाली गयी। रैली के दौरान बांग्लादेशी घुसपैठियों को भगाओ हिंदुओं पर अत्याचार नहीं सहेंगे, जैसे कई नारे लगाये जा रहे थे। कार्यक्रम समाप्ति के बाद प्रसाद वितरण किया गया। जन आक्रोश रैली में मुख्य रूप से हजारीबाग विभाग सह संगठन मंत्री सतीश गुप्ता, कुंदा पंचायत मुखिया मनोज कुमार साहू, अजीत मिश्रा, मनोज कुमार यादव, इंद्ररू राम, ऋषि कुमार अनेकों महिलाए और बच्चे काफी संख्या में सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## एक वर्ष बीत जाने के बावजूद नहीं शुरू हो पाया आयुष्मान आरोग्य मंदिर



**मांडू (आजाद सिपाही)।** मांडू के जोड़ाकरम में एनएच 33 के किनारे बना आयुष्मान आरोग्य मंदिर आज तक शुरू नहीं पाया है। जानकारी के अनुसार आयुष्मान आरोग्य मंदिर के बने और हैंड ओवर हुए करीब एक वर्ष से अधिक समय बीत गया, मगर अब तक यह चालू नहीं हो पाया है। अगर यह स्वास्थ्य केंद्र चालू हो जाता है, तो बीसमाइल, जोड़ाकरम, सेमरा के ग्रामीणों, राहगीरों और सड़क दुर्घटना में घायल हुए लोगों के लिए वरदान साबित होगा। लोगों को उपचार के लिए मांडू या कुजू जाना नहीं पड़ेगा। मगर इस केंद्र को चालू करने में स्वास्थ्य विभाग रुचि नहीं दिखा रही हैं। सूत्रों के अनुसार करीब दो वर्ष पूर्व 55 लाख रुपये की लागत से विशेष प्रमंडल विभाग द्वारा यह भवन का निर्माण कराया गया था। इस संबंध में मांडू सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी डॉ रश्मि रोमिला सांगा ने बताया कि केंद्र में बिजली की व्यवस्था नहीं है, इस संबंध में बिजली विभाग और प्रखंड विकास पदाधिकारी मांडू को जानकारी दी गयी है। बिजली की व्यवस्था होने पर केंद्र में कार्य शुरू करा दिया जायेगा।

## पुल और पीसीसी पथ निर्माण कार्य में अनियमितता

**कुजू (आजाद सिपाही)।** डीएमएफटी फंड से करीब 98 लाख 55 हजार रुपए की लागत से मांडू प्रखंड के कुजू पूर्वी पंचायत अंतर्गत कसेराधौड़ा से लेकर तीन नंबर कुजू कोलियरी तक बनाये जा रहे पुल और पीसीसी पथ निर्माण में ठेकेदार द्वारा घोर अनियमितता बरते जाने की खबर है। इसको लेकर आस-पास के ग्रामीणों में काफी रोष व्याप्त है। ग्रामीणों की शिकायत पर पंचायत मुखिया प्रतिनिधि अशोक कुमार, उप मुखिया कुमारी नीलम और पंसस प्रतिनिधि फुलेश्वर साव द्वारा निर्माण कार्य स्थल पर पहुंचकर मामले की जांच करायी गयी। जांच के बाद जनप्रतिनिधियों ने ग्रामीणों की शिकायत को सही पाया। इनका कहना है निर्माण कार्य में घटिया सीमेंट और पत्थर का खुल कर प्रयोग किया जा रहा है। उक्त शिकायत को लेकर ग्रामीणों ने जेई हर्ष महतो को सूचना दी। ग्रामीणों की सूचना के बाद जेई हर्ष महतो ने भी निर्माण कार्य का निरीक्षण किया और ठेकेदार को जमकर फटकार लगायी। काफी जद्दोजहद के बाद ठेकेदार द्वारा निर्माण स्थल पर रखे गये घटिया सीमेंट की बोरियो को हटाकर अल्ट्राटेक सीमेंट मंगवाया गया। लेकिन ठेकेदार की कार्यप्रणाली से असंतुष्ट ग्रामीणों ने प्रशासनिक पदाधिकारियों से मामले की उच्चस्तरीय जांच की मांग की है। ताकि निर्माण कार्य में बेहतरी लाया जा सके।

## पुलिस ने महुआ और दर्जनों शराब भट्टी को किया ध्वस्त



**हंटरगंज/ चतरा (आजाद सिपाही)।** थाना पुलिस ने सोमवार को क्षेत्र के जबड़ा गांव में शराब विनिष्टीकरण अभियान चलाया। इसका नेतृत्व पुलिस इंस्पेक्टर पप्पु कुमार और थाना प्रभारी मनीष कुमार द्वारा किया गया। इस मौके पर पुलिसिया कार्रवाई में 50 क्विंटल जावा महुआ और सैकड़ों ड्राम को जेसीबी मशीन से ध्वस्त किया गया। इसके अलावे काफी मात्रा में शराब को विनिष्ट किया गया। उक्त कार्रवाई पुलिस अधीक्षक चतरा के निर्देश पर किया गया। इस दौरान थाना प्रभारी ने बताया कि बड़े पैमाने पर जबड़ा के जंगली क्षेत्रों में अवैध महुआ शराब की कारोबार और तस्करी किये जाने की सूचना मिल रही थी। जिस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए उक्त कार्रवाई की गयी। वही शराब तस्करी में शामिल लोगों की पहचान की जा रही है। इसके पूर्व भी कई लोगों पर कानूनी कार्रवाई करते हुए जेल भेजा जा चुका है। उन्होंने बताया कि जंगली क्षेत्र और बिहार के सटे क्षेत्र होने के कारण लोग बड़े पैमाने पर शराब की तस्करी कर बिहार भेजा जाने की लगातार सूचना मिल रही थी ।

## तोपा लोकल रोड सेल में 28 ट्रकों की हुई इंट्री

कुजू (आजाद सिपाही)। सीसीएल तोपा परियोजना के लोकल रोड सेल 19 दिन बाद सोमवार को फिर से ट्रकों पर कोयला लोडिंग के साथ शुरू हो गया। तोपा लोकल सेल संचालन समिति के लोगों ने डीओ होल्डर, लिफ्टर शिफ्टर के साथ भी मिलकर सेल में ट्रक लगाने और पर्याप्त सुरक्षा प्रदान करने का आश्वासन दिया गया। बाद में सभी लोगों के प्रयास से सोमवार को सेल शुरू किया जा सका। जिसमें सेल में कुल 28 ट्रक कोयला लोडिंग के लिए इंट्री की गई। मालूम हो कि गत 26 नवंबर की रात्रि राहुल दुबे गिरोह के गुर्गों ने जमकर गोली चालन के बाद से ही 27 नवम्बर से सेल बंद पड़ा था।

# सड़क दुर्घटना में युवक की मौत, घंटो सड़क जाम

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**बड़कागांव।** बड़कागांव थाना क्षेत्र के बादम-अंबाजीत रोड में रविवार देर लगभग शाम 7:00 बजे सड़क दुर्घटना में गोंदलपुरा निवासी पारा शिक्षक गणेश महतो का 26 वर्षीय पुत्र स्कूटी सवार पिंटू कुमार का सड़क दुर्घटना में मौत हो गयी। इस दौरान पिंटू अपने साथी बादम गांव निवासी बिहारी महतो के साथ स्कूटी से हजारीबाग से जैकेट खरीद कर मोतरा मार्ग होते वापस घर लौट रहे थे। घटना में बिहारी महतो को भी माथा में और आंख पर गंभीर चोट लगी है। बिहारी के परिजनों ने इलाज के लिए हजारीबाग ले गये। घटना में पिंटू के मौत हो जाने से आक्रोशित ग्रामीणों ने आरोपियों को पकड़ने की मांग को लेकर रविवार देर शाम 7:15 बजे से लेकर दूसरे दिन सोमवार को 12:00 दिन तक लगभग 17 घंटे सड़क जाम रखा। पुलिस और स्थानीय जनप्रतिनिधियों प्रबुध जनों के प्रयास से सड़क जाम हटाया गया। पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए हजारीबाग भेज दी। पुलिस ने मृतक के परिजन के द्वारा दी गयी आवेदन पर मामले की जांच पड़ताल करने के साथ कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। मृतक के पिता गणेश महतो ने बताया कि बादम अंबाजीत मार्ग स्थित सेवानिवृत शिक्षक राम लखन सिंह के घर के पास सड़क पर दुर्घटना हुई है, जिसमें मेरे बेटे को ट्रैक्टर ने धक्का मार कर हत्या कर दिया है। उस वक्त सतीश का दुकान खुला हुआ था। घटना रविवार देर शाम 7:06 की है घटना में मेरे बेटे पिंटू का दोस्त बिहारी महतो भी घायल हुआ जिसे तुरंत इलाज के लिए हजारीबाग ले जाया गया। परंतु घायल मेरे बेटे को घटनास्थल पर ही छोड़ दिया गया। इलाज के लिए साथ में मेरे घायल बेटे को क्यों नहीं ले जाया गया। अगर साथ में इलाज के लिए ले जाया गया होता, तो मेरा बेटा बच जाता, यह पूर्ण रूप से हत्या है मेरे बेटे की हत्या की गयी है। मैं पुलिस प्रशासन से मांग करता हूं कि जल्द से जल्द आरोपीओं को पकड़ कर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जायें। बताते चलें कि बादम से मोतरा घाटी में पिछले 10 वर्षों में अलग-अलग सड़क दुर्घटना में अब तक 10 लोगों की जान गयी है।

## प्रवासी मजदूर की दुर्घटना में मौत

**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)। टाटीझरिया प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत बिसाय गांव का एक प्रवासी मजदूर की राजस्थान में मौत हो गयी है। घटना के बाद परिजनों और गांव में मातम छा गया है। मृतक टाटीझरिया पंचायत के बिशाय निवासी लालो मांझी का 20 वर्षीय पुत्र अशोक मूर्मू है। अशोक ट्रांसमिशन लाइन में काम करता था। मिली जानकारी के अनुसार टावर लगाने के दौरान वह नीचे काम कर रहा था तभी ऊपर टावर से उसपर भारी लोहा गिर गया। जिसमें उसके गर्दन के पास गहरी चोट लग गयी और उसकी मौत हो गयी। बताया जा रहा है कि अशोक मूर्मू तीन महीने पहले टावर लाइन में काम करने के लिए राजस्थान गया हुआ था। मजदूर के मौत की सूचना मिलने के बाद परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। वह अपने पीछे बूढे मां-बाप, तीन भाई और एक बहन सहित भरा पूरा परिवार छोड़ चला गया। सोमवार को राजस्थान से शव उसके गांव बिशाय लाया जा रहा था।**

### राजस्व संबंधित कार्यों को लेकर डीसी ने की समीक्षा

# आवेदनों को जल्द निष्पादित करने का निर्देश

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**लंबित दाखिल-खारिज मामलों को एक सप्ताह में करें निष्पादन**

**बैठक के दौरान मैनेजर आइटी वेदांत कुमार के द्वारा पीपीटी प्रेजेंटेशन के माध्यम से अंचलवार विभिन्न कार्यों की जानकारी दी गयी। इस दौरान डीसी ने दाखिल खारिज मामलों की समीक्षा के क्रम में डीसी ने सेवा का अधिकार अधिनियम का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए दाखिल खारिज संबंधित सभी मामलों को निर्धारित अवधि के दौरान निष्पादित करने का निर्देश दिया। साथ ही डीसी ने दाखिल खारिज संबंधित कार्यों में आ रही तकनीकी समस्याओं को लेकर मैनेजर आइटी को संबंधित अंचल कार्यालय के साथ संपर्क कर समस्या हल करने का निर्देश दिया। मौके पर डीसी ने लंबित दाखिल खारिज मामलों को एक सप्ताह में अभियान मोड में कार्य कर निष्पादित करने का निर्देश दिया।**

**रामगढ़।** राजस्व संबंधित कार्यों को लेकर सोमवार को डीसी चंदन कुमार की अध्यक्षता में जिला समाहरणालय के सभागार में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान बैठक में राजस्व संग्रहण कार्यों की समीक्षा के क्रम में डीसी ने आंतरिक संसाधन, उत्पाद, खनन, परिवहन, विद्युत सहित अन्य संबंधित विभागों से प्राप्त लक्ष्य के अनुरूप अब तक की गयी उपलब्धि की जानकारी ली। डीसी ने निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति जल्द से जल्द सुनिश्चित करने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश अधिकारियों को दिये। नीलाम पत्र वादों की समीक्षा के क्रम में डीसी ने संबंधित जिला और अनुमंडल स्तरीय अधिकारियों, अंचल अधिकारियों को बैंक प्रतिनिधियों के साथ समन्वय कर तीव्र गति से मामले निष्पादित करने का निर्देश दिया। परिशोधन पोर्टल के माध्यम से आमजनों को उपलब्ध करायी जा रही भूमि संबंधित दस्तावेजों में सुधार सहित अन्य सुविधाओं की जानकारी लेने के क्रम में डीसी ने पोर्टल पर आये आवेदनों को जल्द से जल्द निष्पादित करने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी, भूमि सुधार उपसमाहर्ता, जिला परिवहन पदाधिकारी, जिला स्तरीय अधिकारियों, अंचल अधिकारियों सहित अन्य उपस्थित थे।

## आज मनाया जायेगा राष्ट्रीय पेंशन दिवस

गढ़वा (आजाद सिपाही)। झारखंड पेंशनर्स कल्याण समाज गढ़वा के अध्यक्ष केके यादव ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा है कि 17 दिसंबर 2024 को राष्ट्रीय पेंशन दिवस मनाया जाना है। इस कार्यक्रम को झारखंड पेंशनर्स कल्याण समाज गढ़वा के कार्यालय में मंगलवार को 11:30 बजे से मनाया जायेगा। इस अवसर पर जिले के सभी पेंशनरों से और पदाधिकारी से आग्रह है कि निर्धारित तिथि और समय पर उपस्थित होकर राष्ट्रीय पेंशन दिवस के अवसर पर भाग लेने की कृपा करें।

## ‘कॉफी विद एसडीएम’ कार्यक्रम कल

गढ़वा (आजाद सिपाही)। प्रशासन-नागरिक संवाद की दिशा में प्रयास के रूप में आरंभ किये गये 1 घंटे के विशेष कार्यक्रम ‘कॉफी विद एसडीएम’ में इस सप्ताह आमंत्रित समूह के रूप में स्थानीय किसान भाग लेंगे। यह कार्यक्रम 18 दिसंबर को पूर्वाह्न 11:00 से 12:00 बजे के बीच गढ़वा सदर अनुमंडल क्षेत्र के ऐसे इच्छुक किसानों को खुले रूप से आमंत्रित किया गया है।

# नशीली दवाओं के कारोबार में संलिप्त महिला को पुलिस ने गिरफ्तार कर छोड़ा, लोगों में आक्रोश

आजाद सिपाही संवाददाता




**बड़बड़।** नशीली दवाओं के कारोबार में पिछले कई वर्षों से संलिप्त महिला को रविवार को सुबह बड़गड़ पुलिस ने गिरफ्तार कर रात्रि में छोड़ दिया। नशीली दवाओं के कारोबारी महिला को छोड़े जाने पर पुलिस की कार्यशैली पर ग्रामीणों ने सवाल खड़ा कर दिया है। ग्रामीणों के अनुसार घटना रविवार की सुबह करीब 11:00 बजे की है। बाड़ी खजूरी गांव स्थित संपत बांध के उत्तर पश्चिम दिशा की ओर तीन लड़के खुद से अपने हाथों में नशीली दवा का इंजेक्शन नश में लगा रहे थे। उनके इस हरकत को देख आस-पास के कुछ ग्रामीण उनसे पुछताछ करने लगे और उनके पैकेट की जांच की तो उनके पास से और इंजेक्शन एवं सिरिंज मिला, तब ग्रामीणों को उक्त इंजेक्शन नशीला होने का शक हुआ और इसकी सूचना बड़गड़ थाना को दी। पुलिस के पहुंचने तक ग्रामीण उक्त तीनों युवकों को अपने कब्जे में रखे हुए थे। ग्रामीणों को शिकायत पर पहुंची पुलिस उक्त तीनों लड़कों को अपने कब्जे में कर उक्त दवा के बारे में पूछताछ की, जिसमें उन्होंने अपने शरीर में इस्तेमाल कर चुके तथा पास में रखे दवाओं को नशे के रूप में इस्तेमाल होने वाली दवा होने की बात स्वीकारी। पुलिस द्वारा पूछे जाने पर किया दवा उन्हें कहां से मिलती है तो उन्होंने बोडरी गांव के दीपा टोली में रहने वाली पूर्णिमा कुमारी उर्फ रानी का नाम बताया। नशा खुरानी के शिकार तीनों युवकों के निशानदेही पर उन्हें साथ लेकर पुलिस दलबदल के साथ पूर्णिमा कुमारी उर्फ रनिया के घर पहुंची वहां पुलिस को छापेमारी के दौरान भारी मात्रा में पूर्णिमा के घर से नशीले दवा का इंजेक्शन व कफ सिरप सहित आंगन में सूखने के लिए रखे गये कच्चे गांजा की फसल को बरामद किया। ग्रामीणों ने बताया कि पुलिस को उसके घर से विस्फोटक पदार्थ रुप में बारुद भी कुछ मात्रा में बरामद कि है। छापेमारी के दौरान दो अन्य युवक वहां नशीली दवा खरीदने पहुंचे हुए थे। पुलिस ने उनके साथ नशीली दवाओं के कारोबार में सम्मिलित पूर्णिमा कुमारी उर्फ रानी तथा उसकी मां को गिरफ्तार कर बड़गड़ थाने ले गयी। ग्रामीण रमेश बखला, सुपर नगेशिया, ग्राम प्रधान बसंत नगेशिया, सोमारु सिंह, प्रशांत लकड़ा, अजय टोप्पो, ललन कुजूर, कृष्णा भुंईहर आदि ने बताया कि देर शाम बड़बड़ पुलिस ने हमें बुला कर उक्त घटना का बनाया हुआ वीडियो जबरन डीलिट करा दिया वहीं सादे पन्ने पर हस्ताक्षर करा कर हमें थाने भेज दिया। उन्होंने कहा कि उसी रात पूर्णिमा कुमारी उर्फ रानी सहित सभी आरोपी को पुलिस ने छोड़ दिया, जो संदेहास्पद है। नशीली दवा के कारोबार से जुड़े ऐसे अपराधी को छोड़े जाने से ग्रामीणों में रोष व्याप्त है।

# जिंदगी में अनुशासित रहने वाले लोग होते हैं सफल: उपायुक्त

**क्रिकेट का महाकुंभ शुरू, 53 टीमों के बीच होगा मुकाबला**

आजाद सिपाही संवाददाता




**गढ़वा।** 23वीं गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्घाटन गोविंद हाई स्कूल के मैदान में सोमवार को डीसी शेखर जमुआर, एसपी दीपक पांडेय, एसडीओ संजय कुमार पांडेय, संरक्षक अलख नाथ पांडेय, अध्यक्ष मदन केशरी, सचिव आनंद कुमार सिन्हा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर और खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर के किया, वहीं डीसी शेखर जमुआर ने बैटिंग कर के किया। इस मौके पर डीसी शेखर जमुआर ने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि जहां आप लोग खड़े हैं हम भी वहीं खड़े रहते थे और आज आप वहां हैं और हम यहां है। उन्होंने कहा कि खेल पहले वाला खेल नहीं रहा, आज का समय खेल को कैरियर बनाने का है। स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्घाटन टाउन हॉल के मैदान में किया गया, परंतु इसका समापन नये स्टेडियम में होगा।

एसपी दीपक कुमार पांडेय ने कहा कि खेल सिर्फ स्वस्थ्य शरीर के लिए जरूरी है, आयोजक को बधाई देता हूं, जिसे 23 साल से निरंतर चला रहे हैं। वहीं लड़कों के साथ-साथ बेटियों को भी मौका दिया गया है। एसडीओ संजय कुमार पांडेय ने कहा कि खेल मानव के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक हैं। संरक्षक अलख नाथ पांडेय ने कहा कि आप लोग खेल को अनुशासन रूप से खेलते हुए अपने स्कूल का नाम रोशन करेंगे। अध्यक्ष मदन प्रसाद केशरी ने स्वागत भाषण करते होए कहा की यह प्रतियोगिता गढ़वा जिले के लिए नही बल्कि राज्य के लिए गर्व की बात है, सभी के सहयोग से लगातार 23 वर्षो से संचालित हो रहा है। इस मौके पर उपाध्यक्ष अशोक दुबे, संजय सोनी, अशोक विश्वकर्मा, पंकज सिंह, चंद्रभूषण सिन्हा, जितेंद्र सिंह, अनिल विश्वकर्मा, सह सचिव प्रिंस सोनी, धीरज सहित सभी स्कूल के खिलाड़ी और कोच शामिल थे।

## जाकिर हुसैन के निधन पर शोकसभा का आयोजन



गढ़वा (आजाद सिपाही)। संगीत कला महाविद्यालय में विश्व के महशूर तबला वादक जाकिर हुसैन के निधन पर संगीत के छात्र-छात्राओं, गढ़वा के वरिष्ठ कलाकारों और संगीत प्रेमियों ने एक शोकसभा का आयोजन कर जाकिर हुसैन को श्रद्धांजलि अर्पित किया। इस मौके संगीत कला महाविद्यालय के निदेशक प्रमोद सोनी ने कहा कि जाकिर हुसैन साहब तबला वादन में महज 12 साल के उम्र से ही अपनी तपस्या और साधना के द्वारा तबला वादन को विश्व पटल पर बहुत ऊंचा मुकाम स्थापित कर दिये, आज हिंदुस्तान के साथ-साथ सारा विश्व में उनके निधन पर शोक की लहर है। मैलोडी ग्रुप के निदेशक दया शंकर गुप्ता ने कहा कि जाकिर हुसैन जैसा विभूति सदियों में धरती पर अवतरित होते हैं। इस अवसर पर वरिष्ठ कलाकार कृष्ण कुमार गुप्ता, गोपाल कश्यप, सुधांश, धर्मेंद्र, लाल बहादुर सिंह, सुशील, तबला वादक सुमित, प्रीतम आदि संगीत के छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## जायन्ट्स ग्रुप में नये पदाधिकारियों का चयन



गढ़वा (आजाद सिपाही)। जायन्ट्स ग्रुप आफ गढ़वा की बैठक स्थानीय ज्ञान निकेतन स्कूल में ग्रुप अध्यक्ष कमलेश गुप्ता की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस बैठक में सत्र 2025 के लिए नये पदाधिकारी का चुनाव सर्व समिति से किया गया, जिसमें राकेश केसरी को सत्र 2025 के लिए अध्यक्ष, अवधेश कुशवाहा को आंतरिक उपाध्यक्ष, चंद्र भूषण सिंहा को बाह्य उपाध्यक्ष, मुजीबउद्दीन खान को फिर से एक बार प्रशासनिक निदेशक और अशोक केसरी जी को पुनः वित्त निदेशक का भार सौपा गया। बैठक में ग्रुप अध्यक्ष कमलेश गुप्ता के अलावा जायन्ट्स वेलफेयर फाउंडेशन सेंट्रल कमेटी के सदस्य अजय कांत पाठक, पूर्व स्पेशल कमेटी सदस्य विजय केशरी, फेडरेशन 8 के पूर्व अध्यक्ष विनोद कमलापुरी और एमपी केशरी, फेडरेशन के वर्तमान उपाध्यक्ष मनोज केशरी रूपा गंजी आदि सदस्य उपस्थित थे।

# शिक्षा को बढ़ावा देने में एकल विद्यालय का कार्य सराहनीय : एसडीओ

**एकल अभियान का गढ़वा अंचल स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** एकल अभियान अभ्युदय युथ क्लब द्वारा सोमवार को रामासाहू उच्च विद्यालय के मैदान में अंचल स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। गढ़वा सदर एसडीओ संजय कुमार, क्लब के गढ़वा अंचल उपाध्यक्ष डॉक्टर पातंजली केशरी, सचिव अरुण कुमार मेहता, संगठन सचिव सियाराम शरण वर्मा, बंशीधर प्रसाद सहित अन्य लोगों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। एसडीओ संजय कुमार ने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए एकल विद्यालय बेहतर कार्य कर रहा है। एकल विद्यालय की ओर से आयोजित किये जाने वाले इस तरह के कार्यक्रम में कंधा से कंधा मिलाकर चलने की जरूरत है। शिक्षा हमारे जीवन के लिए महत्वपूर्ण है। क्लब के गढ़वा अंचल उपाध्यक्ष डॉक्टर पातंजली केशरी ने कहा कि एकल विद्यालय बच्चों को शिक्षित करने के साथ-साथ सर्वांगीण विकास के लिए समय-समय पर खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन करता है। इससे बच्चों में अनुशासनात्मक प्रतिभा का विकास होगा। उन्होंने कहा कि शिक्षा हमें अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाती है। हमें ज्ञान, नैतिकता और समझदारी मिलती है। मौके पर अंचल सचिव अरुण कुमार मेहता, संगठन सचिव सियाराम शरण वर्मा, गढ़वा संच अध्यक्ष बंशीधर प्रसाद, संच समिति सचिव सुरेंद्र प्रसाद, अभियान प्रमुख राजनाथ राम, श्यामलाल यादव, गढ़वा अंचल प्रमुख सोनू सहित विभिन्न अंचल के आचार्यगण और विभिन्न अंचलों के प्रथम श्रेणी प्राप्त छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# साइबर अपराधियों ने बैंक खाते से उड़ाये 1.99 लाख रुपये

आजाद सिपाही संवाददाता



**डंडई।** थाना क्षेत्र के करके गांव निवासी जितेंद्र यादव पिता रामधनी यादव के झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक शाखा डंडई के खाते से एक लाख निनान्वे हजार रुपये अज्ञात साइबर अपराधियों ने निकाल लिया। भुक्तभोगी जितेंद्र यादव ने बताया कि 23 नवंबर के सुबह करीब 7:44 बजे सेटिंग मोबाइल बैंकिंग क्रैडेंटीयल जेआरजी बैंक के नाम से 6 अंकों का ओटीपी मेरा मोबाइल पर आया और इसके तुरंत बाद मेरे खाते से 50000 हजार रुपये खाते से निकल गया। इसके बाद देखते ही देखते 3 मिनट के अंदर दो बार और ओटीपी आया, इसके बाद 50-50 हजार रुपये निकल गया। मेरे खाते से अंतिम बार में 49000 हजार रुपये निकाली गयी है। इसके तुरंत बाद तत्काल साइबर सेल 1930 नंबर पर ऑनलाइन शिकायत दर्ज करायी। जितेंद्र यादव ने बताया कि मैं उस वक्त बेंगलुरु में मजदूरी का काम कर रहा था। वहां से घर आने में दो दिन का समय लग जाता है। घर आते ही स्थानीय थाना और संबंधित बैंक में लिखित शिकायत कर कार्रवाई की मांग किया। आज शिकायत के 22 दिन गुजर गया, लेकिन अब तक खाते से डेबिट हुए पैसों की कोई जानकारी नहीं चल सका है। इसको लेकर जेआरजी बैंक और स्थानीय थाना का चक्कर काट रहे हैं। बैंक और थाना के द्वारा किसी भी तरह का कोई कार्रवाई नहीं किया जा रहा। साइबर फ्रॉड की जानकारी देते हुए जितेंद्र ने बताया कि 29 अप्रैल 2025 को अपनी बहन के शादी के लिए दो लाख रुपये खाते में मजदूरी कर जमा किया था। जिसे अज्ञात साइबर अपराधियों ने उड़ा लिया। भुक्तभोगी ने बताया कि यदि बैंक प्रबंधक व थाना के द्वारा कुछ कार्रवाई किया जाता, तो मेरा पैसे वापस मिल सकता था। घर के पूरे परिवार इस घटना से काफी सदमे में हैं।

**पक्ष में तर्क :** मामले में बैंक शाखा प्रबंधक शशांक कपद्दार ने बताया कि बैंक लाभुक के शिकायत को बैंक के वरीय पदाधिकारी को जानकारी दी गयी है। इधर थाना प्रभारी अवधेश कमार यादव ने बताया कि मामले से संबंधित आवेदन प्राप्त हुआ है। इसको लेकर बैंक को लिखा गया है, बैंक से विवरण मिलते ही प्राथमिकी दर्ज करायी जायेगी।

## निर्माणाधीन सड़क का ग्रामीणों ने किया विरोध



हरिहरपुर (आजाद सिपाही)। बीते सात वर्षों से कांडी से मझिगावां, कवलदग, कैलान होते हुए भवनाथपुर तक निर्माणाधीन सड़क का विरोध सोमवार को ग्रामीणों ने किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार मझिगावां पंचायत के पोखरा टोला पर ग्रामीणों ने सड़क पर खड़े होकर निमार्णाधीन सड़क के संवेदक के प्रति नाराजगी व्यक्त करते हुए उन पर घोर लापरवाही का आरोप लगाया तथा ग्रामीणों का कहना था कि संवेदक सड़क निर्माण में अपनी मनमानी भी कर रहे हैं क्योंकि बन रहे दोहरीकरण सड़क की कोई निश्चित माप नहीं है, कहीं सड़क हद से ज्यादा चौड़ी है तो कहीं सकरी है, इसमें कांडी से चौबे मझिगावां के पोखरा टोला पर तक दोहरी करण सड़क है, जबकि पोखरा टोला पर स्थित विश्वकर्मा मंदिर से बदमा चौक तक सिंगल सड़क का निर्माण किया जा रहा है। उसके बाद इस जगह को छोड़कर अन्य सभी जगह पर दोहरीकरण किया जा रहा है, परंतु संवेदक की लापरवाही के कारण उक्त स्थान पर दोहरीकरण सड़क का निर्माण न कर सिंगल सड़क का निर्माण किया जा रहा है। इस विरोध के माध्यम से उपस्थित सभी ग्रामीणों ने उपायुक्त गढ़वा से मांग किया है कि निर्माण हो रहे सड़क को तत्काल रोककर नक्शा के अनुसार सर्वे में जो सड़क की मापी दी गयी है, उस आधार पर मापी कराकर दोहरीकरण सड़क बनाया जाये। ग्रामीणों का एक स्वर में कहना है कि यदि सड़क निर्माण में उनकी मांगों को पूरा नहीं किया जाता है तो इसका पुरजोर विरोध किया जायेगा।

## मोटिवेशनल कार्यक्रम का आयोजन

हरिहरपुर (आजाद सिपाही)। स्थानीय उवि के प्रांगण में आयोजित मोटिवेशनल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें उच्च न्यायालय दिल्ली के वकील व खान ग्लोबल जीएस रिसर्च संस्थान से जुड़े अभिषेक रंजन सिंह ने दसवीं के बाद प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारियों के लिए आवश्यक टिप्स दिये। अभिषेक ने कहा कि हरिहरपुर उच्च विद्यालय पूरी तरह से ग्रामीण क्षेत्र में अवस्थित है। मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक आदित्य गुप्ता, श्रीवत्स गर्ग सहित शिक्षक व छात्र मौजूद थे।

## विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन

बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)। प्रधान जिला और सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष गढ़वा जिला विधिक सेवा प्राधिकार नलिन कुमार के निर्देशानुसार प्रखंड कार्यालय के सभागार में विधिक जागरूकता सह सशक्तिकरण शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में पेंशन संबंधित 15, मनरेगा योजना से संबंधित 5, साईकिल वितरण 10 तथा जेएसएलपीएस के दीदीओं के बीच 10 लाख रुपये का चेक वितरण किया गया।

## कोल्हान की खबरें

# मानवता की सेवा ही सबसे बड़ा धर्म : काले

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** हर हर महादेव सेवा संघ के तत्वावधान में सोमवार को अमरप्रीत सिंह काले द्वारा सुभाष आश्रम, सर्वोदय आश्रम, राजेंद्र आश्रम, सरदार पटेल आश्रम, कस्तूरबा आश्रम (ए), कस्तूरबा आश्रम (बी), विवेकानंद आश्रम, शास्त्री आश्रम, प्रेम आश्रम, गांधी आश्रम, देवनगर, बाराद्वारी, भक्तिनगर, बमार्माइंस सहित अन्य कई स्थानों पर जरुरतमंदों के बीच कंबल सेवा की।

संघ के संस्थापक अमरप्रीत सिंह काले ने कहा कि यह सेवा कार्य कड़ाके की सर्दी में जरुरतमंद बुर्जुगों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से किया जाता है। उन्होंने यह भी बताया कि हर हर महादेव सेवा संघ समाज सेवा के प्रति हमेशा तत्पर रहता है और भविष्य में भी इस तरह के कार्यक्रम निरंतर जारी रहेंगे। श्री काले ने कहा कि मानवता की सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है, इस प्रकार की समाजसेवा में सभी सहभागी बनें और मिलजुल कर समाज की भलाई के लिए काम करें। इस कंबल वितरण कार्यक्रम में महालक्ष्मी देवी, हीरा देवी, कपूरा सूंडी, रुफमनी देवी, राजू सिन्हा, मनु ढोके, रामा राव, अनील महतो, श्याम गोप, ओलेख सहित अन्य स्थानीय सदस्यों ने इस नेक कार्य में अपना योगदान दिया।

# पुलिसकर्मी और पदाधिकारी सम्मानित

आजाद सिपाही संवाददाता



**सरायकेला।** जिला पुलिस कप्तान मुकेश लुणायल ने 2024 में विधानसभा चुनाव के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिस कर्मी व पदाधिकारी के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया। सोमवार को दुगनी पुलिस केंद्र में आयोजित सम्मान समारोह में जिले के 91 पुलिस अधिकारियों और कर्मियों को सम्मानित किया गया। मौके पर प्रशिक्षु आईएएस आशीष अग्रवाल, दोनों एसडीपीओ, डीएसपी हेडक्वार्टर, प्रशिक्षु डीएसपी सहित तमाम पुलिस पदाधिकारी मौजूद रहे। एसपी मुकेश कुमार लुणायत ने बताया कि सरायकेला खरसावां जिले में 2024 के विधानसभा चुनाव स्वतंत्र, निष्पक्ष, भयमुक्त व शांतिपूर्ण संपन्न कराने वाले पुलिस पदाधिकारियों और कर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## गोविंदपुर से खासमहल तक सड़क निर्माण को लेकर विधायक ने डीसी के साथ की बैठक



जमशेदपुर। जुगसलाई विधान सभा के गोविंदपुर से खास महल तक मुख्य सड़क निर्माण में आ रही अड़चन और गोविंदपुर जलापूर्ति योजना के अनियमिता को लेकर विधायक मंगल कालिंदी ने डीसी के साथ बैठक की। सोमवार को बैठक के दौरान बिजली विभाग के कार्यपालक अभियंता आनंद कौशिक, पेयजल विभाग के कार्यपालक अभियंता सुनील कुमार, पथ निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता दीपक सहाय, संवेदक लड्डू मंगोटिया, स्थानीय जिला परिषद डॉ परितोष सिंह मौजूद रहे। डीसी ने पेयजल विभाग, पथ निर्माण विभाग और विद्युत विभाग के कार्यपालिका अभियंता को जॉइंट सर्वे कर जल्द सभी अड़चनों को दूर करने का दिशा निर्देश दिये, ताकि जल्द से जल्द सड़क निर्माण कार्य शुरू हो सके। साथ ही सरजंदा में बीते 6 दिनों से बंद पड़ी जलापूर्ति व गोविंदपुर जलापूर्ति योजना की अनियमितता को जल्द दूर करने का निर्देश दिया। मौके पर विधायक श्री कालिंदी ने बताया कि आम जनता की परेशानी को देखते हुए चुनाव से पूर्व ही गोबिंदपुर से खास महल तक सड़क निर्माण के लिए संविदा हो चुकी थी, लेकिन चुनाव के कारण कार्य शुरू नहीं हो पाया। विधायक ने कहा, ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए यह एकमात्र सड़क है। जो लाखों लोगों को प्रभावित करती है। इसके बाद भी जल्द कार्य प्रारंभ नहीं पर मुख्यमंत्री से मिलकर सारी समस्याओं से अवगत करायेंगे।

## डीजीपी ने चांडिल थाना प्रभारी को किया निलंबित

चांडिल(आजाद सिपाही)। डीजीपी अनुराग गुप्ता ने चांडिल थाना प्रभारी वरुण कुमार यादव को निलंबित कर दिया। सूत्रों के अनुसार प्रोटोकॉल से बाहर किसी वीवीआइपी का एस्कॉर्ट करने के मामले में उन्हें निलंबित किया गया। वैसे एसपी मुकेश कुमार लुणायत ने निलंबन का कोई स्पष्ट कारण नहीं बताया। उन्होंने बताया वरीय अधिकारियों के आदेश पर यह कार्रवाई की गयी है। उन्होंने अपने थाना क्षेत्र में कई बड़े मामले का खुलासा भी किया हैं। फिलहाल उन्हें अचानक से हटाने पर चर्चाओं का दौर शुरू हो गया है।

# सोनू सरदार बेहद ही मिलनसार और सामाजिक कार्यकर्ता रहे : चंपाई सोरेन

आजाद सिपाही संवाददाता



**गम्हरिया।** बीते दिनों गम्हरिया प्रखंड के यशपुर पंचायत की मुखिया पार्वती सरदार के पति व पारा शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष सोनू सरदार की हत्या के तीन दिन बाद राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री सह क्षेत्र के स्थानीय विधायक चंपाई सोरेन पीड़ित परिवार से मुलाकात की।सोमवार को मुलाकात दौरान उन्होंने पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाया। मौके पर बीटी दास, परमेश्वर प्राधन सहित अन्य मौजूद रहे। पूर्व मुख्यमंत्री ने हत्या की घटना पर संवेदना प्रकट करते हुए कहा कि सोनू सरदार बेहद ही मिलनसार और सामाजिक कार्यकर्ता रहे। उनकी इस तरह से हत्या होना कहीं न कहीं राज्य में बिगड़ते कानून व्यवस्था की पोल खुलते दिख रहा है। पूर्व मुख्यमंत्री ने सोनू के हत्यारों की गिरफ्तारी नहीं होने पर चिंता जतायी। उन्होंने जिला पुलिस से अविलंब हत्यारों को गिरफ्तार करने की मांग की। उन्होंने दुख के घड़ी में पीड़ित परिवार के साथ होने की बात कही।

# तीन दिवसीय स्वास्थ्य जांच शिविर का शुभारंभ

**पहले दिन 12 विद्यालय के 2124 छात्र-छात्राओं की हुई स्वास्थ्य जांच**

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिले के डीसी अनन्य मित्तल के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग के द्वारा जिले के आवासीय विद्यालय में तीन दिवसीय स्वास्थ्य जांच शिविर का शुभारंभ किया गया। शिविर में अध्ययनरत विद्यार्थियों का हीमोग्लोबिन जांच, सिकल सेल जांच, एनसीडी जांच की। मौके पर कुल 12 आवासीय विद्यालयों में 2124 छात्र-छात्राओं का स्वास्थ्य जांच किया गया। जिनमें 1158 का हीमोग्लोबिन जांच, 418 का सिकल सेल जांच,749 मलेरिया जांच,128 टीबी जांच,15 बच्चों का आभा कार्ड व 20 बच्चों का आयुष्मान कार्ड हेतु आवेदन लिया गया।

# झारखंड के 24 जिलों के 180 पत्रकारों का सम्मान

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची के करमटोली स्थित रांची प्रेस क्लब में सोमवार को आजाद सिपाही सम्मान समारोह 2024 का आयोजन किया गया। इस समारोह में झारखंड प्रदेश के सभी 24 जिलों के प्रतिनिधियों के साथ ओडिशा, दिल्ली और यूपी के 180 प्रतिनिधि शामिल हुए। विधानसभा चुनाव में आजाद सिपाही की टीम ने बेहतरीन तरीके से खबरों को जनता के समक्ष पेश किया। इसके लिए प्रधान संपादक हरिनारायण सिंह ने सभी प्रतिनिधियों को सम्मानित किया। जिला और प्रखंड स्तर के प्रतिनिधियों को खबरों से संबंधित कई सुझाव दिए गए और उनकी खबरों से संबंधित समस्याओं को दूर करने का आश्वासन दिया गया। इस आयोजन के स्पॉन्सर में साइनाथ यूनिवर्सिटी, वाईबीएन यूनिवर्सिटी, मेधा डेयरी फार्म, उषा मार्टिन यूनिवर्सिटी, बीआइटी मेसरा, झारखंड राय यूनिवर्सिटी, अदानी ग्रुप, विद्या मंदिर पब्लिक स्कूल नगरी, हिंडालको और चैम्प स्क्वायर शामिल थे। आजाद सिपाही सम्मान समारोह 2024 का आयोजन झारखंड के पत्रकारों को सम्मानित करने और उनके योगदान को मान्यता देने के लिए किया गया था। इस समारोह में शामिल होने वाले पत्रकारों ने अपने अनुभव और ज्ञान को साझा किया और झारखंड के पत्रकारिता के क्षेत्र में अपने योगदान के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रधान संपादक हरिनारायण सिंह ने कहा कि आजाद सिपाही सम्मान समारोह 2024 का आयोजन झारखंड के पत्रकारों को सम्मानित करने और उनके योगदान को मान्यता देने के लिए किया गया है। हमें उम्मीद है कि यह समारोह झारखंड के पत्रकारों को प्रेरित करेगा और उन्हें अपने काम में और भी बेहतरीन प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित करेगा।





पशुपति सिंह



शुभाशीष विवेकानंद





राकेश सिंह


राहुल सिंह


वाइएन झा


विनोद सिंह

## आजाद सिपाही केवल अखबार नहीं, संकल्प है: हरिनारायण सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** आजाद सिपाही केवल अखबार नहीं, एक संकल्प है। इसकी विकास यात्रा अखबारी दुनिया के लिए उदाहरण है और सभी को इसे जानना चाहिए। ये बातें आजाद सिपाही के प्रधान संपादक हरिनारायण सिंह ने सोमवार को संस्थान द्वारा आयोजित सम्मान समारोह सह एडु-कॉर्प मीट में कहीं। उन्होंने कहा कि आजाद सिपाही अखबार की नौ साल की विकास यात्रा ने कई कहानियों को जन्म दिया है। पूरा जीवन केवल पत्रकारिता में बितानेवाले एक पत्रकार द्वारा बिना किसी पूंजी के अखबार निकालने की कल्पना भी आज के समय में बेहद दुरूह मानी जा सकती है। उन्होंने आजाद सिपाही की शुरुआत की कहानी बतायी और कहा कि किस तरह समाज के सभी वर्गों के लोगों से सहयोग मिला। उन्होंने कहा कि आज यदि आजाद सिपाही ने यह मुकाम हासिल किया है, तो इसका पूरा श्रेय इसकी टीम को जाता है। इस टीम ने झारखंड ही नहीं, पूरे देश की पत्रकारिता में एक मानदंड स्थापित किया है। इस टीम की खासियत यही है कि इसका हर सदस्य अपना शत-प्रतिशत देता है। इसलिए आजाद सिपाही के साथ पहले दिन जुड़ा सदस्य आज भी इसके साथ है। यह बहुत बड़ी बात है। उन्होंने कहा कि आज आजाद सिपाही की टीम का प्रत्येक सदस्य इस बात से गौरवान्वित है कि इस अखबार ने आज तक विशुद्ध पत्रकारिता की है और यही कारण है कि इस अखबार को आज तक किसी ने कोई धमकी नहीं दी है।

श्री सिंह ने आजाद सिपाही की भावी रणनीति की भी विस्तार से जानकारी दी और कहा कि यह अखबार अब अपना दायरा बढ़ाने के लिए पूरी तरह तैयार है। झारखंड के हर जिला मुख्यालय और प्रमुख शहरों के बाद प्रखंड स्तर तक इसका विस्तार हो चुका है। कई पंचायतों और गांवों में भी इसके प्रतिनिधि हैं। अखबार के यूट्यूब चैनल और डिजिटल प्लेटफॉर्म ने इसे देश की सीमाओं के पार ले जाकर विदेशों तक पहुंचा दिया है। आज झारखंड के राजनीतिक क्षेत्र में आजाद सिपाही सभी की पहली पसंद बन चुका है। प्रशासनिक हलकों में इस अखबार का कितना महत्व है, यह इसी बात से प्रमाणित होता है कि कई बार प्रशासन का कार्यक्रम तब तक शुरू नहीं होता, जब तक आजाद सिपाही का प्रतिनिधि वहां पहुंच नहीं जाता है। यही नहीं, प्रशासनिक अधिकारी अपने अधीनस्थों को सूचना भेजने के लिए अक्सर आजाद सिपाही के डिजिटल प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल करते हैं। श्री सिंह ने आजाद सिपाही की टीम की हौसला अफजाई की और कहा कि इस संकल्प को आगे भी बनाये रखना है। लोगों से संपर्क और व्यवहारकुशलता इस अखबार की पहचान है। इसकी पूंजी है। इसलिए इसे हर हाल में कायम रखना है।

## शिक्षित नागरिक ही विकसित समाज की रीढ़ हैं: मनीष सिन्हा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** चैंप स्क्वायर के डायरेक्टर मनीष सिन्हा ने आजाद सिपाही के बैनर तले सम्मान समारोह सह एडु-कॉर्प मीट कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि समाज में शिक्षा का अहम स्थान होता है। शिक्षित नागरिक ही विकसित समाज की रीढ़ हैं। किसी भी देश की प्रगति उसके नागरिकों में शिक्षा के अनुपात पर निर्भर करती है। शिक्षा न केवल रोजगार एवं आर्थिक उन्नति का माध्यम है, बल्कि श्रेष्ठ और सभ्य नैतिक समाज के निर्माण का प्रमुख हथियार है। देश को शिक्षा के बल पर विकसित बनाने की मुहिम में मीडिया की अहम भूमिका होती है। मीडिया ही समाज का आइना होता है, जो समाज में पनप रहे शिक्षा और अशिक्षा के पैमाने को सामने लाता है और देश को सही दिशा देने का काम करता है।



## एडु-कॉर्प मीट बहुत अच्छी पहल है : संजीव शेखर

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** आजाद सिपाही सम्मान समारोह 2024 में बतौर अतिथि पहुंचे अडानी पावर के हेड कॉर्पोरेट अफेयर्स संजीव शेखर ने कहा कि पत्रकार समाज का आइना है। वह जिन विपरीत परिस्थिति में पत्रकारिता कर रहे हैं उनसे सबक लेने की जरूरत है। क्योंकि मैं खुद एक पत्रकार रह चुका हूं। तो मैं जानता हूं कि पत्रकारों के सामने क्या चुनौतियां आती हैं और किस तरीके से पत्रकार उन चुनौतियों का सामना करते हुए पत्रकारिता कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि आजाद सिपाही की एडु-कॉर्प मीट एक बहुत अच्छी पहल है। संजीव शेखर ने कहा कि एजुकेशन और कॉर्पोरेट का जो समागम है वह आज के दौर के लिए बहुत जरूरी भी है।



## 1100 यूनिवर्सिटी में वाइबीएन यूनिवर्सिटी भी है : रामजी यादव

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** वाइबीएन यूनिवर्सिटी के संस्थापक रामजी यादव ने कहा कि आजाद सिपाही की जब शुरुआत हुई थी, तो मैंने भी 1000 रुपये देकर मेंबरशिप ली थी। मुझे खुशी होती है कि आज आजाद सिपाही इस मुकाम पर पहुंचा है और सफलतापूर्वक अपने दसवें वर्ष में कदम रखा है।

उन्होंने कहा कि मैं भी अपने जीवन यापन की शुरुआत दूध बेचने से की थी और आज मैं एक यूनिवर्सिटी चल रहा हूं, जो बहुत बड़ी उपलब्धि है। दूध बेचने के बाद मैंने आइटीआइ खोल फिर सफर आगे बढ़ता गया आज 1100 यूनिवर्सिटी में से एक मेरा भी एक यूनिवर्सिटी है। उन्होंने कहा कि मैं यूनिवर्सिटी के माध्यम से सोशल वर्क भी करना चाहता हूं।



## 'जैक आफ ऑल मास्टर ऑफ नॉन' में पत्रकार फिट हैं : एसपी अग्रवाल

आजाद सिपाही संवाददाता


**रांची।** साईनाथ यूनिवर्सिटी के कुलपति एसपी अग्रवाल ने कहा कि जब हम अखबार पढ़ते हैं, तो उसमें क्राइम की भी खबरें रहती हैं, एजुकेशन की भी खबर रहती हैं, बिजनेस की भी खबरें रहती हैं, राजनीति की भी खबरें रहती हैं। एक अंग्रेजी में कहावत है 'जैक आफ ऑल मास्टर ऑफ नॉन' इस कहावत में पत्रकार सबसे ज्यादा सूट करते हैं। क्योंकि पत्रकार को हर विषय की जानकारी होनी चाहिए। क्योंकि उन्हें हर फील्ड के विषय में लिखना पड़ता है। पत्रकार समाज का आइना होता है। उन्होंने आजाद सिपाही के सफरनामे के संदर्भ में कहा कि मान मिले, सम्मान मिले, सुख संपत्ति का वरदान मिले, कदम कदम पर मिले सफलता, सदियों तक पहचान मिले।



## ज्ञान अर्जित कर बिजनेस की बाधाओं को दूर किया : सुरेश साहू

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** विद्या मंदिर पब्लिक स्कूल के संस्थापक सुरेश साहू ने आजाद सिपाही के नौ साल के सफर की सराहना की। उन्होंने कहा कि विपरीत परिस्थितियों में आजाद सिपाही आज जिस मुकाम पर है, वह किसी केस स्टडी से काम नहीं है। आजाद सिपाही सफल 9 साल पूरे किये हैं। साथी उन्होंने अपने निजी संघर्षों को भी साझा किया, जो समाज के लिये एक प्रेरणादायी है। इन्होंने अपने बिजनेस के उतार चढाव की कहानी को साझा किया। बताया कि कैसे उन्होंने कैसे हर कदम पर ज्ञान अर्जित कर बिजनेस की बाधाओं को दूर किया। कैसे एक पंचर दुकान से इन्होंने शुरुआत की और आज एक शिक्षा संस्थान के सफल संस्थापक है।



# संविधान पर बहस

लोकसभा में संविधान को लेकर हुई दो दिनों की बहस न केवल समकालीन राजनीतिक मुद्दों पर बल्कि लोकतंत्र, समाज और इतिहास से जुड़े कई महत्वपूर्ण पहलुओं पर सत्ता पक्ष और विपक्ष के अलग-अलग नजरियों को स्पष्ट कर गयी। इस बहस का भी एक बड़ा बिंदु आरक्षण ही रहा। जहां विपक्ष ने इन आरोपों को दोहराया कि सत्ता पक्ष मूल रूप से आरक्षण की व्यवस्था के खिलाफ है और जब-तब दबे-छुपे ढंग से उसकी यह अंदरूनी इच्छा संघ और पार्टी के छोटे-बड़े नेताओं के बयानों से जाहिर होती रहती है। जवाब में खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्पष्ट किया कि आरक्षण की जो व्यवस्था अभी लागू है, उनकी सरकार उस पर आंच नहीं आने देगी, लेकिन धर्म के आधार पर आरक्षण देने की कोई भी कोशिश वह सफल नहीं होने देगी। जाहिर है, इसमें मतदाताओं की अपने अनुकूल गोलबंदी करने की दोनों पक्षों की कोशिश भी देखी और पहचानी जा सकती है। तानाशाही एक और ऐसे बिंदु के रूप में उभरी, जिसमें सत्ता पक्ष और विपक्ष के आरोप समान ही रहे। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर आरोप लगाया कि वह अपनी मनमानी चलाते हुए लोकतांत्रिक मूल्यों की धज्जियां उड़ाता रहा है। इस मामले में जहां कांग्रेस का फोकस पिछले दस सालों पर केंद्रित रहा, वहीं बीजेपी का प्वॉइंट यह था कि आजादी के बाद से 55 साल तक सत्ता एक ही परिवार के हाथों में रही। जाहिर है, सबसे ज्यादा नुकसान इसी परिवार ने किया। उनका संकेत गांधी परिवार की ओर था। इमरजेंसी का पुराना आरोप भी उछला, लेकिन नयी बात यह रही कि इस पर बचाव की मुद्रा अपनाने के बजाय कांग्रेस इस तर्क के साथ सामने आयी है कि बीजेपी को भी अपनी गलतियों के लिए माफी मांगनी चाहिए। बहरहाल, इसमें शक नहीं कि बहस का केंद्र यही सवाल रहा कि कौन संविधान और संवैधानिक मूल्यों को लेकर समर्पित है और कौन इस पर दोहरा खेल खेल रहा है। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने जहां सावरकर के सहारे बीजेपी पर निशाना साधा वहीं पीएम मोदी ने देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित नेहरू की गलतियां गिनायीं। पूरी बहस का यही बिंदु ऐसा था जो थोड़ा जायका बिगाड़ने वाला कहा जा सकता है। लोकतंत्र में सत्ता पक्ष और विपक्ष की तू-तू मैं-मैं चलती रहती है, लेकिन इसमें महापुरुषों को घसीटना अब बंद होना चाहिए। हमारे हर महापुरुष ने अपने समय, समाज और समझ की सीमाओं में रहते हुए कुछ ऐसा योगदान किया, जिसके लिए हम कृतज्ञ महसूस करते हैं। इसका मतलब उनके हर विचार से सहमति रखना या उनके हर कृत्य को समर्थन देना नहीं है, लेकिन उनके प्रति समाज की या उसके एक हिस्से की भी भावनाओं का सम्मान हमारी राजनीति को बिना शर्त करना चाहिए।

**तानाशाही एक और ऐसे बिंदु के रूप में उभरी, जिसमें सत्ता पक्ष और विपक्ष के आरोप समान ही रहे। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर आरोप लगाया कि वह अपनी मनमानी चलाते हुए लोकतांत्रिक मूल्यों की धज्जियां उड़ाता रहा है।**

**अभिमत**
**आजाद सिपाही**

**वर्ष 2017 में स्थापना के बाद से, एसआइएच को प्रधानमंत्री के निरंतर प्रोत्साहन ने राष्ट्रीय गौरव के एक मंच पर पहुंचा दिया है। भारत के नवाचार से जुड़े इकोसिस्टम को बढ़ावा देने के प्रति प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता ने एसआइएच को देश भर के विद्यार्थियों के लिए जीवन को बदल देने वाले एक अवसर के रूप में रूपांतरित कर दिया है। एसआइएच के सबसे प्रेरक पहलुओं में से एक है प्रतिभागियों को दिया जाने वाला अनूठा विशेषाधिकार - प्रधानमंत्री मोदी के साथ सीधे बातचीत करने का अवसर।**

# नवाचार को सशक्त बनाना: स्मार्ट इंडिया हैकथॉन के 7वें संस्करण का प्रभाव

**प्रो टीजी सीताराम**

स्मार्ट इंडिया हैकथॉन (एसआइएच) नवाचार के एक ऐसे प्रतीक के रूप में उभरा है, जो वास्तविक दुनिया की चुनौतियों को हल करने के लिए देश की सर्वोत्कृष्ट प्रतिभाओं को एक साथ लाता है। यह सब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व और अटूट समर्थन के बिना संभव नहीं था। वर्ष 2017 में स्थापना के बाद से, एसआइएच को प्रधानमंत्री के निरंतर प्रोत्साहन ने राष्ट्रीय गौरव के एक मंच पर पहुंचा दिया है। भारत के नवाचार से जुड़े इकोसिस्टम को बढ़ावा देने के प्रति प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता ने एसआइएच को देश भर के विद्यार्थियों के लिए जीवन को बदल देने वाले एक अवसर के रूप में रूपांतरित कर दिया है।

एसआइएच के सबसे प्रेरक पहलुओं में से एक है प्रतिभागियों को दिया जाने वाला अनूठा विशेषाधिकार - प्रधानमंत्री मोदी के साथ सीधे बातचीत करने का अवसर। यह अद्वितीय अनुभव भारत के युवाओं की प्रतिभा को निखारने और देश को नवाचार एवं उद्यमशीलता का एक वैश्विक केन्द्र बनाने में प्रधानमंत्री की गहरी रुचि का प्रमाण है।

स्टार्टअप की एक समृद्ध संस्कृति के निर्माण पर उनके निरंतर ध्यान ने लाखों युवा नवप्रवर्तकों को अपने सपनों को साकार करने और राष्ट्र-निर्माण में योगदान देने हेतु सशक्त बनाया है।

**स्मार्ट इंडिया हैकथॉन (एसआइएच) के 7वें संस्करण ने अभूतपूर्व उपलब्धियां हासिल की हैं।**

स्मार्ट इंडिया हैकथॉन (एसआईएच) के 7वें संस्करण ने अभूतपूर्व उपलब्धियां हासिल की हैं। इन उपलब्धियों के कारण ही दुनिया के सबसे बड़े हैकथॉन के रूप में इसकी स्थिति मजबूत हुई है। इसमें व्यापक पैमाने पर की गयी भागीदारी और प्रस्तुत किये गये विचारों की असाधारण गुणवत्ता हमारे शैक्षणिक संस्थानों की अटूट प्रतिबद्धता के साथ-साथ देश के विद्यार्थियों की असीम रचनात्मकता, ऊर्जा और प्रतिभा को रेखांकित करती है।




एसआइएच 2024 में, कुल 54 मंत्रालयों, विभागों, राज्य सरकारों, सार्वजनिक उपक्रमों (पीएसयू) और उद्योगों द्वारा वास्तविक दुनिया की महत्वपूर्ण चुनौतियों का समाधान करते हुए कुल 254 समस्या विवरण प्रदान किये गये हैं। इस वर्ष संस्थान के स्तर पर आंतरिक हैकथॉन में 150 प्रतिशत की वृद्धि देखी गयी है, जो एसआइएच 2023 में 900 से बढ़कर एसआइएच 2024 में लगभग 2,247 हो गयी है। इस प्रकार, यह अब तक का सबसे बड़ा संस्करण बन गया है। यह असाधारण वृद्धि युवा प्रतिभाओं को सार्थक परिवर्तन लाने हेतु सशक्त बनाते हुए प्रधानमंत्री के सपने को साकार करने का एक प्रमाण है।

संस्थान के स्तर पर 86,000 से अधिक टीमों ने भाग लिया है और 49,892 टीमें राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने की दिशा में आगे बढ़ी हैं। एसआइएच 2024 में भागीदारी का यह पैमाना शैक्षणिक, औद्योगिक और सरकारी क्षेत्र में हासिल व्यापक उत्साह एवं विश्वास को दर्शाता है। ये रिकॉर्ड-तोड़ उपलब्धियां उन विद्यार्थियों, मार्गदर्शकों और हितधारकों के सामूहिक प्रयासों को रेखांकित करती हैं, जो नवीन विचारों को प्रभावशाली समाधानों में बदलने के लिए एकजुट हुए हैं। एसआइएच का एक ऐसे परिवर्तनकारी मंच के रूप में काम करना जारी है, जो भारत के लिए एक बेहतर और अपेक्षाकृत अधिक रचनात्मक भविष्य बनाने के एक साझा मिशन को प्रेरित कर रहा है। एसआइएच का उद्देश्य मात्र प्रशंसा हासिल करना नहीं है। यह उद्यमशीलता का एक ऐसा लॉन्चपैड है, जो विद्यार्थियों को अपने विचारों को सफल उद्यमों में बदलने का अवसर प्रदान करता है। पिछले कुछ वर्षों में, एसआईएच से लगभग 100 स्टार्टअप निकले हैं। इनमें से कई स्टार्टअप महत्वपूर्ण सामाजिक एवं औद्योगिक चुनौतियों का समाधान कर रहे हैं। सफलता की ये कहानियां अनगिनत अन्य लोगों को बड़े सपने देखने और देश के नवाचार इकोसिस्टम में योगदान करने के लिए प्रेरित कर रही हैं। इन विचारों को एक स्टार्टअप के तौर पर औपचारिक रूप देने में एआइसीटीइ के युक्ति पोर्टल जैसे प्लेटफार्मों की भूमिका को कम करके आंका नहीं जा सकता। एक व्यवस्थित दृष्टिकोण एवं निरंतर समर्थन प्रदान कर-के, एसआइएच यह सुनिश्चित करता है कि उसके द्वारा बनाई गई नवाचार से जुड़ी पाइपलाइन ठोस एवं प्रभावशाली परिणाम दे। एसआइएच द्वारा प्रोत्साहित नवाचार की संस्कृति 2047 तक विकासशील भारत के सपने, जो प्रधानमंत्री मोदी द्वारा विकसित एक महत्वपूर्ण दृष्टिकोण है, को साकार करने की दृष्टि से बेहद अहम है। एसआईएच के माध्यम से उत्पन्न समाधान न केवल तात्कालिक चुनौतियों को हल करते हैं, बल्कि दीर्घकालिक सामाजिक एवं आर्थिक परिवर्तन की नींव भी रखते हैं।

एसआइएच की शुरुआत से ही इसके संपर्क में रहे प्रधानमंत्री मोदी की निरंतर भागीदारी सभी प्रतिभागियों के लिए अत्यधिक प्रेरणा का स्रोत है। प्रत्येक संस्करण के दौरान उनके संबोधन युवा प्रतिभाओं को सीमाओं से परे जाकर राष्ट्र निर्माण में योगदान देने के लिए प्रेरित करते हैं। एसआइएच की सफलता ने पूरे भारत और उसके बाहर भी इसी तरह के हैकथॉन की लहर को प्रेरित किया है। सिंगापुर-भारत हैकथॉन, कवच हैकथॉन (गृह मंत्रालय के सहयोग से) और पेंटाथॉन जैसी पहलों ने एसआइएच से प्रेरणा ली है। ये आयोजन नवाचार के प्रभाव को और आगे बढ़ा रहे हैं और युवा प्रतिभों को रचनात्मकता एवं सरलता के साथ चुनौतियों से निपटने के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं।

अब जबकि हम एसआइएच के 7वें संस्करण का उत्सव मना रहे हैं, यह स्पष्ट है कि यह पहल महज एक प्रतियोगिता से कहीं बढ़कर है - यह एक ऐसा आंदोलन है, जो शिक्षा व उद्योग जगत और सरकार को जोड़ता है, जिससे सहयोगात्मक शिक्षण संभव हो पाता है। समस्या विवरण प्रस्तुत करने में मंत्रालयों, उद्योगों और विभागों की भागीदारी वास्तविक दुनिया की समस्याओं को हल करने में इस मंच के महत्व को दर्शाती है। यह आंदोलन शैक्षणिक संस्थानों, मार्गदर्शकों और प्रतिभागियों के अथक प्रयासों के बिना संभव नहीं होता, जिनके समर्पण से एसआइएच को हर साल शानदार सफलता मिलती है। एसआइएच के आयोजकों की भी दिल से सराहना की जानी चाहिए, जिनकी सधी हुई योजना और कार्यान्वयन सभी हितधारकों के लिए एक निर्बाध अनुभव सुनिश्चित करता है। प्रत्येक नये संस्करण के साथ, एसआइएच निरंतर मजबूत होता जा रहा है और भारत को नवाचार एवं उद्यमशीलता के क्षेत्र में वैश्विक स्तर पर अग्रणी देश रूप में स्थापित होने की दृष्टि से सशक्त बना रहा है। यह आयोजन एक दूरदर्शी नेतृत्व द्वारा निर्देशित सामूहिक प्रयास के जरिए एक राष्ट्र को प्रगति की ओर ले जाने का एक उत्कृष्ट उदाहरण है।

आइए हम एक बेहतर कल के लिए नवाचार, सृजन और प्रयास जारी रखें - एक ऐसे भारत के लिए जो न केवल विकसित हो, बल्कि नवाचार और अवसर का प्रतीक भी हो। हम सब मिलकर 2047 तक विकासशील भारत का सपना साकार कर सकते हैं।

**(लेखक : एआइसीटीइ अध्यक्ष हैं।)**

## देश-विदेश की खबरें

# अगले 30 साल में अक्षय ऊर्जा के क्षेत्र में सबसे बड़ा बाजार होगा भारत : अमेरिका के राजदूत

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राजदूत एरिक गासेर्टी ने अक्षय ऊर्जा के लिए भारत के लक्ष्यों की विशेष तौर पर सराहना की। उन्होंने कहा कि आने वाले 30 साल में भारत अक्षय ऊर्जा के क्षेत्र में वैश्विक स्तर पर सबसे बड़ा बाजार होगा।

अमेरिका के राजदूत एरिक गासेर्टी ने एक बार फिर भारत और अमेरिका के संबंधों पर बात की। उन्होंने कहा कि 'सबसे भयंकर तूफान' और 'तेज हवा' के बावजूद उगने वाले खजूर के पेड़ के लचीलेपन की तरह भारत-अमेरिका संबंध लगातार बढ़ते रहेंगे और दुनिया को फायदा पहुंचाते रहेंगे।

**भारत के लक्ष्यों की तारीफ की :** एक कार्यक्रम में राजदूत ने अक्षय ऊर्जा के लिए भारत के साहसिक



लक्ष्यों की विशेष तौर पर सराहना की। उन्होंने कहा कि आने वाले 30 साल में भारत अक्षय ऊर्जा के क्षेत्र में वैश्विक स्तर पर सबसे बड़ा बाजार होगा। उन्होंने यह भी कहा, 'भारत के महत्वाकांक्षी लक्ष्य और नीतियां उसे सौर व पवन ऊर्जा क्षमता में अग्रणी बना रही हैं। न केवल इस देश के लिए, बल्कि दुनिया के लिए लागत पर विनिर्माण करने में सक्षम बना रही हैं।' उन्होंने कहा कि मेरे शब्द हैं कि आने वाले 30 साल में भारत अक्षय ऊर्जा के क्षेत्र में वैश्विक स्तर पर सबसे बड़ा बाजार होगा

उन्होंने कहा कि मुझे पूरा भरोसा है कि अमेरिका-भारत संबंध उस पौधे की तरह है, जो निरंतर बढ़ता रहेगा, जो खजूर के पेड़ की तरह लचीला रहेगा, जिसे सबसे शक्तिशाली तूफान भी नहीं गिरा सकता, सबसे बड़ी हवा भी उसे उखाड़ नहीं सकती।

गार्सेटी ने चार पी का मंत्र दिया। उन्होंने अमेरिका और भारत के रिश्ते पर कहा कि चार पी (शांति, स्थिरता, प्लेनेट और लोग) पर भाषण देंगे।

अमेरिकी राजदूत 20 जनवरी को अमेरिकी राष्ट्रपति के रूप में डोनाल्ड ट्रंप के दूसरे कार्यकाल के शपथ लेने से पहले पद छोड़ने वाले हैं, ताकि नये प्रशासन को अपनी पसंद चुनने में सुविधा हो।

# अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव में मध्य प्रदेश ने बनाया गिनीज विश्व रिकॉर्ड

**राज्य ने एक ही समय पर सबसे बड़े हिंदु ग्रंथ पठन के लिए गिनीज विश्व कीर्तिमान स्थापित किया**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भोपाल।** अध्यात्मिकता और संस्कृति को मनाने के एक अनुठे अवसर पर मध्य प्रदेश के संस्कृति विभाग के द्वारा भोपाल में आयोजित अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव ने बुधवार को एक ही समय पर सबसे बड़े हिंदु ग्रंथ पठन के लिए गिनीज विश्व कीर्तिमान स्थापित किया। इस पहल का आयोजन भगवतगीता की अजरामर शिक्षा के प्रसार को तथा मध्य प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा देने हेतु किया गया।

बड़े कार्यक्रमों और कीर्तिमान स्थापन करने की पहलों के के मशहूर सलाहकार निश्चल बरोट की अगुवाई में इस गिनीज विश्व कीर्तिमान का आयोजन किया गया



तथा उस पर क्रियान्वयन किया गयो उनके परिपूर्ण समन्वयन से यह महत्वाकांक्षी पहल आसानी से क्रियान्वित की जा सकी और मध्य प्रदेश को वैश्विक मान्यता मिली।

इस कार्यक्रम में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव अध्यक्ष थे और इस कार्यक्रम में एक भगवतगीता के वचनों का एक ही समय पर अविश्वसनीय पैमाने पर 3,721 सहभागियों ने साथ मिल कर पठन किया। इस समारोह में सभी क्षेत्रों से जुड़े विभिन्न लोग भारत की अध्यात्मिकता की परंपरा पर होनेवाली अपनी श्रद्धा के साथ सम्मीलित हुए। यह उल्लेखनीय उपलब्धी मध्य प्रदेश के लिए सम्मान की बात है तथा जागतिक स्तर पर भगवचगीता की सीखावन के प्रसार और उसे बनाये रखने के प्रति राज्य की प्रतिबद्धता इससे स्पष्ट होती है।

इस उपलब्धी पर बोलते हुए मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा कि इस ऐतिहासिक उपलब्धी हमारे लोगों की सांस्कृतिक और अध्यात्मिक गहरायी दर्शाती है। भगवतगीता मनुष्य जाति के लिए एक शाश्वत मार्गदर्शिका है और इस समारोह द्वारा हमने ना सिर्फ उसकी शिक्षा का पर्व ही नहीं मनाया है, बल्की एकता, स्वयं-अनुशासन और वैश्विक सौहार्द के उसके मूल्यों से और जुड़ने के लिए भी प्रेरणा दी है।

विश्व कीर्तिमान सलाहकार और विशेषज्ञ निश्चल बरोट ने कहा कि भारतीय राज्य के साथ इतने करीब से जुड़ कर काम करना और गिनीज विश्व कीर्तिमान स्थापित करना असाधारण है। इस उपलब्धी से सिर्फ हमारी सांस्कृतिक समृद्धि ही नही दिखायी देती है, बल्की इससे हमारी संघटन क्षमता और वैश्विक आकांक्षा भी दिखायी देती है और कीर्तिमान बनाने के लिए मध्यप्रदेश और अन्य राज्यों के साथ काम करने के लिए हम तत्पर हैं। इस कीर्तिमान ने निश्चल बरोट के गिनीज विश्व कीर्तिमानों के उच्च स्तर के पोर्टफोलिओ को 52 तक बढ़ाया है। राज्यों और केंद्र सरकार के साथ मिल कर बड़े स्तर के कीर्तिमानों के प्रयास का आयोजन और प्रबंधन करने में वे आज सबसे आगे हैं। उनके कौशलों में कीर्तिमान बनाने योग्य कल्पनाओं का निर्माण, व्यापक जनता के सहभाग को जुटाना, सबूत से जुड़े अनुपालना की पूर्ति और सफल परिणाम हासिल करना सम्मीलित है। इस उत्सव पर्व में हजारों सहभागियों ने सहभाग लिया। भक्त और विद्वज्जन साथ मिल कर इस ऐतिहासिक घटना के साक्षी बने। इस सफल गिनीज विश्व कीर्तिमान के प्रयास ने मध्य प्रदेश की सांस्कृतिक धरोहर को विश्व के सामने ही नही ला दिया है, वरन भारत की अध्यात्मिक धरोहर के संवर्धन और उसके संस्मरण में भी उसे अग्रणि स्थान पर स्थापित कर दिया है।

# संसद में 'फलस्तीन' लिखा बैग लेकर पहुंचीं प्रियंका गांधी तो भड़क गयी भाजपा



**नयी दिल्ली। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा सोमवार को संसद में एक बैग लेकर पहुंचीं, जिस पर 'फलस्तीन' लिखा हुआ था, जो संघर्ष प्रभावित क्षेत्र के लोगों के समर्थन में एक इशारा है। प्रियंका गांधी वाड्रा के हैंडबैग पर 'फलस्तीन' शब्द और फलस्तीनी प्रतीक दिखायी दिये, जिसमें एक तरबूज की भी तस्वीर दिखी - जिसे फलस्तीनी एकजुटता के प्रतीक के रूप में देखा जाता है।**

# हमने अपनी हवाई और समुद्री कनेक्टिविटी को बढ़ाया : विक्रम

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके तीन दिवसीय भारत दौरे पर हैं। जहां उन्होंने राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और उपराष्ट्रपति के अलावा केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा से भी मुलाकात की है। वहीं उनके इस दौरे को लेकर विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने कहा, हमने अपनी हवाई और समुद्री कनेक्टिविटी को बढ़ाया है। श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमार दिसानायके तीन दिन की भारत यात्रा पर हैं। उनके दौरे और पीएम मोदी के साथ बैठक को लेकर विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने प्रेस कॉफ्रेंस की, उन्होंने बताया कि, दोनों दोशों के नेताओं के बीच व्यापक चर्चा हुई और इस बात पर



सहमति व्यक्त की गयी है कि मछुआरों से संबंधित मुद्दों को मानवीय दृष्टिकोण से निपटाया जाना चाहिए क्योंकि ये आजीविका से संबंधित मुद्दे हैं किसी भी परिस्थिति में बल प्रयोग से बचना चाहिए।

**अनुदान सहायता के लिए भारत को दिया धन्यवाद :** विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने आगे कहा, वर्तमान यात्रा का उद्देश्य इस बहुत मजबूत साझेदारी का विस्तार करना और इसकी सीमाओं को और आगे ले जाना है। राष्ट्रपति दिसानायके ने ऋण पुनर्गठन को अंतिम रूप देने और श्रीलंका में विकास परियोजनाओं को शुरू करने के लिए अनुदान सहायता के प्रावधान में महत्वपूर्ण भूमिका के लिए भारत को धन्यवाद दिया।

**ऊर्जा कनेक्टिविटी योजनाओं पर किया जा रहा काम:** विदेश सचिव ने कहा, 'हमने अपनी हवाई और समुद्री कनेक्टिविटी को बढ़ाया है। अब हम ऊर्जा कनेक्टिविटी योजनाओं पर काम कर रहे हैं जिसमें इंटर ग्रिड कनेक्टिविटी, डिजिटल कनेक्टिविटी के क्षेत्र में श्रीलंका ने वढक सेवाओं की शुरूआत के माध्यम से एक महत्वपूर्ण कदम आगे बढ़ाया है।

# सीएम योगी बोले- अयोध्या में जो बाबर ने किया, वहीं संभल में हुआ, बांग्लादेश में भी वही हो रहा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**अयोध्या।** अयोध्या में सीएम योगी आदित्यनाथ ने रामायण मेले का उद्घाटन किया। इस अवसर पर कहा कि गुंडों के संरक्षण बिना समाजवादी पार्टी वैसे ही तड़पती है, जैसे पानी के बिना मछली।

रामनगरी में चार दिवसीय रामायण मेले का उद्घाटन सीएम योगी आदित्यनाथ ने किया। पांच से आठ दिसंबर तक सरयू तट स्थित रामकथा पार्क में गीत-संगीत व अध्यात्म की त्रिवेणी प्रवाहमान होगी। सीएम सुबह अयोध्या पहुंचे। इस दौरान उन्होंने हनुमानगढ़ी व रामलला के दरबार में भी हाजिरी लगायी। जानकी महल ट्रस्ट में चल रहे विवाहोत्सव



में भी सीएम के शामिल होने की संभावना है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अयोध्या सनातन धर्म की पावन पूरी में से प्रथम पूरी है। हजारों वर्षों से विश्व मानवता का मार्ग अयोध्या ने प्रशस्त किया। अयोध्या एक ऐसी भूमि जहां कोई युद्ध करने का साहस नहीं कर सकता। कहा कि पिछले वर्ष जनवरी में पीएम मोदी के हाथों 500 वर्षों के संघर्ष के बाद रामलला फिर से प्रतिष्ठित हुए। पीएम ने अयोध्या के नागरिकों के प्रति अपना अनुराग व्यक्त किया था। अयोध्या ने उनके साथ न्याय नहीं किया। लेकिन, श्रीराम ने हर प्रकार का संरक्षण दिया।

**1982 में शुरू हुआ था रामायण मेला :** कहा कि अयोध्या सांस्कृतिक रूप से विश्व में आगे बढ़ रहा। रामायण सीरियल को लोग देखने के लिए एक घंटे टीवी के सामने बैठते थे। डॉक्टर लोहिया ने रामायण उत्सव कार्यक्रम देश में प्रारंभ किए थे। जिसके मन में राम और जानकी के प्रति समर्पण नहीं है, उनको त्याग देना चाहिए।

सीएम ने कहा कि डॉ लोहिया राजीनीति में आदर्शवादी थे। समाजवादी पार्टी परिवारवादी है। अपराधी गुंडों के संरक्षण के बिना यह उसी तरह तड़पते हैं, जैसे पानी बिना मछली। लोहिया के नाम पर राजनीति करेंगे लेकिन उनके आदर्श नहीं मानते। रामायण मेले में चार दिनों तक कथा, प्रवचन, सांस्कृतिक कार्यक्रम, लोक गायन, नृत्य नाटिका आदि की प्रस्तुति होगी। संस्कृति विभाग के विभिन्न जिलों के 20 से अधिक कलाकार अपनी प्रस्तुतियां देंगे। साथ ही चार दिनों तक अलग-अलग कथा प्रवाचकों की ओर से रामकथा का प्रवचन भी किया जायेगा।

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 17 दिसंबर, 2024
www.azadsipahi.in
09

# डीसी ने मादक पदार्थों की खेती पर रोकथाम के लिए की बैठक




आजाद सिपाही संवाददाता

**लातेहार।** लातेहार जिले के उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में मादक पदार्थों की तस्करी एवं इसकी खेती पर रोकथाम करने पर चर्चा किया गया तथा विभिन्न स्तर पर समन्वय एवं सहयोग स्थापित करने हेतु एनसीओआरडी समिति के सभी सदस्यों को आवश्यक और उचित दिशा निर्देश दिया गया। बैठक के दौरान जिले में अवैध अफीम, भांग की खेती के अलावा नशाखोरी की घटनाओं, चिंता के क्षेत्रों से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर गहन चर्चा की गयी। उपायुक्त ने जिले में अवैध अफीम, भांग की खेती और नशे के खतरे को नियंत्रित करने के लिए किए गए उपायों के बारे में जानकारी लेते हुए जिले में अफीम, भांग की तस्करी एवं खेती दोनों किसी भी सूरत में नहीं होनी चाहिए इसके निमित्त संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक और उचित दिशा निर्देश दिया गया।

## बालूमाथ, बारियातू और हेरहंज के 42 हजार स्कूली बच्चों को नहीं मिला स्वेटर



**बालुमाथ/ बारियातू(आजाद सिपाही)।** एकीकृत बारियातू, बालूमाथ और हेरहंज प्रखंड के सरकारी स्कूलों में अध्ययनरत लगभग 42 हजार विद्यार्थियों के बीच समय पर ड्रेस, स्वेटर और जूता-मोजा का वितरण नहीं किया गया है। दिसंबर का 16 दिन गुजर जाने एंव इस कड़ाके की ठंड में कई विद्याथीं ऐसे हैं जिनके पास ड्रेस एवं स्वेटर नहीं है और वे स्कूल जाने को मजबूर हैं। बता दें कि राज्य परियोजना परिषद की ओर से प्रतिवर्ष विद्यार्थियों को दो जोड़ी ड्रेस, एक स्वेटर और जूता मौजा देने का प्रावधान है। इसके लिए एक विद्यार्थी पर लगभग छह सौ रुपये खर्च है। नियम अनुसार यह व्यवस्था विद्यार्थियों को अप्रैल महीने में सत्र (2024- 25) शुरू होने के बाद मिलना सुनिश्चित किया गया है। इधर दिसंबर यानी नौ महीने गुजरने के बाद भी 253 स्कूल में अध्यनरत लगभग 42 हजार विद्यार्थियों को जरूरत की सामग्री नहीं मिली है। समय पर ड्रेस, स्वेटर एवं जूता-मौजा का वितरण नहीं होने से विद्यार्थी एवं अभिभावक दोनों ठगा महसूस कर रहे हैं।

## छिपादोहर में विधायक प्रतिनिधि बनाने की मांग



**बरवाडीह (आजाद सिपाही)।** बरवाडीह प्रखंड के छिपादोहर बाजार में सोमवार को छिपादोहर समेत प्रस्तावित छिपादोहर प्रखंड आस पास के सभी 6 पंचायतों के विधायक रामचंद्र सिंह समर्थक और कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सोमवार को एक बैठक सामाजिक कार्यकर्ता निजाम अंसारी की अध्यक्षता में हुई। बैठक में सभी लोगों ने सर्वप्रथम मनिका विधानसभा के निवार्चित विधायक रामचंद्र सिंह की जीत पर हर्ष व्यक्त करते हुए विधायक को जीत की बधाई दी। बैठक में निर्णय लिया गया कि क्षेत्र के विकास के लिए सर्व सहमति से नया विधायक प्रतिनिधि मनोनीत किया जाये। बैठक की अध्यक्षता कर रहे निजाम अंसारी ने कहा कि विधायक के जीत के उपरांत पूर्व प्रतिनिधि तेतर यादव अपने आपको स्वघोषित कर नये विधायक प्रतिनिधि बताते हुई क्षेत्र में काम कर रहे, जो क्षेत्र की जनता को बर्दाश्त नहीं है। निजाम अंसारी ने विधायक से मांग किया कि प्रस्तावित छिपादोहर प्रखंड के छिपादोहर, कुचिला, कैड, लात, चुंगरू और हरातू पंचायत के जनप्रतिनिधियों एवं सक्रिय कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में विधायक आवास में विधायक की उपस्थिति में नया प्रतिनिधि मनोनीत किया जाये, जिससे क्षेत्र की जनता को अपना चुना हुआ नया विधायक प्रतिनिधि मिल सके। केड पंचायत के विधायक समर्थक नरेश यादव ने सर्व सम्मति से नये विधायक प्रतिनिधि चयन करने की मांग किया. बैठक में शामिल अन्य लोगों ने भी पूर्व प्रतिनिधि तेतर यादव का विरोध करते हुए विधायक रामचंद्र सिंह से सभी पंचायतों के लोगों को जोड़ने वाला सर्वमान्य कार्यकर्ता को छिपादोहर क्षेत्र का विधायक प्रतिनिधि बनने की मांग किया।

## पुलिस ने पोस्ते की खेती को नष्ट किया

**हेरहंज (आजाद सिपाही)।** जिले के पुलिस कप्तान कुमार गौरव के निर्देश पर थाना प्रभारी कृष्णपाल सिंह पवैया के नेतृत्व में सोमवार को भी थाना क्षेत्र के सलैया पंचायत अंतर्गत आशुवे ग्राम के वनभूमि पर 3-4 एकड़ में लगे पोस्ता की खेती को ट्रैक्टर की मदद से हल चलवाकर नष्ट किया गया। थाना प्रभारी पवैया ने बताया कि पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव के निर्देश पर सोमवार को भी आशुवे ग्राम के वनभूमि में लगे पोस्ट की खेती को नष्ट किया गया है। यह खेती किसके द्वारा लगाया गया है,जांच की जा रही है। जांच करने के बाद खेतिहरों के ऊपर कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

# जारी के बीडीओ, सीओ और थानेदार सभी भ्रष्ट हैं: विधायक

विधानसभा चुनाव में जीत के बाद विधायक ने जारी में निकाला विजय जुलूस



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** अल्बर्ट एक्का जारी प्रखंड के सीओ और थाना प्रभारी भ्रष्ट हैं। उनसे उनकी करतूतों का हिसाब लिया जायेगा। उक्त बातें गुमला विधायक भूषण तिर्की ने जारी में सोमवार को अयोजित विजय जुलूस के उपरांत अयोजित एक सभा में कही। विधानसभा चुनाव में प्रचंड जीत के बाद झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रत्याशी सह गुमला विधायक भूषण तिर्की ने जारी प्रखंड में पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत विजय जुलूस निकाला। जुलूस में हजारों की संख्या में झामुमो कार्यकर्ता शामिल हुए। सर्वप्रथम गुमला विधायक भूषण तिर्की ने परमवीर चक्र विजेता अल्बर्ट एक्का के आदम कद प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इसके बाद अन्य कार्यकर्ताओं ने भी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर माल्यार्पण किया और अल्बर्ट एक्का को नमन करने के बाद ग्रामीण क्षेत्र से आए लोगों की भीड़ परमवीर अल्बर्ट एक्का चौक के पास जमा हो गयी। जहां से नाचते गाते झूमते कार्यकर्ता जरमाना तक पहुंचे इस बीच भूषण तिर्की जिंदाबाद, झारखंड मुक्ति मोर्चा जिंदाबाद के नारे लगाये जा रहे थे। वही वाहन में चल रहे विधायक भूषण तिर्की लोगों का अभिवादन स्वीकार करते हुए हाथ जोड़कर आभार प्रकट कर रहे थे। वही रैली जरमाना के पारिस मैदान में पहुंचकर सभा में तब्दील हो गई। जहां उपस्थित लोगों ने विधायक को माला पहनकर स्वागत किया। बच्चों द्वारा स्वागत गान गया गया साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। सभा को संबोधित करते हुए विधायक भूषण तिर्की ने कहा भाजपा ने पूरे विधानसभा चुनाव में झारखंड में सदियों से निवास कर रहे मुसलमानो को राजनीतिक षड्यंत्र के तहत बांग्लादेश भेजने का योजना बनायी थी। लेकिन जनता ने उसे करारा जवाब दिया। वही जारी प्रखंड में भ्रष्टाचार चरम पर है। जारी प्रखंड के जनसेवक, बीडीओ, सीओ भ्रष्टाचार में सम्मिलित हैं। घूसखोरी चरम पर है और विकास का कार्य ठप पड़ा हुआ है। हर कार्य के लिए यहां के गरीब गुरबा जनता से पैसा मांगा जाता है। आने वाले दिनों में ऐसे लोगों से हिसाब लिया जायेगा।

रैली में जारी प्रखंड सचिव गुलामे मुस्तफा, नुवेल लकड़ा, शकील खान, लड्डन खान, मनीरा देवी, उर्मिला केरकेट्टा, रंजीत सरदार, फिलोमिना कुजूर, सरवर खान, एल्बीयस कुजूर सहित काफी संख्या में महिला पुरुष शामिल थे।

## विजय दिवस पर सम्मानित हुए सीआरपीएफ और आर्मी के जवान



आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर महाविद्यालय लोहरदगा में सोमवार को विजय दिवस समारोह आयोजित हुआ। विजय दिवस समारोह पर 7 सीआरपीएफ जवान और आर्मी जवान सहित कार्यरत आर्मी जवान सम्मानित किए गये। जवानों में नवीन भगत, परमेश्वर उरांव, आनंद भगत, लोकेश तिर्की, जितेंद्र उरांव, महावीर भगत व लालदेव उरांव को सम्मानित किया गया। अतिथियों द्वारा भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित और श्रद्धा सुमन अर्पित करने के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम की भूमिका रश्मि साहू ने रखा। विजय दिवस पर शहीदों और भारतीय सेना के सम्मान में महाविद्यालय के भैया-बहनों द्वारा देशभक्ति गीत और नृत्य प्रस्तुत किया गयो लालदेव उरांव ने कहा कि फौजी यूनिफॉर्म पहनने से फौजियों में जुनून साहस और देशभक्ति पैदा होती है। उन्होंने कहा कि सभी युवाओं को एक अवसर ऐसा जरूर मिलना चाहिए कि जिसमे उन्हें देश सेवा करने का अवसर मिले। महावीर भगत ने सीआरपीएफ प्रशिक्षण के बारे में बताया और कहा कि देश के लिए मर मिटने का जुनून एक अलग चीज होती है। उन्होंने बताया कि कैसे 1971 की लड़ाई में 93000 पाकिस्तानी सैनिकों ने भारतीय सैनिकों के सामने घुटने टेक दिये। कार्यक्रम का संचालन नीतू कुमारी और धन्यवाद ज्ञापन यशोदा कुमारी ने किया।

## चमरा लिंडा ने बालिका आवासीय उच्च विद्यालय का किया औचक निरीक्षण



आजाद सिपाही संवाददाता

**सिसई।** झारखंड सरकार के कल्याण मंत्री चमरा लिंडा ने सिसई प्रखंड स्थित आश्रम बालिका आवासीय उच्च विद्यालय सिसई का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय की प्रधानाध्यापिका कविता तिर्की ने विधालय, छात्रावास, भवन, चारदीवारी का जीर्णोद्धार और खेल मैदान की मांग की। इस पर मंत्री ने आश्वासन दिया कि इस पर पहल किया जायेगा। वहीं मंत्री ने शिक्षकों से विद्यालय के पठन-पाठन छात्रावास के छात्राओं से खानपान पर चर्चा की और मैट्रिक का रिजल्ट शत प्रतिशत उच्च कोटि का होने,बच्चों को अंग्रेजी पर विशेष बढ़ावा देने का पर बल देने की बात कही। उन्होंने कक्षा, लाइब्रेरी, पुस्तकालय का भी निरीक्षण किया और मेनू अनुसार भोजन उपलब्ध कराने का निर्देश देते हुए स्वयं भी लंच किया। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाध्यापिका कविता तिर्की, शिक्षिका फिजी कुमारी महतो, प्रतिमा लकड़ा, फूल कुमारी, मेंस इंचार्ज पिंटू कुमार सहित कई लोग उपस्थित थे।

## भंडरा में धान जलकर राख



आजाद सिपाही संवाददाता

**भंडरा/ लोहरदगा।** भंडरा थाना क्षेत्र अंतर्गत मसमानो पंचायत के टोटो ग्राम में सोमवार शाम को आग लगने से धान के साथ पुआल भी जल कर राख हो गया। ग्रामीणों ने किसकी सूचना अग्निशमन विभाग को दिया। इसके बाद अग्निशमन (दमकल) मौके पर पहुंचकर आग बुझाने का कार्य किया। भुक्तभोगी किसान बछवा उरांव एवं सुरेश उरांव ने बताया कि आग लगने से खलिहान में रखें धान लगभग 15 क्विंटल जल कर राख हो गया, जिससे उन्हें भारी भरकम आर्थिक नुकसान हुआ है। साथ ही किसान ने बताया कि घर में 10 की संख्या में गाय बैल है, तथा 4 भैंसा भी है। अब उनके समक्ष चारा के लिए किसी भी प्रकार का पुआल नहीं बचा है। मवेशी खिलाने के लिए चारा की चिंता सता रही है क्योंकि धान के बाद जो पुआल बचता है उसी से साल भर किसान मवेशी को चारा के रूप में खिलाते है। मौके पर अग्निशमन विभाग के प्रभारी शौकत अली, अग्निचालक अजीत कुमार वर्मा, अग्नि चालक अभिजीत कुमार वर्मा, अग्नि चालक सुनील बेसरा शामिल थे।

## सीओ ने स्ट्रॉबेरी की खेती का किया निरीक्षण



आजाद सिपाही संवाददाता

**घाघरा।** प्रखंड के बड़काडीह निवासी दिलीप साहू की पीजी तक पढ़ाई करने के बाद नौकरी नहीं लगी तब उसने स्ट्रॉबेरी की खेती करने का सोचा और यूट्यूब के माध्यम से देखकर लगभग 50 डिसमिल में स्ट्रॉबेरी की खेती किया है। इस कहानी को सुनने के बाद घाघरा सीओ आशीष कुमार मंडल ने दिलीप के स्ट्रॉबेरी खेत पर पहुंच खेती का निरीक्षण किया और काफी खुश हुए। सीओ ने कहा यह बहुत ही बेहतर कार्य है मै विभाग से बात कर मिलने वाले सुविधा से लाभान्वित करूंगा साथ ही उन्होंने किसी भी तरह की आवश्यकता खेती-बाड़ी से होने पर सीधे कार्यालय में आकर संपर्क करने के बाद कही। दिलीप ने बताया कि वह उद्यान विभाग से स्ट्रॉबेरी के 2900 पौधे लाकर लगाए है, 2 एचपी का सोलर जरेडा से व ड्रिप कृषि विभाग के सहयोग से मिला है। दिलीप ने कहा यह मेरा शुरूआत है आगे बृहद स्तर पर स्ट्रॉबेरी की खेती की जाएगी और स्ट्रॉबेरी की खेती के लिए लोगों को प्रोत्साहन भी करेंगे। मौके पर सीओ आशीष कुमार मंडल, बीटीएम नीरज कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

# डीसी ने उल्लास नव भारत साक्षरता जागरूकता रथ को किया रवाना

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** केंद्र सरकार द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 और 2021-22 की बजट घोषणाओं के अनुरूप व्यस्क शिक्षा के सभी पहलुओं को कवर करने के लिए वित्तीय वर्ष 2022-2027 की अवधि के लिए न्यू इंडिया साक्षरता कार्यक्रम (नव भारत साक्षरता कार्यक्रम) को मंजूरी दी गयी थी। जिसके तहत सोमवार को उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण द्वारा उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम 2024 का आम लोगो के बीच प्रचार-प्रसार के लिए शिक्षा विभाग, लोहरदगा के जागरूकता प्रचार वाहन को समाहरणालय परिसर से सभी प्रखंडों के लिए रवाना किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य मूलभूत साक्षरता और संख्यात्मकता प्रदान करना, महत्वपूर्ण जीवन कौशल सिखाना, कौशल विकास, सतत शिक्षा है। सभी डिजिटल सामग्री टीवी, रेडियो, मोबाइल एप के माध्यम से प्राप्त होगी। यह योजना 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के गैर-साक्षर लोगों को कवर करेगी।इस मौके पर उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, जिला शिक्षा अधीक्षक दास सुनंदा चंद्रमौलेश्वर, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी राम जीवन नायक अन्य उपस्थित थे।

# झारखंड रौनियार वैश्य महासभा की उपाध्यक्ष शोभा और सचिव वीणा बनी

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** जमशेदपुर महिला कमीटी की अध्यक्ष शोभा गुप्ता की अध्यक्षता में 11 दिसंबर 2024 को जमशेदपुर के बाराद्वारी में उनके निवास स्थान पर बैठक हुई। जिसमें झारखंड प्रदेश महिला अध्यक्ष लता गुप्ता को आमंत्रित किया गया। महिला संगठन पूरे झारखंड में कैसे आगे बढ़े कैसे महिलाओं में जागृति हो इसपर विस्तार रूप से चर्चा करते हुए लता गुप्ता ने जमशेदपुर महिला समिति को प्रदेश को मजबूत करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि जब तक महिलाओं के बीच एकता नहीं आयेगी तब तक महिलाओं का विकास नहीं होगा। इसी के तहत लता गुप्ता ने प्रदेश कमिटी को विस्तार करते हुए शोभा गुप्ता (जमशेदपुर) को प्रदेश उपाध्यक्ष एवं वीणा साहू (जमशेदपुर) को प्रदेश सचिव मनोनित किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से जमशेदपुर रौनियार वैश्य कल्याण समिति के महासचिव एनके गुप्ता, समाजसेवी नरेंद्र गुप्ता, कोषाध्यक्ष विपिन गुप्ता, संगठन सचिव मुरारी गुप्ता, समाजसेवी रतन गुप्ता, महिला समिति की सचिव पूनम गुप्ता, वीणा साहू, कोषाध्यक्ष बबीता गुप्ता आदि की उपस्थिति रही।

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में मना विजय दिवस




**गुमला (आजाद सिपाही)।** वर्ष 1971 को पाकिस्तान पर ऐतिहासिक विजय के नायक रहे भारतीय सेना के वीर जवानों के शौर्य और बलिदान को नमन करते हुए सोमवार को सरस्वती शिशु विद्या मंदिर गुमला में विजय दिवस मनाया गया। विद्यालय के सभागार में भारतीय सेना में सबइंस्पेक्टर रहे गोपाल बहादुर, सूबेदार श्याम सुंदर, गुरजीत सिंह तथा मनोज कुमार बोरो का स्वागत तथा सम्मान किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य संजीव कुमार सिन्हा ने सरस्वती वंदना के उपरांत सम्मानीय अतिथियों का अंग वस्त्र द्वारा स्वागत किया। मंच का संचालन तथा अतिथि परिचय आचार्य संजय कुमार के द्वारा किया गया। गोपाल बहादुर अपने जीवन का संस्मरण बताते हुए भैया बहनों को सेना में जाने की प्रेरणा दी। विद्यालय के प्रधानाचार्य संजीव कुमार सिन्हा ने कहा कि 16 दिसंबर 1971 की ऐतिहासिक जीत की खुशी आज भी हर देशवासियों के मन को जोश व उमंग से भर देती है। आज पूरा देश ऐतिहासिक विजय के नायक रहे भारतीय सेना के वीर जवानों के शौर्य और बलिदान को नमन कर रहा है। धन्यवाद ज्ञापित करते हुए आचार्य संजय कुमार एवं शांतनु सिंह ने बच्चों से कहा कि अपने कर्तव्यों का निर्वहन इमानदारी पूर्वक करें यही सच्ची राष्ट्रभक्ति है।

## चौकीदार नियुक्ति परीक्षा में 442 परीक्षार्थी हुए शामिल



**गुमला (आजाद सिपाही)।** चौकीदार नियुक्ति के लिए लिखित परीक्षा में चयनित अभ्यर्थियों की शारीरिक दक्षता परीक्षा सोमवार से प्रारंभ हो गयी है। यह परीक्षा गुमला जिले के नागफेनी स्थित आइआरबी कैंप ग्राउंड में आयोजित की जा रही है। सुबह 7 बजे से प्रारंभ इस परीक्षा में दौड़, साइकिलिंग और अन्य शारीरिक दक्षता जांच की जा रही है। परीक्षा 16 दिसंबर से 18 दिसंबर तक चलेगी, जिसमें सरकार के दिशानिर्देशो का पूर्णतः पालन किया जा रहा है। उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने निर्देश दिया है कि चौकीदार नियुक्ति प्रक्रिया पूरी पारदर्शिता और निर्धारित नियमों के अनुसार संपन्न की जाये। पहले दिन कुल 442 अभ्यर्थियों ने शारीरिक दक्षता परीक्षा में भाग लिया, जिसमें 75 महिलाएं और 367 पुरुष शामिल हैं।

## एएसआइ मनोज को पुलिस एसोसिएशन की सदस्यता से हटाने के मामले ने पकड़ा तूल



**गुमला (आजाद सिपाही)।** एसटी-एससी थाना में एएसआइ के पद पर पदस्थापित मनोज पासवान को गलत तरीके से झारखंड पुलिस एसोसिएशन से छः माह से निकाल दिये जाने का मामला अब तुल पकड़ने लगा है। मनोज ने इस संबंध में गुमला के पुलिस अधीक्षक के पास एक लिखित शिकायत पत्र समर्पित कर जांच कराते हुए दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग किया था तथा मामला अखबार में प्रकाशित होने के बाद पुलिस अधीक्षक के स्तर से इसकी जांच पड़ताल शुरू हो गया है। इधर मनोज पासवान ने अपने हक के लिए एक भारतीय नागरिक के हैसियत पर सूचना का अधिकार (आरटीआइ) का प्रयोग करते हुए झारखण्ड पुलिस एसोसिएशन के केंद्रीय कार्यालय रांची के जन सूचना पदाधिकारी (पीआइओ) से चार बिंदु पर आवश्यक सूचनाएं भी मांगी है। जिसमें झारखण्ड पुलिस एसोसिएशन का संघीय नियमावली, किस नियम के तहत उनकी सदस्यता से वंचित किया गया। एसोसिएशन का चुनाव नियमावली, वगैर चुनाव का एसोसिएशन में नये पदाधिकारी को किस नियम के तहत मनोनीत किया गया की सूचनाएं की मांग किया गया है।

## चरित्र प्रमाण पत्र नहीं बनने से अभ्यर्थी परेशान

**गुमला (आजाद सिपाही)।** उपायुक्त कार्यालय से चरित्र प्रमाण-पत्र निर्गत नहीं हो पा रहा है। जिस कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस बाबत कांग्रेस की महिला उपाध्यक्ष हेमावती लकड़ा ने उपायुक्त का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराया है और प्रमाण-पत्र निर्गत करने की दिशा में उचित निर्देश देने का आग्रह किया है ताकि चरित्र प्रमाण-पत्र के कारण किसी का कार्य लंबित न हो। उन्होंने कहा कि महीनों से चरित्र प्रमाण-पत्र लंबित है। अभ्यर्थी जब कार्यालय का दौड़ लगाने लगे, तो पहले कहा गया कि कार्यालय चंडाली में व्यवस्थित हो रहा है। जिस कारण प्रमाण-पत्र का कार्य लंबित है। अब जब कार्यालय शिफट हो गया है, तो बीते चार-पांच दिनों से एसी शशिंद्र बड़ाईक उपस्थित नहीं है। वे चौकीदार बहाली को लेकर नागफेनी में है। ऐसे में कई प्रकार के जरूरी कार्यो के लिए आवेदन करने के बावजूद प्रमाण-पत्र नहीं बन रहा है। हेमावती का कहना है कि कोई भी कार्य का एक समय निर्धारित होना चाहिए। उपायुक्त इस संबंध में संज्ञान लेते हुए अविलंब निर्देश जारी करें और प्रमाण-पत्र बनाने की प्रकिया को सरल व त्वरित करवाने का कार्य करें।

## क्रिसमस और नववर्ष को लेकर शांति समिति की बैठक



**सिसई (आजाद सिपाही)।** क्रिसमस पर्व और नववर्ष को लेकर सिसई थाना परिसर में सोमवार को शांति समिति की बैठक हुई। अध्यक्षता थानेदार संतोष कुमार सिंह ने की। बैठक में क्रिसमस और नववर्ष के तैयारी को लेकर चर्चा की। थाना प्रभारी ने पर्व को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने की बात कही। इस दौरान बैठक में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए जिला परिषद अध्यक्ष किरण बाड़ा ने कहा कि क्रिसमस का त्योहार आपस में प्रेम, भाईचारा और शांति का संदेश देता है। क्रिसमस गैदरिंग समारोह एकता का संदेश देता है। हम सभी लोग आपस में मिलजुल कर भाईचारा और शांति के साथ रहें। वहीं पुलिस निरीक्षक विनय कुमार ने कहा कि अन्य त्योहारों की तरह इस त्योहार व नववर्ष को भी शांतपूर्ण और भाईचारे के साथ मनाने की अपील की है। साथ ही उन्होंने कहा कि आप लोगों की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस हमेशा सजग रहेंगी। पुलिस क्षेत्र के लोगों पर अफवाह फैलाने व मदिरा-पान करने वाले लोगो पर पुलिस की विशेष निगरानी रहेगी। मौके पर प्रखंड प्रमुख मीना देवी, जिप सदस्य विजय लक्ष्मी कुमारी, एसआइ आशिष कुमार, संजय कुमार ठाकुर, रामानंद सिंह, मुखिया सुनिता कुमारी, सुगिया देवी, अलबीना देवी सहित कई लोग उपस्थित थे।

## 20 को होगा ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन

**बसिया (आजाद सिपाही)।** आगामी 20 दिसंबर 2024 दिन शुक्रवार को रेफरल अस्पताल बसिया में ब्लड डोनेशंन कैंप का आयोजन किया गया है। जिसमे कोई भी इच्छुक व्यक्ति 20 दिसंबर को रेफरल हॉस्पिटल आकर अपना ब्लड डोनेट जरूर कर सकते है। इसके लिए रेफरल अस्पताल प्रबंधक द्वारा एक हेल्पलाइन नंबर 7004738973 भी जारी किया गया है। इस आशय की जानकारी रेफरल अस्पताल के संदीप साहू द्वारा दी गयी।

## विधायक ने किया कब्रिस्तान घेराबंदी का शिलान्यास



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** नगर पंचायत के इस्लामगंज में विधायक संजय सिंह यादव ने सोमवार को जिला कल्याण मद से बनने वाले कब्रिस्तान घेराबंदी का शिलान्यास किया। विधायक ने कहा की कब्रिस्तान के चारों ओर घेराबंदी हो जाने के बाद गंदगी और आवारा पशुओं का अन्यत्र विचरण से मुक्ति मिलेगी। कहा कि हुसैनाबाद क्षेत्र में कई विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। मौके पर नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष शशि कुमार, युवा नेता रवि यादव, राजेश कुमार सिंह, पूर्व वार्ड पार्षद सुहैल आलम, जुल्फिकार अली, मोहिउद्दीन अंसारी, बैबुल अमीन, डॉक्टर एजाज आलम, शाकिर अली, बबलू हुसैन, आमीन खान और वीरेंद्र राम आदि मौजूद थे

# विकास की राह में धनराशि बाधक नहीं होगी: वित्त मंत्री

## टेंपो चालन के लिए प्रशासन ले व्यवहारिक निर्णयः अरुणा शंकर

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** झारखंड के वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने सोमवार को चेंबर अध्यक्ष आनंद शंकर के आवास पर चेंबर सदस्यों के साथ बैठक की। जिसमें मेदिनीनगर की प्रथम महापौर अरुणा शंकर भी शामिल हुईं। उन्होंने वित्त मंत्री को बुके देकर स्वागत किया। वहीं, कृष्णा अग्रवाल ने शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर अरुणा शंकर ने वित्त मंत्री से शहर में रुके कार्यों में खास महाल लीज, कोयल को बांधना, चैनपुर शाहपुर के लिए दूसरा पुल का निर्माण जल्द शुरू कराने, कोऑपरेटिव मोड पर चैनपुर शाहपुर जाने के लिए मिनी फ्लाईओवर और शहर में एक



चेंबर अध्यक्ष-सदस्यों के साथ बैठक करते वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर।

सुंदर बस टर्मिनल का निर्माण प्राथमिकता के आधार पर कराने का अनुरोध किया। इस पर मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने 15 जनवरी 2025 के आसपास इस वित्तिय वर्ष में होने वाले कार्य को लेकर पुनः एक बैठक करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर प्रथम महापौर ने मंत्री जी को टेंपो चालकों के हड़ताल से आमजनों खासकर गांव से आने जाने वाले लोगों को हो रही परेशानी की ओर ध्यान आकृष्ट कराया। कहा कि प्रशासन ग्रामीण क्षेत्र से आने वाले सभी टेंपो को शहर से बाहर चार किलोमीटर पहले ही सवारी को उतारने का निर्देश दिया है जो व्यावहारिक नहीं है। क्योंकि गर्भवती महिलाओं, बीमारियों से पीड़ित ग्रामीण, कॉलेज में पढ़ने वाले छात्र-छात्राएं एवं गोद में छोटे-छोटे बच्चे या ज्यादा सामान लेकर बस पकड़ने वाली सवारी को दो बार गाड़ी पकड़ना पड़ रहा है जो व्यावहारिक भी नहीं है। इसमें किराया भी अधिक लग रहा है। अतः टेंपो चालकों का हड़ताल समाप्त कराते हुए पूर्व की भांति समन्वय बनाकर टेंपो चलाने पर प्रशासन के साथ सहमति बनाई जाए। इस पर वित्त मंत्री ने नगर आयुक्त से बात कर कहा कि एक-दो दिन के अंदर इसका व्यवहारिक निष्पादन किया जाए। इस अवसर पर काफी संख्या में शहर के व्यवसाई उपस्थित थे। जिन्होंने मंत्री जी से जनहित में कई मुद्दे रखें जिसे उन्होंने क्रमबद्ध तरीके से पूरा करने का आश्वासन दिया।

# सांसद वीडी राम ने लोकसभा में पूछा झारखंड में एथनी टूरिज्म एवं जनजातीय पर्यटन से संबंधित प्रश्न

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने लोकसभा में प्रश्न काल के दौरान केंद्रीय पर्यटन मंत्रालय से झारखंड में जनजातीय पर्यटन एवं एथनीक टूरिज्म को बढ़ावा देने से संबंधित सवाल पूछे। कहा कि पर्यटन को बढ़ावा देने की प्राथमिक जवाबदेही राज्य सरकारों एवं केंद्र शासित प्रदेशों की है। पर केन्द्र सरकार की ओर से स्वदेश दर्शन एवं प्रसाद योजनाओं के अंतर्गत उन्हें वित्तीय सहायता प्रदान की जा रही है। मैं मंत्री जी से जानना चाहता हूँ कि 30.44 करोड़ रुपए की राशि झारखंड को स्वदेश दर्शन योजनाओं के अंतर्गत इको सर्किट विकसित करने के लिए आवंटित की गयी थी, क्या वह राशि पूरी तरह से उपयोग में लायी गयी। यदि नहीं, तो क्या कदम उठाये गए या उठाये जा रहे है, ताकि इस तरह की राशि का पूर्ण उपयोग हो। केंद्र सरकार की ओर से 1000 होमस्टे



पलामू सांसद विष्णु दयाल राम।

स्वदेश दर्शन योजना के अंतर्गत पर्यटन क्षमता वाले गांवों में विकसित करने की पहल की गयी है। ऐसे प्रस्तावित 1000 होमस्टे में झारखंड के लिए कितने प्रस्तावित है और उसके लिए कितनी धनराशि आवंटित की गयी है। यदि ऐसा नहीं किया गया है तो उसके कारण क्या है? उपरोक्त प्रश्नों का जवाब देते हुए केंद्रीय पर्यटन मंत्री ने कहा कि मंत्रालय अपने निरंतर किए जा रहे प्रयासों के हिस्से के रूप में संवर्धनात्मक कार्यक्रमों, मेलों और महत्सवों के आयोजन के लिए राज्य सरकारों की सहायता, प्रदर्शनियों में भागीदारी, बेबसाइटों, सोशल मीडिया आदि पर प्रचार सहित विभिन्न पहलों के माध्यम से झारखंड में जनजातीय और एथनिक पर्यटन के साथ ही देश के विभिन्न पर्यटन गंतव्यों और उत्पादों का संवर्धन करता है। कहा कि केंद्र सरकार ने 'प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान' के हिस्से के रूप में पर्यटन मंत्रालय की स्वदेश दर्शन योजना के तहत जनजातीय होमस्टे विकसीत करने की पहल को भी मंजूरी दी है। उक्त पहल में नए निर्माण के लिए प्रति इकाई पांच लाख रुपए, नवीकरण के लिए तीन लाख रुपए और ग्राम समुदाय की आवश्यकताओं के लिए पांच लाख रुपए की सहायता सहित 1000 होमस्टे का विकास शामिल है।

## ग्रासिम इंडस्ट्रीज रेहला को मिला 'राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण' के क्षेत्र में प्रथम पुरस्कार




**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** रेहला ग्रासिम इंडस्ट्रीज लिमिटेड केमिकल डिविजन को ऊर्जा संरक्षण के क्षेत्र में लगातार श्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए 14 दिसंबर को प्रथम पुरस्कार मिला है। केंद्रीय ऊर्जा मंत्रालय के तत्वाधान में ब्यूरो ऑफ एनर्जी एफिशिएंसी की ओर से संचालित राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण अवार्ड कार्यक्रम प्रत्येक वर्ष 14 दिसंबर को 'ऊर्जा संरक्षण दिवस' के अवसर पर नई दिल्ली विज्ञान भवन में आयोजित की जाती है। इस बार रेहला ग्रासिम इकाई को क्लोर अल्कली के क्षेत्र में प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ है। विज्ञान भवन में आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह के देश के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने यह पुरस्कार ग्रासिम क्लोर अल्कली के सीइओ मयंक शर्मा और ग्रासिम रेहला के इकाई प्रमुख हितेंद्र अवस्थी को सौंपा। इस कार्यक्रम में ग्रासिम रेहला के पावर प्लांट प्रमुख दीपक शर्मा और एनर्जी मैनेजर सूरज पांडे भी शामिल थे। विदित हो कि इस पुरस्कार के लिए सभी औद्योगिक कैटेगरी एवं सेक्टर में कुल मिलाकर 752 औद्योगिक इकाइयों के आवेदन प्राप्त हुए थे, जिसमें क्लोर अल्कली के क्षेत्र में ग्रासिम रेहला ने प्रथम पुरस्कार हासिल किया है। ग्रासिम रेहला कारखाना परिसर में आयोजित सम्मान समारोह में ग्रासिम रेहला की वरिष्ठ प्रबंधन टीम ने समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों के समक्ष इस पुरस्कार से संबंधित मुख्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों का स्वागत किया। इस अवसर पर इकाई प्रमुख हितेंद्र अवस्थी ने कहा कि हम ऊर्जा, पर्यावरण, जल संरक्षण, सामाजिक गतिविधि सभी क्षेत्रों में व्यापक स्तर पर कार्य कर रहे हैं। इसमें सभी कर्मचारी एवं लोगों का बढ़-चढ़कर साथ मिल रहा है। इसी का परिणाम है कि ग्रासिम रहेला को आज सुखद परिणाम प्रथम पुरस्कार के रूप में प्राप्त हुआ है।

## कुशवाहा समाज के लोगों ने विधायक शशिभूषण मेहता को किया सम्मानित



**पांकी/पलामू (आजाद सिपाही)।** पांकी विधानसभा के नीलाम्बर पीताम्बरपुर स्थित अटल स्मृति भवन में सोमवार को विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता को कुशवाहा समाज के लोगों ने समारोह आयोजित कर सम्मानित किया। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि पांकी की जनता ने मुझे दूसरी बार नेतृत्व करने का मौका दिया है, जिसके लिए सभी का अभारी रहूंगा। बीते पांच सालों में जो विकास कार्य नहीं हो पाया था उसे पूरा करूंगा। कार्यक्रम का संचालन अजय मेहता ने किया। इस मौके पर मुखिया संघ अध्यक्ष मंदीप मेहता, प्रकाश मेहता, निर्मल मेहता, राजकमल वर्मा, विरेन्द्र मेहता, लक्ष्मण कुशवाहा, मुखिया विगन मेहता, अंगद मेहता, प्रियंका मेहता, संतोष मेहता आदि मौजूद थे।

## पार्षद ने किया जनरल स्टोर का उद्घाटन



**चैनपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** मेदिनीनगर नगर निगम क्षेत्र के शाहपुर-गढ़वा रोड स्थित हरिजन मोहल्ला में पवन जनरल स्टोर का उद्घाटन वार्ड नंबर 31 की पार्षद सह जोन अध्यक्ष प्रमिला देवी ने किया। उन्होंने कहा कि शाहपुर भी अब तेजी से विकसित होने लगा है। अब शाहपुर में ही सभी सामग्री आसानी से उपलब्ध हो जाती है। कहा कि दुकानदार ग्राहकों के बीच मधुर संबंध बनाए जिससे ग्राहकों को सामग्री लेने के लिए दूसरी जगह जाना ना पड़े। इस मौके पर पवन पासवान, सकुतला देवी, कविता देवी, ललिता देवी, गुड्डू चौधरी, पुतुल पासवान, जीतू कुमार, शारदा देवी, ममता कुमारी, बीरबल पासवान और भूकंप पासवान आदि उपस्थित थे।

# हुसैनाबाद विधायक से मिला प्रतिनिधिमंडल विश्रामपुर को अनुमंडल बनवाने की मांग

**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** प्रदेश में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अगुवाई में आइएनडीआइए महागठबंधन की नई सरकार के गठन होते ही विश्रामपुर को अनुमंडल बनाने की मांग तेज हो गई है। वरीय नेता सह समाजसेवी नईमुदीन अंसारी के नेतृत्व में सोमवार को एक प्रतिनिधिमंडल राजद प्रदेश अध्यक्ष सह हुसैनाबाद विधायक संजय सिंह यादव से मिला। नईमुदीन अंसारी ने विधायक को विश्रामपुर की जनभावनाओं से अवगत कराते हुए अनुमंडल बनवाने की मांग रखी। कहा कि



विश्रामपुर अनुमंडल बनने का सारा आहर्ता पूरा करता है। इसलिए विश्रामपुर को अनुमंडल का दर्जा जल्द से जल्द मिलना चाहिए। इस पर विधायक ने नईमुद्दीन अंसारी को आश्वस्त किया कि उनकी मांगों को मुख्यमंत्री तक पहुंचायेंगे। विश्रामपुर को अनुमंडल बनवाने में हर संभव मदद करेंगे। इस मौके पर उस्मान अंसारी, मो अनीस अंसारी, इस्तेखार अंसारी, जलालुद्दीन सिद्दकी और असगर अंसारी आदि उपस्थित थे।

# स्कूल के चाहरदीवारी निर्माण में अनियमितता के खिलाफ लोगों का हंगामा, निर्माण कार्य को रोका

**विभागीय अधिकारियों से किया ठेकेदार पर कार्रवाई की मांग**

आजाद सिपाही संवाददाता

**विश्रामपुर/ पलामू।** विश्रामपुर नप मुख्यालय स्थित राजकीय प्लस 2 जनता उच्च विद्यालय व राजकीय मध्य विद्यालय के चाहरदीवारी निर्माण का कार्य चल रहा है। जिसमें प्राक्कलन की अनदेखी करते हुए घोर अनियमितता बरती जा रही है। घटिया निर्माण कार्य देख स्थानीय लोग भड़क गए। आक्रोशित लोगों ने सोमवार को कार्यस्थल पर जाकर हंगामा करते



हुए निर्माण कार्य को रोक दिया। लोगों का आरोप है कि निर्माण कार्य में घटिया सामग्री का उपयोग किया जा रहा है। पाइलिंग, पीलिंथ व पाया में कहीं भी छड़ के रिंग का इस्तेमाल नहीं किया जा रहा है। सिर्फ छड़ खड़ा कर कलम, पीलिंथ व पाया को ढाल दिया जा रहा है। कहा कि जब तक गुणवत्ता में सुधार नहीं होगा तब तक निर्माण कार्य को शुरू होने नहीं दिया जायेगा। निवर्तमान पार्षद सुनील चौधरी ने कहा कि विभागीय अधिकारियों से इसकी लिखित शिकायत भी की जायेगी। उन्होंने मांग की कि संबंधित विभाग के अधिकारी निर्माण कार्य की जांच कर ठेकेदार पर कार्रवाई करें। ऐसा नहीं करने पर आंदोलन किया जाएगा। इस मौके पर विजय महाजन, नदीम अंसारी, राजेश मार्शल, संतोष चौधरी, मुकेश चौधरी, शिव सोनी, दिलीप चंद्रवंशी, डब्ल्यू गुप्ता आदि थे।

## जपला सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में मातृ-सम्मेलन सह बाल मेला आयोजित

# बच्चों को संस्कारी सिर्फ मातृशक्ति ही बना सकती है : रंजना भारती

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** जपला सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के सुरम्य परिसर में सोमवार को मातृ सम्मेलन सह बाल मेला का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ हुसैनाबाद बीपीएम रंजना भारती, कन्या मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापिका नीलम पांडेय, संरक्षक दिनेश जी कश्यप, अध्यक्ष डॉ शिवप्रसाद मेहता, उपाध्यक्ष डॉ सत्येन्द्र चंदेल, सचिव राकेश तिवारी, सतीश सिंह, संजीव गुप्ता, रत्ना वर्मा, बबीता देवी, प्रधानाचार्य कुशजी पांडेय और प्रभारी प्रधानाचार्य अखिलेश विश्वकर्मा ने संयुक्त रुप से भारत माता, चराचर जगत में व्याप्त ऊं, मां सरस्वती एवं अहिल्याबाई होल्कर के चित्र पर दीप प्रज्वलन करके किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य कुशजी पांडेय ने कहा कि भैया-बहनों के शैक्षणिक विकास में माता की भूमिका विशेष होती है। उनके सहयोग के बिना शारीरिक, मानसिक, नैतिक एवं शैक्षिक



विकास नहीं हो सकता। इसलिए बदलते परिवेश को ध्यान में रखते हुए मातृ सम्मेलन का आयोजन कर समसामयिक विषयों की जानकारी दी जाती है। वहीं, रंजना भारती ने कहा कि बच्चे राष्ट्र के धरोहर हैं। बच्चों को संस्कारी सिर्फ मातृशक्ति ही बना सकती हैं। बच्चे समाज व देश के लिए महत्वपूर्ण होते हैं। शिशु मंदिर में अध्ययनरत भैया-बहनों का संस्कार पक्ष बहुत ही मजबूत होता है। इस दौरान स्वच्छता, अनुशासन, भोजन, गृह कार्य पुस्तकों का रखरखाव, न्यू टेक्नोलॉजी आदि बिंदुओं पर चर्चा की गई। कार्यक्रम का संचालन हर्षदा उपाध्याय ने किया। इस मौके पर मातृ-सम्मेलन में 275 माताएं एवं बहनें उपस्थित रहीं। वहीं, विद्यालय प्रबंध समिति के सचिव राकेश तिवारी ने कहा कि राष्ट्र निर्माण के लिए शिवाजी महाराज, महाराणा प्रताप, झांसी की रानी लक्ष्मीबाई जैसे राष्ट्र के सपूतों का जन्म भारत की गोद में ही संभव हो सकता है। धन्यवाद ज्ञापन प्रभारी प्रधानाचार्य अखिलेश विश्वकर्मा ने किया। वहीं, कार्यक्रम को सफल बनाने में छाया कुमारी, सुषमा कुमारी, दीप्ति सिन्हा, आरती कुमारी, संजय सिन्हा, अजय कुमार, शशि कुमार, रंजीत मिश्र आदि का सराहनीय योगदान रहा।


भू–अर्जन वाद संख्या–89 / 2022–23
भू–अर्जन वाद संख्या–86 / 2022–23
भू–अर्जन वाद संख्या–85 / 2022–23
भू–अर्जन वाद संख्या–88 / 2022–23
भू–अर्जन वाद संख्या–87 / 2022–23

भू–अर्जन वाद संख्या–81 / 2022–23
भू–अर्जन वाद संख्या–82 / 2022–23
भू–अर्जन वाद संख्या–83 / 2022–23
भू–अर्जन वाद संख्या–84 / 2022–23

झारखण्ड सरकार

राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग

(जिला भू–अर्जन कार्यालय, राँची)

अधिघोषणा

(अधिनियम–30 / 2013 की धारा–19 (1) के अधीन)

पथ प्रमण्डल, राँची (ग्रामीण) अन्तर्गत अनगड़ा–हाहे–राहे पथ (एम०डी०आर०–021) (कुल लम्बाई–26.687 कि०मी०) का चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण / पुनर्निर्माण कार्य परियोजना।

चूँकि झारखण्ड सरकार / समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है कि ग्राम–कोकरोडीह, कोंताटोला, पुरनाडीह, राहे एवं सताकी थाना–राहे, थाना संख्या क्रमशः–101, 39, 36, 81 एवं 41 अंचल–राहे, एवं ग्राम–बोंगईबेड़ा, बानपुर, पैका एवं जरगा, थाना–अनगड़ा, थाना संख्या क्रमशः–30, 33, 34 एवं 35 अंचल–अनगड़ा जिला–राँची में भूमि सार्वजनिक प्रयोजन यथा–पथ प्रमण्डल, राँची (ग्रामीण) अन्तर्गत अनगड़ा–हाहे–राहे पथ (एम०डी०आर०–021) (कुल लम्बाई–26.687 कि० मी०) का चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण / पुनर्निर्माण कार्य परियोजना हेतु अपेक्षित है, प्रभावित परिवारों के पुर्नवासन एवं पुनर्व्यवस्थापन के प्रयोजनार्थ अपर समाहर्त्ता अथवा नियम 2(1) (ख) के तहत् नियुक्त पदाधिकारी प्रशासन के रुप में नियुक्त किए गए है। अतएव अधिसूचित किया जाता है कि ग्राम–कोकरोडीह, कोंताटोला, पुरनाडीह, राहे एवं सताकी थाना–राहे, थाना संख्या क्रमशः–101, 39, 36, 81 एवं 41, अंचल–राहे एवं ग्राम–बोंगईबेड़ा, बानपुर, पैका एवं जरगा, थाना–अनगड़ा, थाना संख्या क्रमशः–30, 33, 34 एवं 35 जिला–राँची में उपर्युक्त कथित परियोजना के लिए कमोवेश–**1.0386**, **2.1124**, **1.0194**, **0.4895**, 3०1919, 1०6739, 0०3701, 1०2558 एवं 1०4041 एकड़ मानक माप का भूखंड, जिसका विस्तृत विवरणी निम्नलिखित है, अर्जनाधीन है :–

मौजा–राहे

| क्र० | खाता सं० | सर्वे प्लॉट सं० | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 96 | 604 | दोन तीन | 0.0127 | कीरीट भूषण भगत, प्रफुल्ल कुमार भगत, राजकुमार भगत, सरत कुमार भगत, गोपाल चन्द्र भगत पिता–रामकृष्ण भगत, सुषील कुमार भगत पिता–रामकृष्ण भगत, उषा भगत पति–सरत कुमार भगत |
| 2 | 157 | 640 | टांड़ एक | 0.0045 | सामा महतो, डुबका महतो, मंगरा महतो, सिष्टी महतो पिता–दिलो महतो, जुगल महतो पिता–सुखराम महतो |
| 3 | 18 | 641 | टांड़ एक | 0.0045 | सुगल महतो पिता–सुखराम महतो |
| 4 | 59 | 642 | टांड़ एक | 0.0045 | पलटन महतो पिता–नथन महतो, दुखिया महतो पिता–बुधु महतो, सहरई महतो, षिबु महतो, लक्ष्मण महतो पिता–सानु महतो वगैरह |
| 5 | 59 | 643 | टांड़ एक | 0.0150 | पलटन महतो पिता–नथन महतो, दुखिया महतो पिता–बुधु महतो, सहरई महतो, षिबु महतो, लक्ष्मण महतो पिता–सानु महतो वगैरह |
| 6 | 59 | 644 | टांड़ एक | 0.0216 | पलटन महतो पिता–नथन महतो, दुखिया महतो पिता–बुधु महतो, सहरई महतो, षिबु महतो, लक्ष्मण महतो पिता–सानु महतो वगैरह |
| 7 | 59 | 645 | खलिहान 1 | 0.0158 | पलटन महतो पिता–नथन महतो, दुखिया महतो पिता–बुधु महतो, सहरई महतो, षिबु महतो, लक्ष्मण महतो पिता–सानु महतो वगैरह |
| 8 | 59 | 646 | टांड़ एक | 0.0106 | पलटन महतो पिता–नथन महतो, दुखिया महतो पिता–बुधु महतो, सहरई महतो, षिबु महतो, लक्ष्मण महतो पिता–सानु महतो वगैरह |
| 9 | 59 | 647 | दोन तीन | 0.0023 | पलटन महतो पिता–नथन महतो, दुखिया महतो पिता–बुधु महतो, सहरई महतो, षिबु महतो, लक्ष्मण महतो पिता–सानु महतो वगैरह |
| 10 | 59 | 653 | दोन तीन | 0.0148 | पलटन महतो पिता–नथन महतो, दुखिया महतो पिता–बुधु महतो, सहरई महतो, षिबु महतो, लक्ष्मण महतो पिता–सानु महतो वगैरह |
| 11 | 59 | 654 | दोन तीन | 0.0166 | पलटन महतो पिता–नथन महतो,, दुखिया महतो पिता–बुधु महतो, सहरई महतो, षिबु महतो, लक्ष्मण महतो पिता–सानु महतो वगैरह |
| 12 | 172 | 657 | दोन एक | 0.0370 | दयाल महतो, बरजु महतो, दीलु महतो पिता–लखिया महतो, जानकी महतो, भीखु महतो, मोहर महतो, दसवा महतो पिता–डुडुवा महतो, जगदीष चन्द्र महतो वो प्रभात कुमार महतो पिता–वंषीधर महतो |
| 13 | 23 | 660 | दोन दो | 0.0043 | महादेव, सुकरा, सावना, गुरुवा देषवरी पिता–तुलसी देषवारी, कन्दरा देषवारी पिता–जेठुआ देषवारी, उमेष प्रसाद पिता–स्व० षिवधन महतो |
| 14 | 15 | 728 | टांड़ एक | 0.0033 | आसमान देषवादी वल्द महिपाल देषवादी वगै० |
| 15 | 120 | 729 | टांड़ एक | 0.0079 | फगुआ देषवारी वल्द गोपाल देषवारी, राम सहाय पाण्डे पिता–भोली पाण्डे |
| 16 | 26 | 730 | टांड़ एक | 0.0022 | हरिचरण देषवारी पिता–आसमानी देषवारी |
| 17 | 26 | 731 | परती कदीम | 0.0109 | हरिचरण देषवारी पिता–आसमानी देषवारी |
| 18 | 15 | 732 | मकान 2 सहन 1 | 0.0075 | आसमान देषवादी वल्द महिपाल देषवादी वगै० |
| 19 | 23 | 734 | टांड़ एक | 0.0109 | महादेव, सुकरा, सावना, गुरुवा देषवरी पिता–तुलसी देषवारी, कन्दरा देषवारी पिता–जेठुआ देषवारी, कार्तिक भोगता पिता–सहदेव भोगता, कालीचरण प्रजापति पिता–बन्धु प्रजापति |
| 20 | 120 | 737 | टांड़ एक | 0.0154 | फगुवा देषवारी वल्द गोपल देषवारी, गोपल चन्द्र प्रजापति पिता–दषरथ प्रजापति, श्री भीम प्रजापति पिता–देवा प्रजापति, गंगाधर राम प्रजापति पिता–बंधन प्रजापति |
| 21 | 120 | 738 | मकान 1 सहन 1 | 0.0029 | फगुवा देषवारी वल्द गोपल देषवारी, गोपल चन्द्र प्रजापति पिता–दषरथ प्रजापति, श्री भीम प्रजापति पिता–देवा प्रजापति, गंगाधर राम प्रजापति पिता–बंधन प्रजापति |
| 22 | 139 | 740 | दोन तीन | 0.0029 | खेदन पाण्डे वल्द बिक्रम पाण्डे वगै० |
| 23 | 138 | 741 | मकान 1 सहन 1 | 0.0029 | रामकृष्णा पांडे, राम सहाय पिता–भोमी पांडे, खेदन पांडे पिता–विक्रम पांडे, दषरथ प्रजापति पिता–सुकराम प्रजापति |
| 24 | 138 | 742 | परती कदीम | 0.0011 | दषरथ प्रजापति पिता–सुकराम प्रजापति |
| 25 | 139 | 743 | दोन तीन | 0.0096 | रामकृष्णा पांडे, राम सहाय पिता–भोमी पांडे, खेदन पांडे पिता–विक्रम पांडे, जनक महतो ति–भीम महतो, श्रीमती सावित्री देवी पति–राम किषुन राम, दषरथ प्रजापति पिता–सुकराम प्रजापति, उमेष प्रसाद पिता–स्व० षिवधन महतो |
| 26 | 120 | 770 | दोन तीन | 0.0096 | फगुवा देषवारी वल्द गोपल देषवारी, श्रीमती मालु देवी पति–हरिहर महतो, राम सहाय पांडे पिता–भोली पांडे, रामसाय पांडे पिता–भोली पांडे |
| 27 | 22 | 771 | दोन तीन | 0.0142 | अमीन भोगता, भोटु भोगता पिता–देवनाथ भोगता |
| 28 | 117 | 772 | दोन एक | 0.0584 | डोमन महतो पिता–पोया महतो, जुगल महतो पिता–सुखलाल महतो वगैरह, श्रीमती गंगामनी देवी पति–श्री नारायण महतो |
| 29 | 106 | 777 | दोन तीन | 0.0260 | गोविन्द अहीर, मोहन अहीर,स मदन अहीर पिता–नारायण अहीर, उदय अहीर, विजय अहीर, मनसा अहीर पिता–अघनु अहीर वगैरह, रामकृष्ण प्रजापति पिता–छेदी राम प्रजापति, नगैन्द्र महतो पिता–फेकना महतो |
| 30 | 38 | 859 | टांड़ एक | 0.0106 | गंगा महतो, सीताराम महतो पिता–गणेष महतो, धनीराम महतो पिता–अघनु महतो, रघु महतो पिता–जीतु महतो |
| 31 | 38 | 860 | टांड़ एक | 0.0175 | गंगा महतो, सीताराम महतो पिता–गणेष महतो, धनीराम महतो पिता–अघनु महतो, रघु महतो पिता–जीतु महतो |
| 32 | 198 | 863 | टांड़ एक | 0.1006 | हरिया महतो वल्द दरपा महतो |
| 33 | 15 | 733 | टांड़ एक | 0.0109 | आसमान देषवादी वल्द महिपाल देषवादी वगै० |
| | | | **कुल** | 0.4895 | |

यह अधिसूचना भू–अर्जन, पुर्नवास और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013 (अधिनियम संख्या 30 / 2013), की धारा–11(1) के उपबंधों के अधीन सभी संबंधित व्यक्तियों के लिए जारी की जाती है।

भूमि की योजना का निरीक्षण जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, राँची के कार्यालय में किसी कार्य दिवस को कार्यावधि में किया जा सकेगा। झारखण्ड सरकार / समाहर्त्ता–सह–समुचित सरकार उक्त अधिनियम की धारा 12 में यथा–उपबंधित एवं यथा विनिर्दिष्ट कार्यों के समुचित निष्पादन हेतु अपेक्षित किसी भूमि का सर्वेक्षण एवं उसकी प्रविष्टि करने, किसी भूमि के किसी स्तर को मापने के लिए अवभूमि खोदने या भू–वेधन–छिद्र करने सहित सभी अन्य कार्यों के संचालन करने हेतु जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, राँची और उनके कर्मचारी को प्राधिकृत करती है।

अधिनियम की धारा 11(4) के अधीन कोई व्यक्ति जिला समाहर्त्ता के पूर्विक अनुमोदन के बिना इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रारंभिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का कोई अंतरण यथा क्रय / विक्रय नही करेगा या ऐसा कोई अंतरण नही करवाएगा या ऐसी भूमि पर कोई अवभार नही उत्पन्न करेगा। अधिनियम की धारा 15 के अधीन यथा उपबंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से साठ (60 दिनों) के अन्तर्गत भू–अर्जन की बाबत किसी प्रकार की अपत्तियाँ हितबद्ध व्यक्ति द्वारा जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, राँची के समक्ष दर्ज की जा सकेगी।

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| अमीन, जि0भू0अ0का0,राँची। | कानूनगो, जि0भू0अ0का0,राँची। | जि0 भू0 अ0 पदा0, राँची। | अपर समाहर्त्ता, राँची। | उपायुक्त, राँची। |

PR 342111 Land Reforms(24-25)D

# 8 साल की बच्ची से दुष्कर्म-हत्या के सात महीना बाद भी हत्यारे पुलिस की पकड़ से दूर

## लोगों ने थाना प्रभारी से मिलकर डेढ़ महीने के अंदर अपराधी की गिरफ्तारी करने की मांग की

आजाद सिपाही संवाददाता

**पेटरवार।** थाना क्षेत्र में आठ साल की बच्ची की दुष्कर्म के बाद हत्या कर दिए जाने के मामले को सात महीना बीत जाने के बाद भी पुलिस अपराधियों को पकड़ने में नाकाम रही है। बच्ची से कुकृत्य की घटना को लेकर प्रशासन की ओर से हत्यारों को लेकर उदासीन रवैया अपनाये जाने पर आदिवासी समाज आक्रोशित है। इसे लेकर सोमवार को जेएलकेएम की नेता पूजा कुमारी एवं जिला परिषद माला कुमारी के नेतृत्व में दर्जनों ग्रामीण पेटरवार थाना पहुंच गये। थाना प्रभारी राजू



मुंडा से मिलकर आरोपितों को जल्द गिरफ्तारी करने को लेकर वार्ता की। पूजा कुमारी ने बताया कि सात महीने बीत जाने के बाद भी प्रशासन अपराधी को पकड़ नहीं पाई। थाना प्रभारी ने बताया कि 14 लोगों का डीएनए सैंपल जांच के लिए भेजा गया है। जिसकी रिपोर्ट अभी तक नहीं आयी है। उन्होंने कहा कि पीड़िता को जब तक न्याय नहीं मिलता तब तक उसके अधिकार के लिए आवाज उठाते रहेंगे। उन्होंने कहा कि प्रशासन को डेढ़ महीने का समय दिया जा रहा है। अगर इस दौरान अपराधी को नहीं पकड़ा जाता तो जेएलकेएम आंदोलन के लिए बाध्य होगा। इसके बाद पूरे गोमिया विधानसभा क्षेत्र में सड़क जाम किया जाएगा। जरूरत पड़ी तो मामले को पूरे झारखंड में जोरदार तरीके से उठाया जाएगा। इस दौरान पूजा ने कहा कि छोटी बच्ची के साथ इतनी बड़ी घटना घटित होने से पूरा आदिवासी समाज शोक, हताश है। घटना के सात महीना बीत जाने के बावजूद अपराधी खुले में घूम रहे हैं। इस मौके पर जिलाध्यक्ष अमरेश कुमार महतो, केंद्रीय महासचिव मनोहर महतो, केंद्रीय संगठन मंत्री पिंटु महतो, पेटरवार प्रखंड अध्यक्ष अरविंद महतो, योगेंद्र महतो, राजेश मुण्डा, निरंजन मुर्मू, विक्रम महतो, वकील, मनिष, तारकेश्वर, संदीप, हेमंत, विक्की, अनिल, हुलास, शंकर साव व लूटन महतो आदि थे।

### क्या थी घटना

4 मई 2024 कि रात को ओरदाना पंचायत के महलीजारा गांव में बच्ची की दुष्कर्म के बाद हत्या कर शव को झाड़ी में छिपा दिया गया था। अरजुवा पंचायत कि रहने वाली बच्ची अपने पिता एवं दादी के साथ प्रखंड के ओरदाना पंचायत के महलीजारा गांव में शादी समारोह में आई थी। वहां से बहुभात कार्यक्रम में शामिल होकर वापस अपने घर लौटने की तैयारी कर रहे थे। तभी अचानक वह कार्यक्रम से गायब हो गई। परिजनों ने रात को उसकी काफी खोजबीन की, लेकिन कोई पता नहीं लग सका था। अगले दिन सुबह स्थानीय ग्रामीणों ने घर से कुछ दूरी पर झाड़ियों में बच्ची का शव खून से लथपथ अवस्था में देखा था। तब थाना प्रभारी राजू मुंडा ने कहा था कि जांच प्रक्रिया जारी है। उक्त मामले में 14 संदिग्ध लोगों का डीएनए सैंपल जांच के लिए भेजा जा चुका है। जांच रिपोर्ट आते ही मामले पर खुलासा किया जाएगा।

# अमन साव हत्याकांड एवं चेतन साव पर हुए फायरिंग मामले की जांच अब एसआइटी करेगी



आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** बरवाअड्डा थाना क्षेत्र के बड़ा पिछरी में विगत दिनों हीरापुर के आदर्श नगर स्थित जेसी मल्लिक रोड निवासी व्यवसायी अमन साव उर्फ मन्नू की हत्या और कुर्मीडीह मोड़ पर जमीन कारोबारी चेतन साव पर हुई फायरिंग के मामले की जांच अब एसआइटी करेगी। इसके लिए दो विशेष जांच टीमें गठित की गयी हैं। अमन हत्याकांड के लिए गठित एसआइटी का नेतृत्व डीएसपी (यातायात) अरविंद कुमार सिंह करेंगे, जबकि चेतन साव फायरिंग मामले की जांच डीएसपी (मुख्यालय-1) शंकर कामती करेंगे। दोनों टीमों में पुलिस उपाधीक्षक प्रदीप कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक धनबाद अनिल कुमार शर्मा, प्रभारी तकनीकी शाखा प्रवीण कुमार, रवींद्र प्रसाद निरसा, केंदुआडीह थाना प्रभारी वकार हुसैन, राजीव कुमार तकनीकी शाखा व बरवाअड्डा थाना प्रभारी सुनील कुमार रवि शामिल हैं। विशेष जांच टीमें अपराधियों की तलाश में अलग-अलग स्थानों पर छापामारी कर रही हैं। बताते चलें कि 11 दिसंबर की देर रात बरवाअड्डा थाना क्षेत्र के बड़ा पिछरी में अमन साव की गोली मारकर हत्या कर दी गयी थी। वहीं 13 दिसंबर की शाम बरवाअड्डा के कुमीर्डीह मोड़ के पास तेली समाज के नेता चेतन साव पर अपराधियों ने ताबड़तोड़ फायरिंग की थी। उक्त घटना में चेतन साव गंभीर रूप से घायल हो गये। सोशल मीडिया में वायरल चिट्ठी में गैंगस्टर प्रिंस खान के गुर्गे मेजर ने घटना की जिम्मेदारी ली थी।

**18 को तेली साहू समाज का प्रदर्शनः** अमन साव उर्फ मन्नू हत्याकांड व चेतन साव पर जानलेवा हमले को लेकर धनबाद का तेली साहू समाज आक्रोशित है। रविवार को बरवाअड्डा में संवाददाता सम्मेलन कर समाज के जिलाध्यक्ष जगदीश साव ने कहा कि अपराधी समाज के लोगों पर लगातार हमले कर रहे हैं। धनबाद में कानून-व्यवस्था ध्वस्त हो चुकी है। पुलिस हमलावरों को पकड़ पाने में विफल है। इसके खिलाफ 18 को रणधीर वर्मा चौक पर धरना-प्रदर्शन किया जायेगा।

### जमीन कारोबारी हत्या व फायरिंग के बाद से व्यापारियों में है दहशत

अमन साव हत्याकांड के बाद जमीन कारोबारी चेतन साव पर हुई फ्रायरिंग के बाद बरवाअड्डा क्षेत्र के जमीन कारोबारियों में दहशत का माहौल है। सूत्रों की मानें तो कुर्मीडीह गांव के दो जमीन कारोबारियों को रंगदारी के लिए धमकी मिली है। इसके बाद से इलाके के छोटे-बडे.कई जमीन कारोबारी अपने घरों में कैद हो गये हैं। जीटी रोड के होटलों में आम दिनों में जमीन कारोबारी बैठक करते व जमीन का सौदा करते दिख जाते थे। जमीन का सौदा तय होने के बाद होटलों में अक्सर पार्टियां होती थीं। जमीन कारोबारियों से होटल गुलजार रहते थे, लेकिन चेतन साव पर हुई फायरिंग के बाद जमीन कारोबारियों का उठना-बैठना व पार्टी बंद है। जमीन कारोबारियों ने अनजान नंबर का कॉल उठाना बंद कर दिया है। वे ज्यादा समय अपने घरों में ही बिता रहे हैं। कुछ ने तो अपना मोबाइल फोन ही बंद कर दिया है।

## कांडरा ग्राम पंचायत में मुर्गा अखाड़ा आयोजन पर पुलिस की कार्रवाई, पूरा सामान किया जब्त

महुदा (आजाद सिपाही)। ग्राम पंचायत और पुलिस प्रशासन की चेतावनी के बावजूद सोमवार को कांडरा ग्राम पंचायत में मुर्गा अखाड़ा के आयोजन को लेकर टेंट लगाए जा रहे थे। इसकी सूचना मिलते ही पुलिस ने छापामारी कर दी और आयोजन स्थल से टेंट, तंबू और अन्य सामग्रियां जब्त कर अपने साथ ले गई। वहीं, आयोजक मौके से फरार हो गए। सूत्रों की मानें तो यह आयोजन परंपरागत रूप से हर साल आयोजित किया जाता था, लेकिन इस बार पुलिस ने इसकी अनुमति नहीं दी है। मुर्गा लड़ाई के आयोजन को लेकर स्थानीय प्रशासन ने पहले ही चेताते हुए उसे गैरकानूनी करार दिया था। साथ ही जबरन आयोजन पर कार्रवाई की चेतावनी दी थी। वहीं, पुलिस ने कहा है कि भविष्य में इस तरह के आयोजन पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल मामले में किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है।

## मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल शुरू

झरिया/जोड़ापोखर (आजाद सिपाही)। जीतपुर सेल कोलियरी डिविजन में कोलियरी गेट के समक्ष सोमवार को असंगठित मजदूर मोर्चा के बैनर तले पांच सूत्री मांगों को लेकर विजय गुप्ता उर्फ बिरजू ने अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल शुरू कर दी है। मांगो में कोलियरी में ठेका मजदूर को नियमित काम, पेंशन भुगतान, पीएफ और ग्रेच्युटी का भुगतान, ठेका मजदूरों का 7 फीसदी वेतन वृद्धि, सेलकर्मी स्व मृत्युंजय प्रसाद गुप्ता के आश्रितों को नियोजन आदि शामिल है। मोर्चा के शाखा सचिव सुरेश सिंह ने कहा कि सेल प्रबंधन की गलत नीतियों के खिलाफ चुप नहीं रहेगे। सेल प्रबंधक हमेशा मजदूरों का शोषण करता आ रहा है। कहा कि विगत दो दिसंबर को सेल महाप्रबंधक को पांच सूत्री मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा गया था। लेकिन 14 दिन बीत जाने के बाद भी प्रबंधन की ओर से उसका जवाब नहीं दिया गया, जिस कारण आज भूख हड़ताल पर बाध्य हुए। वहीं, भूख हड़ताल पर बैठे विजय गुप्ता ने कहा कि 2006 से स्व मृत्युंजय प्रसाद गुप्ता के आश्रित को नियोजन देने के नाम पर टालमटोल किया जा रहा है। पर अब मनमानी नहीं चलने दी जायेगी। जब तक प्रबंधक मांग नहीं मानती, भूख हड़ताल जारी रहेगा। मौके पर महामंत्री निताई महतो, नगीना पासवान, भल्लू राउत, सीताराम पासवान, संजय सिंह, कलाचंद महतो, राजेश कुमार, तारकेश्वर तिवारी आदि थे। उधर, जीतपुर सेल कोलियरी के महाप्रबंधक बादल मंडल ने कहा कि कोलियरी बंद है। यह 20 वर्ष पुराना मजदूर का मामला है, जिसे सेल के उच्च अधिकारी ही निदान कर सकते है। हमलोग कोलियरी को पुनः चालू करने को लेकर प्रयासरत है। मोर्चा के मांगो को लेकर हमने वार्ता के लिया बुलया, लेकिन वे लोग नहीं आये।

## इकाड डिलीवरी ऑफिस से 10 लाख की चोरी के मामले में पुलिस ने दर्ज किया मामला

बाघमारा/कतरास (आजाद सिपाही)। बाघमारा थाना अंतर्गत ईकार्ड डिलीवरी ऑफिस से विगत दिनों शटर का ताला तोड़कर करीब 10 लाख रुपये की चोरी के मामले में पुलिस ने सोमवार को अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने फ्रेंचाइजी ऑफिस के सीसीटीवी फुटेज को फिर से खंगालना शुरू कर दिया है। हालांकि पुलिस को इस घटना से जुड़े कोई अहम सुराग अभी तक नहीं मिले हैं। बताते चले कि शनिवार रात डुमरा हरिना हीरक सड़क मार्ग के समीप तोपचांची ओडीएच ऑफिस में शटर का ताला तोड़कर चोरों ने 9 लाख 69 हजार 202 रुपए की चोरी करने के बाद तिजोरी को जंगल में फेक दिया था जिसे पुलिस ने बरामद कर लिया है।

## लिंडसे क्लब एंड लाइब्रेरी में 20 से 22 दिसंबर तक पौष पार्बन मेला का आयोजन

धनबाद (आजाद सिपाही)। बंगाली संगठन लिंडसे क्लब एंड लाइब्रेरी इस साल 20 से 22 दिसंबर तक क्लब परिसर में अपना प्रमुख वार्षिक कार्यक्रम पौष पार्बन मेला आयोजित करने जा रहा है। सोमवार को क्लब परिसर में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में अध्यक्ष और पूर्व निदेशक सीआइएमएफआर डॉ अमलेंदु सिन्हा ने कहा कि वर्ष 2019 से क्लब का यह आयोजन हो रहा है, जिसमें बड़ी संख्या में धनबाद व आसपास के क्षेत्र से सांस्कृतिक प्रेमी प्रेरित होकर आ रहे हैं। डॉ सिन्हा ने बताया कि इस वर्ष धनबाद से एसएसपी हृदीप पी जनार्दन 20 दिसंबर का कार्यक्रम का उद्घाटन करेंगें। एसएसएलएनटी महिला महाविद्यालय की प्राचार्य सह शिक्षा बीबीएमकेयू की डीन डॉ शर्मिला रानी भी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगीं। इस अवसर पर बंगाली संस्कृति के खाद्य स्टाल और बंगाल के बाउल व बैंड जैसे सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे।

### मंत्री ने गोमिया प्रखंड कार्यालय के समक्ष किया धान क्रय केंद्र का उद्घाटन

# किसान बिचौलियों से बचें व पैक्स पर ही धान की बिक्री करें : योगेंद्र



गोमिया में धान क्रय केंद्र का उद्घाटन करते मंत्री योगेंद्र प्रसाद।

आजाद सिपाही संवाददाता

**आइइएल।** गोमिया प्रखंड कार्यालय के समीप व्यापार मंडल में धान क्रय केंद्र का उद्घाट्न राज्य के पेयजल, स्वच्छता व उत्पाद मद्य निषेध विभाग के मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने किया। उन्होंने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार किसानों के लिए कई कृषि कल्याणकारी योजनाएं चला रही है उसमें धान क्रय केंद्र भी शामिल हैं। किसानों को चाहिए की वे अपनी धान की बिक्री पैक्स में ही करें, ताकि फसल का सही मूल्य उन्हें मिल सके। मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने सरकारी अधिकारियों को निर्देश दिया की वे अपने स्तर से प्रचार प्रसार कर किसानों को सरकारी पैक्स में ही धान बेचने के लिए प्रेरित करने का निर्देश दिया। साथ ही कहा कि बिचौलियों पर कड़ी निगरानी रखें। वहीं, बीडीओ महादेव कुमार महतो और सीओ आफताब आलम ने किसानों से कहा कि वे सीधे तौर से अपने खेतों की फसल को सरकारी पैक्स में ही बिक्री करें। इसके बदले उन्हें सरकार 2400 रुपये प्रति क्विंटल की दर से भुगतान करेगी। वहीं, गोमिया व्यापार मंडल के अध्यक्ष रणविजय सिंह ने कहा कि यहां पूरे पारदर्शिता के साथ धान का क्रय किया जा रहा है। इस मौके पर प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी बिजेंद्र कुमार, मुखिया शांति देवी, बंटी उरांव, मुखिया प्रतिनिधि सह समाजसेवी पिंटू पासवान, मो रियाज अहमद, झामुमो प्रखंड उपाध्यक्ष अमित पासवान, पूर्व उप मुखिया चंदन पासवान, वरीय झामुमो नेता मुमताज आलम, प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष पंकज पांडेय, समाजसेवी धनंजय सिंह, पिंटू पासवान, शंभू यादव, मुकेश सोरेन और सत्येंद्र कुमार सिंह आदि उपस्थित थे।

### शिलान्यास का बोर्ड नदारत देखकर संवेदक पर बिफरे मंत्री योगेंद्र प्रसाद

कसमार (आजाद सिपाही)। शिलान्यास करने पहुंचे राज्य के पेयजल स्वच्छता व मद्य निषेध मंत्री योगेंद्र प्रसाद शिलापट्ट नदारद देख संवेदक पर बिफरे पड़े और खूब खरीखोटी सुनाई। घटना कसमार प्रखंड क्षेत्र के सुदूर पहाड़ी क्षेत्र हिसिम की है। जहां पैक्स गोदाम के लिए भवन निर्माण कार्य का शिलान्यास करने मंत्री योगेन्द्र प्रसाद पहुंचे थे। प्रस्तावित स्थल पर शीला पट्ट गायब देख इसका कारण पूछा। तब संवेदक ने बताया कि शिलापट्ट हवा में गिर गया है। यह बात सुनकर मंत्री योगेंद्र प्रसाद के साथ वहां मौजूद सभी लोग हंस पड़े। फिर मंत्री जी ने संवेदक को फटकार लगाते हुए कहा कि ऐसा नहीं चलेगा। लीपापोती वाला काम हम देखना नहीं चाहते हैं। ऐसा कार्य भविष्य में नहीं होनी चाहिए। इसे गंभीरता से लें। उन्होंने कहा कि गोदाम भवन का कार्य गुणवत्तापूर्ण होना चाहिए। कोई कोताही बर्दास्त नहीं की जाएगी। इस मौके पर कसमार प्रमुख न्योती दे और बीडीओ नम्रता जोशी आदि उपस्थित थे।

## बेरमो थाना को आदर्श और आवासीय थाना बनाया जायेगाः जयमंगल सिंह

**फुसरो/बेरमो (आजाद सिपाही)।** बेरमो विधायक कुमार जयमंगल उर्फ अनूप सिंह के ढोरी आवासीय कार्यालय में पुलिस आफिसर एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने सोमवार को मुलाकात की। इस दौरान बेरमो थाना, गांधीनगर ओपी थाना और बोकारो-झरिया ओपी थाना का जिर्णोद्धार करने की मांग की। साथ ही सरकार से पुलिस को राशन व वर्दी भत्ता भी दिलाने की अपील की। इस अवसर पर विधायक जयमंगल सिंह ने पुलिस की मांगों को ध्यान में रखते हुए तत्काल बेरमो थाना का निरीक्षण किया। कहा कि बेरमो थाना को एक आदर्श व आवासीय थाना स्थापित किया जाएगा। थाना के पुराने भवन को तोड़कर नया भवन बनवाया जाएगा, जिसमें थाने में स्थापित पुलिस कर्मियों के रहने की भी व्यवस्था रहेगी। थाना



को पहले से बने नए भवन में स्थानांतरित किया जाएगा। विधायक ने कहा कि चारदीवारी को भी ढंग से बनाया जाएगा। ताकि सड़क किनारे रखे जब्त वाहनों को अंदर रखा जा सके। कहा कि इसे जिर्णोद्धार करने में जो भी पैसा लगेगा उसे पुलिस फंड से लिया जाएगा। उसके बाद भी राशि की कमी होगी तो डीएमएफटी से भी फंड लिया जाएगा। उन्होंने एसोसिएशन के पदाधिकारियों को आश्वस्त करते हुए कहा कि आपके अन्य मांगें राशन व वर्दी भत्ता के लिए भी सरकार से बात कर दिलवाने का प्रयास करेंगे। इस दौरान विधायक ने गांधीनगर व बोकारो , झरिया ओपी थाना का भी निरीक्षण कर जिर्णोद्धार की बात कही। इस दौरान बेरमो डीएसपी वशिष्ठ नारायण सिंह, डीएसपी मुख्यालय अनिमेश गुप्ता, बेरमो थाना प्रभारी इंस्पेक्टर रोहीत कुमार सिंह, एसोसिएशन के अध्यक्ष सुनील उरांव, सचिव अनिल सिंह, कोषाध्यक्ष भीमसेन प्रसाद, उपाध्यक्ष मनोज कुमार दास, उपाध्यक्ष नौशाद अली आदि मौजूद थे।

कार्यालय जिला परिषद्, चतरा।

(अतिअल्पकालिक ई0निविदा आमंत्रण सूचना)

ई–निविदा सूचना संख्या – 20/2024-25

1. कार्य की विस्तृत विवरणीः 608/D 05.10.2024 (15th F.C)

| क्र. | प्रखण्ड | योजना | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 01 | चतरा | प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र उटॉ का निर्माण। | 1,43,00,000.00 | 10,000.00 | 2,87,000.00 | 09 माह |

1. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 20/12/2024
2. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – 23.12.2024 से 31.12.2024 के अपराह्न 5:00 बजे तक
3. निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 02.01.2025 पूर्वाह्न 11:00 बजे।
4. सरकार द्वारा लिए गए निर्णय के आलोक में सभी कागजात के साथ निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि online Mode द्वारा स्वीकार्य होगा।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही संबंधित निविदाकार की होगी।
6. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता – जिला अभियंता जिला परिषद चतरा।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 9835777636
10. विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

जिला अभियंता,
जिला परिषद, चतरा।

PR 342050 District(24-25)D

ई० प्रोक्योरमेन्ट सेल, कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, लातेहार

ई- प्रोक्योरमेन्ट नोटिस (द्वितीय आमंत्रण)

ई–टेन्डर रेफरेन्स नं0–**22/2024-25/EE/BCD/LATEHAR** दिनांक– 16.12.2024

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू0) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|
| 2 | Construction of Model Storage Facilities for Seized Narcotics Drugs and Psychotropic Substances, Latehar | 68,86,600 /- | 06 (Six) Months |

1. वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि :– 23/12/2024 को 11:00 बजे
2. बिड प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि/समय :– 30/12/2024 को 11:00 बजे
3. निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पताः– कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, लातेहार।
4. निविदा खोलने की तिथि/समय एवं स्थान :– 31/12/2024 को 11:30 बजे नोडल पदाधिकारी, ई0 प्रोक्योरमेन्ट सेल, अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल सं0–02, राँची।
5. प्रोक्योरमेन्ट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या :– 9431501121
6. ई–प्रोक्योरमेन्ट सेल का हेल्पलाईन संख्या :– 8434414939
7. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
8. सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई–गवर्नेस विभाग, झारखण्ड सरकार के आदेश ज्ञापांक 120 दिनांक 03.10.2023 के द्वारा निर्गत SOP (मानक संचालन प्रक्रिया) एवं भवन निर्माण विभाग, झारखण्ड सरकार के पत्रांक 2229 दिनांक 06.10.2023 के आलोक में निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, SOP के तहत् अग्रधन की राशि उसी खाते में वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सम्पूर्ण जवाबदेही निविदादाता की होगी।

- अन्य किसी भी प्रकार के बदलाव की सूचना http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

**Note :-** UCAN Registration in mandatory for the Bidders.

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, लातेहार

PR 342107 Building (24-25)_D

# अब सीसीएल को भी बर्बाद करने की तैयारी में है केंद्र की भाजपा सरकार : एके झा

**साल 2025 के जून महीने तक भाजपा सरकार ने इसे आइपीओ बाजार में लाने की सारी योजना बना ली है।**

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन के महामंत्री एके झा और कार्यकारी अध्यक्ष ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह ने संयुक्त रूप से प्रेस ब्यान जारी कर कहा कि देश की महारत्न कंपनी कोल इंडिया दुनिया में एक प्रतिष्ठित कंपनी है। इसने 50 वर्ष में कोयला उत्पादन का रिकॉर्ड 775 मिलियन टन पहुंचा दिया है। लेकिन भाजपा सरकार की नीति के कारण इस कंपनी में बहाली के सारे दरवाजे बंद कर दिए हैं। स्थाई मजदूर लगातार घटते जा रहे हैं। आउटसोर्सिंग कंपनियों का दबदबा बढ़ता जा रहा है।

भारत कोकिंग कोल लिमिटेड सहित कई कंपनियों की अपार भूमि संपदा को इन आउटसोर्स कंपनी के लोग जबरन दखल कर रहे हैं। एके झा ने कहा कि केंद्र की वर्तमान भाजपा सरकार ने बीसीसीएल और सीएमपीडीआईएल के आइपीओ के लिए प्रक्रिया तेज कर दी है। कंपनी के मूल्यांकन की दिशा में तेजी से काम शुरू है।

जानकारी मिली है कि जनवरी के प्रथम सप्ताह में बैंकर और बुक रनिंग लीड मैनेजर की नियुक्ति की प्रक्रिया सरकार पूरा कर लेगी। कोल इंडिया में पूंजीपतियों की भूमिका बढ़ती जा रही है। बहुत जल्दी शेयर बाजार में बीसीसीएल और सीएमपीडीआईएल, दोनों कंपनी की लिस्टिंग हो जाएगी। साल 2025 के जून महीने तक भाजपा सरकार ने इसे आइपीओ बाजार में लाने की सारी योजना बना ली है। इसके साथ ही बीसीसीएल, सीएमपीडीआईएल के बाद कोल इंडिया लिमिटेड की तीसरी कंपनी सीसीएल पर भीखतरा मंडरा रहा है। जानकारी के अनुसार कोयला और खान संसदीय स्थाई समिति की बैठक 17 दिसंबर को दिल्ली में हुई थी, जिसमें राज्यसभा और लोकसभा के 31 सदस्य हैं। इस बैठक में कोल इंडिया की तीसरी कंपनी को हरी झंडी दिलाने का जोरदार प्रयास भाजपा सरकार कर रही है।

# जाजपुर क्योंझर रोड और कोराई हॉल्ट के बीच मात्र सात घंटे में सबवे निर्माण



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** व्यस्त हावड़ा-चेन्नई मुख्य लाइन में जाजपुर क्योंझर रोड और कोराई हॉल्ट के बीच सीमित ऊंचाई सबवे (एलएचएस) के तेज और कुशल निर्माण के साथ महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे का विकास देखा गया है। केवल सात घंटों में पूरी हुई, ईस्ट कोस्ट रेलवे द्वारा शुरू की गयी इस परियोजना ने न केवल रेल-सड़क कनेक्टिविटी को बढ़ाया है, बल्कि यात्रियों के लिए लंबे समय से चली आ रही चुनौतियों को भी कम किया है। नया एलएचएस एक महत्वपूर्ण सार्वजनिक मांग का सीधा जवाब है। वर्षों तक, यात्रियों को लेवल क्रॉसिंग (एलसी) गेट पर निराशाजनक देरी का सामना करना पड़ा, क्योंकि कई ट्रेनें व्यस्त इलाके से गुजरती थीं। लंबे समय तक इंतजार करने से सड़क यातायात बाधित हुआ और स्थानीय समुदाय को असुविधा हुई। इन मुद्दों को ध्यान में रखते हुए, ईस्ट कोस्ट रेलवे ने सुचारू सड़क और रेल यातायात सुनिश्चित करने के लिए एक स्थायी समाधान के रूप में एलएचएस निर्माण कार्य शुरू किया।

**सात घंटे की चुनौती :** निर्माण टीम द्वारा एलएचएस को केवल सात घंटों में सफलतापूर्वक पूरा करना एक इंजीनियरिंग उपलब्धि का प्रतीक है। परियोजना को सावधानीपूर्वक योजना और अत्याधुनिक मशीनरी के साथ क्रियान्वित किया गया। बॉक्स-पुशिंग पद्धति का उपयोग करते हुए टीम ने रेल सेवाओं में व्यवधान को कम किया, व्यस्त कार्यक्रम को पूरा करने के लिए ट्रेन की आवाजाही को केवल कुछ समय के लिए निलंबित कर दिया गया। एलएचएस के पूरा होने से रेल और सड़क यातायात दोनों पर परिवर्तनकारी प्रभाव पड़ा है। एलसी गेट के खत्म होने से, ट्रेन संचालन अब निर्बाध और सुरक्षित हो गया है, क्योंकि गेट बंद होने के कारण अब कोई देरी नहीं होती है। स्थानीय यात्री अब लेवल क्रॉसिंग पर इंतजार किये बिना रेलवे लाइन के नीचे से आसानी से गुजर सकते हैं, जिससे तेज और अधिक कुशल यात्रा सुनिश्चित होगी।

**जनता का आभार :** एलएचएस परियोजना को व्यापक सार्वजनिक सराहना मिली है। स्थानीय लोगों ने बुनियादी ढांचे के उन्नयन के माध्यम से दैनिक जीवन में सुधार के लिए ईस्ट कोस्ट रेलवे की प्रतिबद्धता को स्वीकार करते हुए उनकी मांग के समय पर पूरा होने पर राहत व्यक्त की है। यह परियोजना सिर्फ एक अंडरपास से कहीं अधिक है - यह इस बात का प्रतीक है कि कैसे समुदाय-केंद्रित योजना और आधुनिक इंजीनियरिंग स्थानीय परिदृश्य को बदल सकती है। सार्वजनिक सेवा के प्रति ईस्ट कोस्ट रेलवे का समर्पण इस तीव्र और प्रभावशाली परियोजना में स्पष्ट है। जाजपुर क्योंझर रोड पर एलएचएस न केवल एक महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे की उपलब्धि है, बल्कि सभी के लिए आसान और अधिक कुशल यात्रा का वादा भी पूरा हुआ है।

# किट इंटरनेशनल स्कूल ने (एसइएन) सेन ग्लोब का दसवां स्थापना दिवस मनाया



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** किट इंटरनेशनल स्कूल ने (एसइएन) सेन ग्लोब का 10वां स्थापना दिवस मनाया। इसमें ओड़िशा विधानसभा के अध्यक्ष सुरमा पाढ़ी और किट और किस के संस्थापक डॉ अच्युत सामंत सहित प्रमुख गणमान्य व्यक्तियों के भावनात्मक और प्रेरक भाषण हुए।

मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए अध्यक्ष ने सेन ग्लोब की अनूठी पहल की सराहना की। उन्होंने विशेष बच्चों के माता-पिता से आग्रह किया कि वे आशा न खोयें, बल्कि अपनी भूमिका को एक नेक कार्य के अवसर के रूप में देखें। व्यावसायिक प्रशिक्षण के महत्व पर जोर देते हुए उन्होंने ऑस्ट्रेलिया की यात्रा के दौरान अपनी टिप्पणियों को साझा किया। कहा कि वहां स्कूल विशेष बच्चों को खिलौना बनाने जैसे कौशल के माध्यम से सशक्त बनाते हैं। उन्होंने शिक्षकों और चिकित्सकों से अत्यंत समर्पण के साथ अपने प्रयास जारी रखने का आह्वान किया और रेखांकित किया कि ये बच्चे भी राष्ट्र-निर्माता हैं।

पाढ़ी ने विशेष बच्चों को भगवान की दिव्य रचना बताते हुए माता-पिता और शिक्षकों को निराश न होने, बल्कि इन चुनौतियों का उत्साह और समझ के साथ सामना करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि अगर हम इन बच्चों को जीवन कौशल और व्यावसायिक शिक्षा से लैस करें, तो वे आत्मनिर्भर बन सकते हैं और समाज में सार्थक योगदान दे सकते हैं। डॉ सामंत ने इस बात पर जोर दिया कि विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को दूसरों के साथ रहने का समान अधिकार है और देश में मुख्यधारा के स्कूल में एकीकृत एकमात्र कार्यक्रम के रूप में सेन ग्लोब के अद्वितीय दृष्टिकोण पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि यहां, विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को नियमित छात्रों के साथ, एक ही छत के नीचे, समान रूप से पढ़ाया जाता है। यह कोई अलग पहल नहीं है। उन्होंने कहा कि किट इंटरनेशनल स्कूल को देश में शीर्ष 10 में स्थान दिया गया है। डॉ सामंत ने आगे बताया कि सेन ग्लोब के दस छात्र पहले ही किट विश्वविद्यालय में उच्च शिक्षा प्राप्त कर चुके हैं, जो कार्यक्रम की सफलता का उदाहरण है। उन्होंने अभिभावकों को आश्वासन दिया कि स्कूल कौशल शिक्षा पर अधिक ध्यान केंद्रित करेगा, जिससे विशेष आवश्यकता वाले बच्चे समाज में सार्थक योगदान दे सकेंगे। अध्यक्ष मोनालिसा बाल ने इस बात पर जोर दिया कि समावेशी शिक्षा सभी बच्चों में अपनेपन की भावना को बढ़ावा देती है। उनकी दृष्टि ने विशेष आवश्यकताओं वाले छात्रों को मुख्यधारा की शिक्षा में एकीकृत करने की आवश्यकता पर प्रकाश डालते हुए उत्सव का माहौल तैयार किया।

कार्यक्रम में किट और किस की अध्यक्ष सस्वती बल ने भी बच्चों का अभिवादन किया और विशेष बच्चों के भविष्य को आकार देने में उनके अनुकरणीय योगदान के लिए माता-पिता और शिक्षकों को शुभकामनाएं दीं।

स्कूल के प्रधानाचार्य संजय सुआर ने समग्र शिक्षा के प्रति स्कूल की प्रतिबद्धता दोहरायी। इस कार्यक्रम में उत्कल और दिल्ली विश्वविद्यालयों के पूर्व प्रोफेसर, प्रख्यात शिक्षाविदों प्रोफेसर यूएन दास और एसआइएसइआर के अनुसंधान सलाहकार प्रोफेसर हरेश मिश्रा को शिक्षा और अनुसंधान में उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया। एक महत्वपूर्ण आकर्षण में पहला अलंकरण समारोह आयोजित किया गया, जहां किट इंटरनेशनल स्कूल के नवनिर्वाचित हेड बॉय और हेड गर्ल को अध्यक्ष द्वारा बैज लगाये गये।

# एमसीएल ने सीएसआर कार्यक्रम सक्षम के तहत 500 दिव्यांगजनों को ई-रिक्शा दिया



आजाद सिपाही संवाददाता

**संबलपुर।** महानदी के प्रमुख सीएसआर कार्यक्रम सक्षम के तहत 500 ई-रिक्शा के प्रावधान के माध्यम से ओड़िशा के 30 जिलों के लगभग 500 दिव्यांगजनों (विकलांग व्यक्तियों) को स्वाबलंबी (आत्मनिर्भर) बनाया जा रहा है। कोलफील्ड्स लिमिटेड (एमसीएल) सामाजिक सुरक्षा और विकलांग व्यक्तियों के सशक्तिकरण विभाग, भारत सरकार के सहयोग से कार्यान्वयन एजेंसी के रूप में काम कर रही है।

ओड़िशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने आयोजित मेगा भीमा भोई भिन्नाक्ष्यम सामर्थ्य अभियान (बीबीएसए) शिविर में लाभार्थियों के बीच औपचारिक रूप से ई-रिक्शा वितरित किया। एमसीएल सीएमडी उदय अनंत काओले,और निदेशक (कार्मिक) केशव राव ने हरी झंडी दिखायी। इस समारोह में कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने राज्य में दिव्यांग व्यक्तियों के जीवन में सुधार लाने के उद्देश्य से ओड़िशा सरकार की पहल के समर्थन के लिए एमसीएल को धन्यवाद दिया। उन्होंने सीएसआर के तहत कंपनी के विशिष्ट योगदान के लिए एमसीएल के सीएमडी उदय अनंत काओले को भी सहायता प्रदान की।

एमसीएल के सीएमडी उदय अनंत काओले ने मीडियाकर्मियों के सवालों का जवाब देते हुए कहा कि एमसीएल में, हम समावेशी विकास को बढ़ावा देने वाले अवसर पैदा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हमें प्रधानमंत्री, कोयला मंत्रालय और ओड़िशा के मुख्यमंत्री के नेतृत्व वाले इस महत्वपूर्ण मिशन में योगदान करने पर गर्व है। सीएमडी ने कहा कि यह पहल ओड़िशा राज्य के सामाजिक और आर्थिक विकास और उत्थान में योगदान देने के हमारे चल रहे प्रयासों में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि मैं जन-केंद्रित पहलों पर उनके निरंतर मार्गदर्शन के लिए कोयला मंत्री और केंद्रीय शिक्षा मंत्री के प्रति आभार व्यक्त करता हूं, जिन्होंने संबलपुर से लोकसभा सदस्य के रूप में अटूट समर्थन प्रदान किया है।

सीएसआर परियोजना 'सक्षम' के बारे में सीएमडी ने कहा कि यह ओड़िशा में विकलांग व्यक्तियों के लिए सार्थक बदलाव लाने में हमारी प्रतिबद्धता का एक प्रमाण है। इस पहल के माध्यम से हमारा लक्ष्य दिव्यांगजनों को गतिशीलता और टिकाऊ आजीविका दोनों प्रदान करना है, जिससे वे सम्मान और स्वतंत्रता के साथ जीने में सक्षम हो सकें। ओड़िशा सरकार के सामाजिक सुरक्षा और विकलांग व्यक्तियों के सशक्तिकरण विभाग के साथ साझेदारी करके हम यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि यह परियोजना उन लोगों तक पहुंचे जिन्हें इसकी सबसे अधिक आवश्यकता है और उनके जीवन में स्थायी मूल्य पैदा करता है। एमसीएल के सीएसआर के तहत सक्षम परियोजना न केवल आर्थिक आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देती है, बल्कि अधिक सामाजिक समावेशन और सामुदायिक भागीदारी को भी प्रोत्साहित करती है।

# एसओए में ओड़िशा ओपन और 15वां अंतरराष्ट्रीय ग्रैंड मास्टर्स शतरंज महोत्सव



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** ओड़िशा ओपन और 15वां अंतरराष्ट्रीय ग्रैंडमास्टर्स शतरंज महोत्सव रविवार को यहां शिक्षा 'ओ' अनुसंधान डीम्ड यूनिवर्सिटी (एसओए) में शुरू हुआ। इसमें 20 देशों के लगभग 700 प्रतिभागी शीर्ष सम्मान के लिए प्रतिस्पर्धा कर रहे थे। टूर्नामेंट की शुरुआत आंध्र प्रदेश और छत्तीसगढ़ के पूर्व राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन ने की। विभिन्न आयु वर्ग के खिलाड़ियों की उत्साहपूर्ण भागीदारी पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए श्री हरिचंदन ने इसे एक भव्य आयोजन बताया।

आठ दिवसीय टूर्नामेंट का आयोजन ऑल ओड़िशा शतरंज एसोसिएशन (एओसीए) ने एसओए और एम्प्रेओ ग्रुप के सहयोग से किया है। कुल पुरस्कार राशि 40 लाख रुपये है। इस प्रतियोगिता में 1900 या उससे अधिक एलो रेटिंग वाले लगभग 120 खिलाड़ी श्रेणी-ए में प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं, जबकि 1900 से कम ईएलओ रेटिंग वाले खिलाड़ी श्रेणी-बी में सम्मान के लिए प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं। 1600 से कम एलो रेटिंग वाले खिलाड़ी श्रेणी-सी में प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं। श्रेणी-ए में कुल पुरस्कार राशि 25 लाख रुपये के शीर्ष पुरस्कार के साथ, 5.5 लाख श्रेणी-बी और श्रेणी-सी के लिए पुरस्कार राशि रुपये होगी। प्रत्येक को 7.5 लाख रुपये दिये जायेंगे।

उद्घाटन कार्यक्रम में विधायक श्रबाबू सिंह सम्मानित अतिथि के रूप में शामिल हुए। समारोह के दौरान जो लोग उपस्थित थे, उनमें टूर्नामेंट की आयोजन समिति के अध्यक्ष और एम्प्रेओ ग्रुप के प्रबंध निदेशक डॉ अविनाश सामल, आयोजन समिति के सह-अध्यक्ष और एसओए के डीन (छात्र कल्याण) प्रोफेसर ज्योति रंजन दास शामिल थे। इस मौके पर एओसीए के सचिव और टूर्नामेंट निदेशक देबब्रत भट्टा, एओसीए के कोषाध्यक्ष शंकर प्रसाद मिश्रा और एसओए की खेल अधिकारी सुनीता वर्मा उपस्थित थीं।

## पुरी जगन्नाथ मंदिर में सेवकों के बीच मारपीट

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** पुरी जगन्नाथ मंदिर में आज दोपहर सेवकों के बीच झगड़े के बाद तनाव की स्थिति पैदा हो गयी। इसमें एक सेवक गंभीर रूप से घायल हो गया, उसकी स्थिति गंभीर है। बताया जा रहा है कि यह झगड़ा 12वीं सदी के मंदिर बेहेराना द्वार के पास हुआ था।

# प्रत्येक पीएचसी में फिजियोथेरेपिस्ट की जरूरत है : प्रथिराज हरिचंदन



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** कानून, उत्पाद शुल्क और कार्य मंत्री प्रथिराज हरिचंदन ने कहा कि फिजियोथेरेपी विभिन्न बीमारियों के इलाज के एक प्रमुख घटक के रूप में उभरने के साथ ओड़िशा सरकार राज्य के प्रत्येक सार्वजनिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) में एक फिजियोथेरेपिस्ट की नियुक्ति पर विचार करेगी। एसओए विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री हरिचंदन ने शिक्षा 'ओ' अनुसंधान डीम्ड में प्रथम अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन के समापन समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि फिजियोथेरेपी उपचार का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बन गयी है और अब यह लोगों को इस प्रक्रिया से गुजरने के माध्यम से उपचार का विकल्प प्रदान करने वाले निवारक पुनर्वास पर केंद्रित है।

मंत्री ने कहा कि वृद्धावस्था देखभाल के लिए फिजियोथेरेपी की बहुत आवश्यकता है, क्योंकि आने वाले वर्षों में देश में वरिष्ठ नागरिकों की संख्या बढ़ने वाली है। उन्होंने कहा कि निवारक पुनर्वास के बारे में बेहतर जागरूकता की जरूरत है। यह इंगित करते हुए कि राज्य भर में लोग ब्रेन स्ट्रोक और अन्य बीमारियों से पीड़ित थे, जिन्हें कोविड के बाद चिकित्सा देखभाल की आवश्यकता थी, श्री हरिचंदन ने कहा कि लगभग हर गांव में 2-3 ऐसे मामले थे। उन्होंने कहा ति पीएचसी स्तर पर फिजियोथेरेपिस्ट की जरूरत है और मैं 2027 तक प्रत्येक पीएचसी में फिजियोथेरेपिस्ट के कम से कम एक स्वीकृत पद के सृजन के लिए स्वास्थ्य विभाग के साथ प्रयास करूंगा।

समापन कार्यक्रम को विधायक बाबू सिंह, इंडियन एसोसिएशन ऑफ फिजियोथेरेपी (आइएपी) के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ संजीव झा, आइएपी की महिला सेल की अध्यक्ष डॉ रुचि वार्ष्णेय, डीन (छात्र) प्रो ज्योति रंजन दास ने भी संबोधित किया। इस मौके पर एसओए के डॉ स्थितिप्रज्ञा डालाबेहेरा, फिजियोथेरेपी विभाग के प्रमुख, चिकित्सा विज्ञान संस्थान और एसयूएम अस्पताल और आयोजन समिति के अध्यक्ष और आइएपी की उत्कल इकाई के सचिव डॉ भुवनानंद पाणि मौजूद थे। दो दिवसीय सम्मेलन का आयोजन आइएमएस और एसयूएम अस्पताल के फिजियोथेरेपी विभाग, आइएपी की उत्कल इकाई और आइएपी की महिला सेल द्वारा संयुक्त रूप से किया गया था।



















आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**